दैनिक
# नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 रायपुर, मंगलवार 30 नवंबर 2021, कृष्ण पक्ष दशमी, विक्रम संवत-2077 वर्ष-10 अंक-283 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

## आज बेबाक

किसान नेता राकेश टिकैत कृषि विधेयक वापसी के बाद न घर के रहे न घाट के। किसानों का उनके प्रति मोह भंग हो रहा है। सरकार की सकारात्मक पहल ने आंदोलनरत् किसानों का सरकार के प्रति विश्वास बढ़ाया है लेकिन बेरोजगार होने के डर से राकेश टिकैत बौखला गए है। अब वे सरकार को धमकी दे रहे है कि उनसे बात ले वरना 26 जनवरी आने वाली है और किसानों के पास लाखों ट्रैक्टर है। सरकार को अपना दिमाग ठीक करने की नसीहत देने वाले राकेश टिकैत खुद अपना मानसिक संतुलन खो रहे है जिसे देखकर यही कह सकते है कि विनाशकाले विपरित बुद्धी।

**सूर्योदय**

उदय : 6:59 प्रात:

अस्त : 5:19 संध्या

**जनसंख्या**

विश्व : 7,909,985,015

भारत : 1,399,479,300

**बाजार**

सेंसेक्स : 57,260.58

निफ्टी : 17,053.95

गोल्ड : 47,100 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 62,700 प्रति किग्रा

अण्डा दर : 4.71 प्रति नग

**दिवस**

**वैज्ञानिक जगदीश चंद्र बोस की पुण्यतिथि** : डॉ. जगदीश चन्द्र बसु (बंगाली: जॉगोदीश चॉन्द्रो बोशु) का 30 नवंबर, 1858 को निधन हुआ। उन्हें भारत के प्रसिद्ध वैज्ञानिक थे जिन्हें भौतिकी, जीवविज्ञान, वनस्पतिविज्ञान तथा पुरातत्व का गहरा ज्ञान था। वे पहले वैज्ञानिक थे जिन्होंने रेडियो और सूक्ष्म तरंगों की प्रकाशिकी पर कार्य किया। वनस्पति विज्ञान में उन्होनें कई महत्वपूर्ण खोजें की। साथ ही वे भारत के पहले वैज्ञानिक शोधकर्त्ता थे। वे भारत के पहले वैज्ञानिक थे जिन्होंने एक अमरीकन पेटेंट प्राप्त किया। उन्हें रेडियो विज्ञान का पिता माना जाता है।

# धान खरीदी : टोकन के लिए भगदड़, 30 घायल, समिति प्रबंधक निलंबित

**बालोद/नवप्रदेश।** बालोद ब्लॉक के ग्राम पीपरछेड़ी में धान खरीदी के पहले टोकन कटवाने के लिए सोमवार को ऐसी भगदड़ मची कि 30 से ज्यादा लोग घायल हो गए। जिसमें अधिकतर महिलाएं हैं। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद देर शाम समिति प्रबंधक को निलंबित कर दिया गया। इस घटना के बाद किसानों ने भी जमकर हंगामा किया है। लगभग एक से डेढ़ घंटे तक समिति के

दफ्तर के सामने भी हंगामा हुआ। वहीं घायलों को गांव के अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जहां उनकी स्थिति फिलहाल ठीक है। एक महिला को प्राइवेट अस्पताल रेफर किया ■ शेष पृष्ठ 6 पर

## धान खरीदी के लिए प्रति किसान को तीन टोकन दिए जाने की व्यवस्था

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी 1 दिसंबर से शुरू होगा, जिसके लिए अब महज एक दिन ही शेष रह गए हैं। शासन ने सोमवार से सहकारी समितियों में किसानों को टोकन बांटना शुरू कर दिया है। शासन के आदेशानुसार सभी समितियों में लघु और सीमांत किसानों को टोकन देने में प्राथमिकता बरतने

खरीदी के लिए प्रति किसान को तीन टोकन दिए जाने की व्यवस्था की गई है। जिसके अनुसार किसान तीन बार धान बेच सकेगा। हालांकि ये नियम बीते वर्ष भी रखा गया था। छत्तीसगढ़ में 2058 समितियों के माध्यम 105 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य रखा गया है। खरीदी से पहले धान खरीदी केंद्रों में दो दिनों

निर्देश जारी किया गया है। लघु और सीमांत किसानों को टोकन दिए जाने के बाद ही दूसरे वर्ग के किसानों को टोकन वितरित किया जायेगा। धान का ट्रायल रन के साथ ही कंप्यूटर और धान खरीदी के सॉफ्टवेयर की जांच भी कर ली गई है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

# कृषि कानून वापसी बिल दोनों सदनों से पास

## शीतकालीन सत्र के पहले ही दिन संसद से तीनों कृषि कानून वापसी बिल पास

- विपक्ष के भारी हंगामे के बीच राज्यसभा से भी कृषि कानून निरसन विधेयक पास हो गया है
- बिल पर राष्ट्रपति की मुहर लगनी बाकी, कांग्रेस बोली- उपचुनाव के नतीजे देखकर लिया फैसला

**नई दिल्ली/वार्ता।** विपक्ष के भारी हंगामे के बीच राज्यसभा से भी कृषि कानून निरसन विधेयक पास हो गया है। इससे पहले लोकसभा में भी यह बिल पास हो चुका है। इस तरह शीतकालीन सत्र के पहले ही दिन संसद से तीनों कृषि कानून वापस ले लिए गए हैं जिनके विरोध में पिछले एक साल से दिल्ली की सीमाओं पर किसान आंदोलन हो रहा है। अब इसमें राष्ट्रपति की मुहर लगनी बाकी है।

सोमवार को संसद का शीतकालीन सत्र हंगामे के साथ शुरू हुआ। इसके बावजूद सरकार ने लोकसभा और राज्यसभा से तीन कृषि कानूनों को निरस्त कराने का विधेयक पारित करा लिया है। हालांकि ऐसा

### 'लोकसभा में चर्चा होनी चाहिए थी'

कांग्रेस सांसद मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, 'आज कृषि कानून निरसन विधेयक बिना चर्चा के लोकसभा में पास किया गया हम उसे सपोर्ट करते हैं लेकिन हम ये चाहते थे कि उस पर चर्चा हो कि क्यों इतनी देर हुई और दूसरे मुद्दे भी हैं जिन पर चर्चा हो, लेकिन उन्होंने (सरकार) टालने की कोशिश की। कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने लोकसभा में बिल पास होने के बाद कहा, 'एमएसपी लीगल गारंटी के साथ लागू की जाए। 35,000 किसानों को झूठे केसों में फंसाया गया उन्हें मुक्त कराने की मांग और आंदोलन के दौरान मृतक 700 किसानों को मुआवजा देने की मांग पर सदन में चर्चा के लिए मौका दिया जाना चाहिए था, लेकिन हमें सदन में बोलने नहीं दिया गया।'

विपक्ष की नारेबाजी के बिना नहीं हो सका। हंगामे के बीच दोनों सदनों में ध्वनिमत से विधेयक पारित कराए गए। स्पीकर ने लोकसभा को मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया है। इससे पहले लोकसभा में कृषि कानून वापसी बिल पास होने पर राकेश टिकैत ने कहा कि अब सरकार एमएसपी पर चर्चा करे। उन्होंने कहा कि अब 4 दिसंबर को आगे की कार्रवाई का फैसला करेंगे। उन्होंने कहा कि 'सरकार के साथ टकराव की कोई बात ही नहीं है। अभी सरकार है कहां?' टिकैत ने कहा कि सरकार अब दूसरे मुद्दों पर बात करे।

### संसद की गरिमा का भी रखा जाए ध्यान : पीएम

पीएम नरेंद्र मोदी ने सभी दलों से सदन में शांति पूर्वक सवाल जवाब करने की अपील की। पीएम नरेंद्र मोदी ने मीडिया से चर्चा के दौरान कहा कि सरकार सभी मुद्दे पर खुली चर्चा के लिए तैयार है। उन्होंने सदन में देशहित और राष्ट्रहित पर चर्चा की बात कहते हुए कहा कि संसद में सवाल भी हो और शांति भी होनी चाहिए। विरोधी दलों से सदन को सुचारू रूप से चलने देने की अपील करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार के खिलाफजितनी आवाज बुलंद करनी चाहिए, विरोधी दल करें लेकिन इसके साथ ही उन्होंने सभी से संसद की गरिमा का भी ध्यान रखने की अपील की। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है और इसे लेकर देश भर में कई तरह के कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है। उन्होंने संसद के इस सत्र को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि हम चाहेंगे कि ये सत्र और आगे आने वाला सत्र भी आजादी के दीवानों की भावना के अनुकूल चले।

### कांग्रेस का आरोप-उपचुनाव के नतीजे देखकर लिया फैसला

लोकसभा के बाद केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने राज्यसभा में कृषि कानून निरसन विधेयक पेश किया था। सदन में कांग्रेस के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने अपनी बात रखी थी। राज्यसभा में खड़गे ने कहा कि केंद्र सरकार ने उपचुनाव के नतीजे देखने के बाद कृषि कानून वापस लेने का फैसला किया। खड़गे ने कहा कि आगे पांच राज्यों में चुनाव है, इसलिए सरकार को लगा कि अड़े रहे तो कड़ा नुकसान हो सकता है। कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने इसके जवाब में कहा कि 'हम किसानों को समझाने में सफल नहीं हुए इसलिए प्रधानमंत्री ने ऐतिहासिक बड़प्पन का परिचय दिया।'

### एमएसपी लिए बिना नहीं हटेंगे किसान

*कृषि कानूनों की वापसी कर केंद्र सरकार ने किसानों के पक्ष में एक कदम बढ़ाया है। इसके बावजूद आज भी गाजीपुर बॉर्डर पर भारतीय किसान यूनियन के आंदोलनकारियों ने घर वापसी से इनकार कर दिया है। किसान नेता राकेश टिकैत ने मीडिया से बात करते हुए कहा, सरकार के द्वारा एमएसपी पर कोई बात न करना यानी इससे बचते हुए दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि किसान एमएसपी समेत तमाम अन्य मुद्दों पर किसी चर्चा के बिना आंदोलन से नहीं हटेगी। टिकैत ने कहा कि लोकसभा और राज्यसभा से तीन कानूनों की वापसी के बिल पारित होने को हम उन 750 किसानों को समर्पित करते हैं, जो आंदोलन करते हुए शहीद हो गए।*

# फूलो-छाया समेत 12 सांसद पूरे सत्र के लिए निलंबित

- पिछले सत्र में राज्यसभा में किया था हंगामा
- किसान आंदोलन और कई अन्य मुद्दों को लेकर किया था हंगामा

**नई दिल्ली।** संसद के शीतकालीन सत्र के पहले ही दिन विपक्ष के 12 सांसदों को राज्यसभा से निलंबित कर दिया। ये 12 सांसद पूरे सत्र में सदन लौट नहीं पाएंगे। ये वही सांसद हैं जिन्होंने पिछले सत्र में किसान आंदोलन एवं अन्य कई मुद्दों के बहाने संसद के उच्च सदन में खूब हंगाम मचाया था। उस दौरान इन सांसदों ने उप-सभापति हरिवंश पर कागज फेंका था और सदन के कर्मचारियों के सामने रखी टेबल पर चढ़ गए थे। इन सांसदों पर कार्रवाई की मांग की गई थी जिस पर राज्यसभा के सभापति एम. वेंकैया नायडू को फैसला लेना था। आज जब संसद सत्र फिर से शुरू हुआ तो सभापति एम. वेंकैया नायडू ने अपना फैसला सुना दिया। ध्यान रहे कि राज्यसभा में इन विपक्षी सांसदों का बेहद आपत्तिजनक व्यवहार का जिक्र करते हुए सभापति भावुक हो गए थे। इसलिए उम्मीद की जा रही थी कि सभापति इस संबंध में कोई कड़ा और बड़ा फैसला लेंगे।

**कांग्रेस के 6 सांसदों का निलंबन:** उन्होंने जिन सांसदों पर कड़ी कार्रवाई ■ शेष पृष्ठ 6 पर

## राहुल का मोदी पर निशाना, जब पीएम ने माना गलती से 700 लोग मारे गए, भरपाई तो करनी पड़ेगी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने संसद से कृषि कानून निरसन विधेयक, 2021 पारित होने पर खुशी जताई है। सोमवार को पत्रकारों से बातचीत में राहुल ने कहा कि 'हमें पता था कि 3-4 बड़े पूंजीपतियों की शक्ति हिंदुस्तान के किसानों के सामने खड़ी नहीं हो सकती।' उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि 'प्रधानमंत्री ने माफी मांगी,

इसका मतलब प्रधानमंत्री ने स्वीकार किया कि उनकी गलती के कारण 700 लोग मारे गए। उनकी गलती से आंदोलन हुआ। अगर उन्होंने गलती मानी है तो नुकसान की भरपाई तो करनी पड़ेगी।'

**'सरकार जानती है कि गलत काम किया है'**

केरल के वायनाड से सांसद राहुल ने कहा कि सरकार को पता है कि उनसे गलती हुई है। कांग्रेस नेता ने ■ शेष पृष्ठ 6 पर

## न्यूजीलैंड-भारत पहना टेस्ट मैच रहा ड्रा

**कानपुर।** न्यूजीलैंड के लिए अपना पहला टेस्ट खेल रहे रचिन रवींद्र, एजाज पटेल ने साहस और संयम का परिचय देते हुए अंतिम विकेट बचाकर भारत को जीत से वंचित कर दिया और पहला टेस्ट पांचवें और आखिरी दिन ड्रॉ पर छूटा.

जीत के लिए 284 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड टीम ने 9 विकेट पर 165 रन बनाए. भारत ने पहली पारी में 345 रन बनाए थे, जबकि दूसरी पारी सात विकेट पर 234 रनों पर घोषित की थी. न्यूजीलैंड की टीम पहली पारी में 296 रनों पर आउट हुई थी.

पांचवें और आखिरी दिन पहले सत्र में जहां कीवी बल्लेबाजों का दबदबा रहा तो दूसरे सत्र में भारत ने तीन विकेट लेकर वापसी की. रविचंद्रन अश्विन और रवींद्र जडेजा ने क्रमशः तीन और चार विकेट लेकर भारत की जीत लगभग तय कर ही दी थी, लेकिन रचिन और एजाज ने अंगद की तरह क्रीज पर पांव धरकर मेजबान के मंसूबों पर पानी फेर दिया. न्यूजीलैंड का नौवां विकेट 155 के स्कोर पर 90वें ओवर में गिरा और उसके बाद भी आठ ओवर खेले जाने बाकी थे. भारतीय कप्तान अजिंक्य रहाणे ने काफी आक्रामक फील्ड भी लगाई, लेकिन रचिन और एजाज ने आखिरी 52 गेंदें खेलकर मैच को ड्रॉ करवाने में सफलता हासिल की।

## ओमिक्रॉन वैरिएंट : डब्ल्यूएचओ ने चेताया- द. अफ्रीका में हो सकता है विस्फोट

**जिनेवा जोहांसबर्ग/वार्ता।** बीते कुछ महीनों से दुनिया भर में कोरोना से मिली राहत के फिर एक बार खत्म होने का डर पैदा हो गया है। द. अफ्रीका में पहली बार पाए गए ओमिक्रॉन वैरिएंट के तेजी से पैर पसारने का खतरा है और इसके चलते भारत जैसे देशों में बड़ा संकट पैदा हो सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी इसे लेकर चेतावनी देते हुए कहा है कि इसका रिस्क बहुत हाई है और कुछ इलाकों में यह बेहद खतरनाक साबित हो सकता है। संयुक्त राष्ट्र की संस्था ने अपने 194 सदस्य देशों को दी सलाह में कहा कि वे वैक्सीनेशन के अभियान को तेज रखें। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि ओमिक्रॉन के बहुत ज्यादा म्यूटेंट्स हैं। इनमें से कुछ ऐसे हैं, जो बड़ा विस्फोट कर सकते हैं।

### नए केसों में होगी बढ़ोत्तरी

हालांकि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा कि ओमिक्रॉन के वैक्सीन से मिली इम्युनिटी को भी मात देने की आशंका को लेकर जांच करनी होगी। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि अगले कुछ सप्ताह में इस बारे में और डेटा सामने आएगा, इससे तस्वीर ज्यादा सही सामने आएगी। इस बीच महामारी विज्ञानियों का अनुमान है कि इस सप्ताह के अंत तक द.अफ्रीका में ओमिक्रॉन वैरिएंट के चलते हर दिन 10,000 तक नए केस मिल सकते हैं। दक्षिण अफ्रीका की आबादी को देखते हुए यह बड़ा आंकड़ा है। द. अफ्रीका के एक्सपर्ट डॉ. सलीम अब्दुल करीम ने कहा, 'हमारा अनुमान है कि इस ■ शेष पृष्ठ 6 पर

## बिटक्वाइन को करेंसी के रूप में मान्यता देने का कोई प्रस्ताव नहीं : सीतारमण

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को लोकसभा में अपने जवाब में कहा कि सरकार के पास देश में बिटक्वाइन को मुद्रा के रूप में मान्यता देने का कोई प्रस्ताव नहीं है। उन्होंने सदन को यह भी बताया कि सरकार बिटक्वाइन लेनदेन पर डेटा एकत्र नहीं करती है। क्या सरकार के पास देश में बिटक्वाइन को मुद्रा के रूप में मान्यता देने का कोई प्रस्ताव है के प्रश्न पर वित्त मंत्री ने कहा 'नहीं, सर'।

## परमबीर सिंह के खिलाफ एक्शन तेज, 15 हजार का जुर्माना लगा, सस्पेंशन की भी तैयारी

- 230 दिन बाद अपने ऑफिस भी गए परमबीर

**मुंबई/ए।** मुंबई के पूर्व पुलिस कमिश्नर परमबीर सिंह के खिलाफ महाराष्ट्र की उद्धव ठाकरे सरकार सख्त एक्शन की तैयारी कर रही है। सूत्रों ने बताया कि उन्हें सस्पेंड किया जा सकता है। महाराष्ट्र सरकार ने परमबीर सिंह पर देबाशीष चक्रवर्ती की रिपोर्ट को मंजूर कर लिया है। इस रिपोर्ट में परमबीर सिंह को सस्पेंड करने की सिफारिश की गई है। परमबीर सिंह

पर सेवा के नियमों का उल्लंघन करने का आरोप है। बताया जा रहा है कि उनके खिलाफएक हफ्ते में कोई बड़ा फैसला लिया जा सकता है। परमबीर सिंह लंबे समय से लापता चल रहे थे। आखिरी बार मई 2021 को उन्हें देखा गया था। इसके बाद महाराष्ट्र के गृह विभाग ने आईपीएस परमबीर सिंह के खिलाफ डिपार्टमेंटल इन्क्वायरी के आदेश दिए थे। एसीएस (प्लानिंग) देबाशीष चक्रवर्ती ने ये जांच की थी, जिसमें उन्हें ऑल इंडिया सर्विस रूल्स के नियमों के उल्लंघन करने का दोषी पाया गया है। परमबीर सिंह चांदीवाल आयोग के सामने भी पेश हुए। चांदीवाल आयोग ने परमबीर पर 15 हजार ■ शेष पृष्ठ 6 पर

**निकाय चुनाव** जिले में नगरीय निकायों के चुनाव, कांग्रेस चारों निगम में बेहतर स्थिति में

# गुटबाजी में विभक्त भाजपा क्या चुनौती पेश कर पाएगी?

प्रमोद अग्रवाल

**दुर्ग/नवप्रदेश।** दुर्ग जिले में चार नगरीय निकायों के चुनाव घोषित हो जाने के बाद जो स्थिति सामने आ रही है उसमें कांग्रेस चारों ही नगरीय निकायों में बेहतर स्थिति में दिखाई पड़ रही है। राज्य में सरकार में आने के बाद से कांग्रेस में एकजुटता बढ़ी है, वहीं भारतीय जनता पार्टी में गुटबाजी और नेतृत्व का संकट दोनों विद्यमान है। संगठन के लिहाज से दोनों ही बड़ी पार्टियों में दुर्ग और भिलाई को अलग-अलग जिलों में बांट रखा है। कांग्रेस जहां चारों ही

नगरीय निकायों में अपने कार्यकर्ताओं को सक्रिय कर चुकी है, वहीं भारतीय जनता पार्टी का अभी तक कहीं नामों निशान नजर नहीं आ रहा है। जिले में भारतीय जनता पार्टी चार गुटों में विभक्त है जिसका नेतृत्व क्रमशः प्रेमप्रकाश पाण्डेय, सरोज पाण्डेय, विद्यारतन भसीन और विजय बघेल करते है। पूरे संगठन पर सरोज पाण्डेय गुट का कब्जा है और परोक्ष रूप से सरोज पाण्डेय की जगह यह संगठन ■ शेष पृष्ठ 6 पर

### भजन के बहाने वोटों की भीख मांगती भाजपा...

नगरीय चुनाव की सुगबुगाहट और भाजपा संगठन के निष्क्रिय होने का लाभ उठाते हुए प्रेम प्रकाश पाण्डेय द्वारा निर्मित भाजपा के समानांतर रामजन्म उत्सव समिति द्वारा धर्मांतरण और हिन्दु जागरण एक पखवाड़े की यात्रा भिलाई के विभिन्न वार्डो में की गई। भिलाई में संप्रदायवाद नहीं के बराबर है क्यों कि लगभग पूरे देश के हर प्रांत के लोग यहां निवास करते है, उसके बावजूद इस यात्रा का उद्देश्य अपनी गुटीय ताकत को दिखाना और भारतीय जनता पार्टी पर दबाव बनाकर अपने गुट के ज्यादा प्रत्याशियों को नगरीय निकाय के चुनाव में प्रत्याशी बनवाने के लिए था। धर्म जागरण के नाम पर किए गए इस प्रयास में जिला भाजपा संगठन विधायक विद्यारतन भसीन, सांसद विजय बघेल आदि ने लगातार दूरी बनाएं रखी। हालांकि पखवाड़े के अंतिम दिन भूतपूर्व मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह और बीच में युवा मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री भगत ने जरूर इस में भाग लिया। इससे भिलाई में कितना हिन्दु जागरण हुआ यह तो समझ नहीं आया लेकिन प्रेम प्रकाश पाण्डेय गुट ने अपनी ताकत का एहसास जरूर कराया। उत्तर प्रदेश के चुनाव में प्रभारी बनने के बाद सरोज पाण्डेय लगातार क्षेत्र से बाहर है उनकी ओर से अभी तक इस यात्रा के समानांतर कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। अलबत्ता वैशाली नगर मंडल में भाजपा की बैठक में उनके भाई राकेश पाण्डेय ने जरूर अपनी ताकत का प्रदर्शन किया है और अपने पक्ष में जबर्दस्त नारेबाजी करवाई है।

## वरिष्ठ पत्रकार विनोद दुआ आईसीयू में भर्ती

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ पत्रकार विनोद दुआ की तबीयत बिगड़ने के बाद गंभीर हालत में आईसीयू में भर्ती कराया गया है। विनोद दुआ की बेटी और कॉमेडियन मलाइका दुआ ने सोमवार को कहा कि उनके पिता की हालत बेहद नाजुक है। इससे पहले कोरोना वायरस की दूसरी लहर के दौरान विनोद दुआ और उनकी पत्नी चिन्ना दुआ कोरोना संक्रमित हो गए थे। इसमें उनकी पत्नी की जान भी चली गई थी। मलाइका दुआ ने अपने इंस्टाग्राम पर पिता के बीमार होने की जानकारी देते हुए लिखा 'मेरे पापा की हालत काफी गंभीर है और वह आईसीयू में हैं। अप्रैल के बाद से ही उनकी सेहत लगातार बिगड़ती जा रही है।

## न्यूज गैलरी

### शहरवासियों के सहयोग से ही मिला सम्मान : आयुक्त

**दुर्ग (नव प्रदेश)।** नगर पालिक निगम स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 अब दुर्ग ह मैदान में आइस के तहत दुर्ग क्षेत्र की सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करने निगम आयुक्त हरेश मंडावी द्वारा वार्ड 51 में औचक निरीक्षण किया। निगम आयुक्त मंडावी सुबह 6 बजे से ही वार्ड 51 की साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करने पैदल पहुंच गए और पूरे वार्ड में भ्रमण किया। इस दौरान वार्ड के समस्त नालियों की साफ-सफाई, डोर टू डोर कचरा कलेक्शन, कचरा कलेक्शन गीला सूखा के अलावा सेनेटरी/ हजाडियस अपशिष्ट अलग-अलग लेने के लिए निर्देशित किया गया एवं जीवीपी पॉइंट हटाकर वहां सौंदर्यकरण कार्य कराने हेतु निर्देशित किया गया। साफ-सफाई एवं नालियों से निरन्तर मलबा निकलने और उठने पर के लिए कहा गया। आयुक्त ने कहा डोर टू डोर कचड़ा की उठाव और सूखा गीला कचरा को सुचारू रूप से अलग करने की डोर-टू-डोर कचरा संग्रह करने पर विस्तृत रूप से हो, साथ ही स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर प्रचार प्रसार करने और जनता में जागरूकता पैदा करने पर भी ध्यान देने की बात कही।

### बीएसपी के 5 शतरंज खिलाड़ियों का स्टील प्लांट स्पोर्ट्स बोर्ड टीम में हुआ चयन

**भिलाई (नव प्रदेश)।** 1 से 3 दिसम्बर तक विशाखापट्टनम स्टील प्लांट में आयोजित प्रतियोगिता एसपीएसबी इंटर स्टील प्लांट चेस चैम्पियनशिप 2021-22 में भाग लेने के लिए स्टील प्लांट स्पोर्टस बोर्ड टीम में भिलाई इस्पात संयंत्र के पांच शतरंज खिलाड़ियों का चयन हुआ है। इस स्टील प्लांट स्पोर्टस बोर्ड (एसपीएसबी) टीम में चयनित खिलाड़ियों में शिवशंकर शर्मा, दुर्गा बाबू, महेन्द्र चन्द्राकर, एमएसके सूरी, अंकित संकारनी और एसके भगत शामिल हैं। चयनित खिलाड़ियों को उपमहाप्रबंधक (क्रीडा, सांस्कृतिक एवं नगर सेवाएं) एसआर झाखर तथा संयंत्र के समस्त अधिकारियों व खिलाड़ियों ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

# पहली बार सरकारी सहायता से पाली मुर्गियां, फायदा हुआ तो कमाई के पैसे से खरीदी मुर्गियां

## वनराज प्रजाति की मुर्गियां पाली और 63 हजार रुपए कमा लिये

नव प्रदेश संवाददाता

**दुर्ग/नवप्रदेश।** पुरानी कहावत है कि किसी भूखे को मछली देने से अच्छा है उसे मछली पकड़ना सिखाना। एक बार मछली पकड़ना सीख लेने के बाद वो हमेशा के लिए आर्थिक रूप से अपने पैरों पर खड़ा हो जाता है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की महत्वाकांक्षी नरवा, गरुवा, घुरूवा, बाड़ी योजना के अंतर्गत गौठानों को इसी तर्ज पर स्वावलंबी बनाया जा रहा है। मतवारी का उदाहरण देखें, यहां जिला प्रशासन ने मुर्गी शेड का निर्माण कराया था। पशुधन विकास विभाग ने बैकयार्ड पोल्ट्री योजना के अंतर्गत मदद की। पहली बार महिलाओं ने वनराज प्रजाति की मुर्गियां पाली। दो महीने के भीतर मुर्गियां तैयार हो गईं और इन्हें बेचने पर 63 हजार रुपए का लाभ महिलाओं ने कमाया। उत्साहित महिलाओं ने इस बार पुनः 300 चूजे खरीदे हैं और इनका पालन कर रही हैं। उम्मीद है वनराज फि र अच्छी कीमतों में बिकेंगे। जिला पंचायत सीईओ अश्विनी देवांगन ने बताया कि कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने बैठक में पशुधन विकास विभाग के अधिकारियों को मुर्गी शेड विकसित करने के निर्देश दिये थे। उद्देश्य था कि पहली बार बैक यार्ड पोल्ट्री के तहत सहायता दी जाए और मनरेगा के अंतर्गत शेड बनाया जाये। लाभ होगा तो समूह दोबारा लाभ की रकम के कुछ हिस्से के साथ यह कार्य करेंगे। मतवारी में ऐसा ही हुआ। आराधना स्व-सहायता समूह की अध्यक्ष श्रीमती बसंत बाई ने बताया कि हम लोगों ने मुर्गियां गुंडरदेही में बेची और अच्छा लाभ कमाया। हमें गौठान में मुर्गी शेड मिला है। मुर्गियों की सिंकाई के लिए बिजली लगती है। हमें प्रशिक्षण दिया गया है कि किस प्रकार की गर्मी की जरूरत चूजों को होती है। मुर्गी शेड के साथ ही पंखे और बिजली की सुविधा हमें शासन द्वारा उपलब्ध कराई गई है। उपसंचालक पशुधन विकास विभाग डॉ. एमके चावला ने बताया कि प्रत्येक ब्लाक में प्रमुख गौठानों में ऐसे मुर्गी शेड आरंभ किये गये हैं, जिनके माध्यम से आजीविकामूलक गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा रहा है। सरपंच केसरी साहू ने बताया कि आराधना समूह के अच्छे अनुभव से गांव के अन्य समूह भी इस ओर प्रेरित हुए हैं।

देशी मुर्गियों के पालन से शुरूआत बेहतर- पशुधन विकास विभाग के सहायक शल्यज्ञ डॉ. सीपी मिश्रा ने बताया कि मुर्गी शेड से अच्छी कमाई हुई और इससे समूह की महिलाएं काफ ी उत्साहित हुईं।

हमने उन्हें वनराज प्रजाति की मुर्गियां पालने कहा था। इनकी इम्युनिटी अच्छी होती है और इनका लालन-पालन भी कठिन नहीं है।

### 178 गौठानों के लिए अब तक छह हजार क्विंटल का पैरादान हो चुका

**दुर्ग (नव प्रदेश)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की नरवा, गरुवा, घुरूवा, बाड़ी योजना अंतर्गत ग्रामीण आर्थिक विकास और आजीविका के केंद्र गौठान बनाये गये हैं। इन्हें बढ़ावा देने के लिए ग्रामीणजन भी तेजी से रुचि ले रहे हैं। जिले के लगभग 176 गौठानों के लिए ग्रामीणों ने अब कुल 6078 क्विंटल पैरादान किया जा चुका है। पैरादान निरंतर किया जा रहा है। पैरा को चारे के लिए सुरक्षित किये जाने की व्यवस्थित रूप से रखने कुछ स्थानों में बेलर मशीन की सहायता ली जा रही है। जिसकी मदद से बंडल बनाते हुए गौठान के लिए पैरा रखा गया है।

जिला पंचायत सीईओ अश्विनी देवांगन ने बताया कि गौठानों को आगे बढ़ाने पैरादान आवश्यक है। बीते वर्षों में भी ग्रामीणों ने स्वतःस्फूर्त योगदान दिया और इस बार भी तेजी से लोग इस महती अभियान में अंशदान कर रहे हैं। इस बात की गहरी खुशी है कि लोग स्वतः ही अपने गौठानों को बेहतर करने पैरादान कर रहे हैं। इसके लिए अधिकारी भी विशेष रूप से प्रयत्न कर रहे हैं। ग्रामीण चौपालों के माध्यम से वे ग्रामीणों को प्रेरित कर रहे हैं।

# गुजरात के राज्यपाल ने किया भिलाई इस्पात संयंत्र का दौरा

नव प्रदेश संवाददाता

**भिलाई।** राज्यपाल, गुजरात आचार्य देवव्रत ने 29 नवंबर, को सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र का दौरा किया एवं संयंत्र के वरिष्ठ अधिकारियों से भेंट की। वे आज सुबह इस्पात भवन पहुंचे जहां संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। ततपश्चात महामहिम राज्यपाल के समक्ष संयंत्र के निष्पादन पर एक प्रस्तुतिकरण दिया गया। उन्होंने भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ चर्चा की। प्रस्तुतिकरण के पश्चात महामहिम एवं उनका दल संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता के साथ सेफ्टी एक्सीलेंस सेंटर के लिए रवाना हुए। सेफ्टी एक्सीलेंस सेंटर में उन्हें संयंत्र की सुरक्षा नीतियों के बारे में जानकारी दी गई। अपने भिलाई प्रवास के दौरान उन्होंने संयंत्र के मॉडेक्स इकाइयों ब्लास्ट फर्नेस-8, स्टील मेल्टिंग शॉप-3 और यूनिवर्सल रेल मिल का भ्रमण किया। जहां उन्होंने हॉट मेटल, क्रूड इस्पात और विश्व की सबसे लंबी रेल के उत्पादन की प्रक्रिया को नजदीक से देखा। महामहिम राज्यपाल के साथ संयंत्र भ्रमण के दौरान सेल-बीएसपी के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता, ईडी (वर्क्स)

अंजनी कुमार और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

राज्यपाल गुजरात आचार्य देवव्रत ने 29 नवंबर को भिलाई निवास में 20 से अधिक बीएसपी स्कूल व डीएवी स्कूल के शिक्षकों व बच्चों से मुलाकात की। भिलाई निवास में लगभग 100 छात्र उपस्थित थे जिसमें डीएवी अंतागढ़, राजहरा, हिरी और नंदिनी के छात्र भी शामिल थे। माननीय राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने छात्रों के साथ बातचीत की तथा उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम के शिक्षा नीतियों के बारे में जानकारी दी। अपने माता-पिता और बड़ों का सम्मान करने तथा अपने कार्य के प्रति ईमानदार रहने का संदेश दिया।

आचार्य देवव्रत के भिलाई प्रवास पर उनके सम्मान में 28 नवम्बर, 2021 को इंदौर की प्रसिद्ध गायिका श्रीमती कल्पना झोकरकर और संयंत्र के क्रीडा, सांस्कृतिक समूह एवं नगर सेवाएं विभाग के कलाकारों और इस्पात नगरी के चुनिंदा कलाकारों द्वारा भारतीय शास्त्रीय संगीत का प्रदर्शन व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भिलाई निवास में किया गया।


### न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र- //अ-20 (1)/ वर्ष 2021 -22

आवेदिका सीमा सोनी पति प्रकाश चंद सोनी निवासी शिवपारा दुर्ग मोहल्ला शिवपारा नजूर शीट क्रमांक 29 सी भूखण्ड क्रमांक 327/2 क्षेत्रफल 20.24 वर्गमीटर आवासीय/ व्यवसायिक भूखण्ड स्थाई नजूल पट्टे पर उन्हे प्राप्त है जिसकी पट्टा अवधि 31/3/2002 है। छ.ग. शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन मंत्रालय रायपुर के पत्र क्रमांक एफ 04-07/ 7-1/2019 दिनांक 11/9/2019 एवं 26/10/19 में जारी निर्देशों के अनुक्रम में धारक / पट्टेदार द्वारा शासन के शर्तो के अनुरूप उक्त भूखण्ड का भूमिस्वामी अधिकार प्रदान करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतएव् एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्तिया दावा हो प्रकरण की सुनवाई 10/12/21 या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या जिस भूखण्ड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावें। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 25.11.2021 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — नजूल अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय नायब तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)
**ईश्तहार**

मा.क्र- 202111101500012//ब/121 वर्ष 2020 -21

एतद् द्वारा सर्व साधरण एवं ग्राम अमेरी प.ह.नं. 15 तह. पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक बिसहत राम आ. स्व. फिरंता जाति सतनाती निवासी ग्राम अमेरी तह. पाटन द्वारा ग्राम अमेरी प.ह.नं. 15 तह. पाटन जिला दुर्ग स्थित अपने नाम पर दर्ज भूमि खसरा नं. 744 रकबा .065 हे. का मूल ऋणपुस्तिका गुम हो जाने से थाना रिपोर्ट नोड्यूज प्रमाण पत्र दस्तावेज सहित द्वितीय ऋणपुस्तिका प्रदाय किए जान हेतु आवेदन पर प्रकरण विचाराधीन है।

अतः आवेदक बिसहत राम आ. स्व. फिरंता जाति सतनाती निवासी ग्राम अमेरी तह. पाटन द्वारा प्रस्तुत आवेदन के आधार पर उपरोक्त भूमि का आवेदक को द्वितीय प्रति ऋणपुस्तिका प्रदाय किए जाने की कार्यवाही में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 08.12.2021 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 29.11.2021 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र202111103800007//अ-20(3)/ वर्ष 2020 -21

आवेदक एस.के. सरकार आ. स्व. बी.पी. सरकार निवासी एम.आई.जी 1/926 आमदी नगर हुडको भिलाई द्वारा आम मुख्यतयार श्रीमती तनुजा वर्मा की ओर से अधिवक्ता श्री शरद चंद्रगुप्ता द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि आमदी नगर हुडको भिलाई में स्थित भूमि खसरा नं. 1/2, 2/2 का टुकड़ा प्लाट नं. एम.आई.जी. 1/926 रकबा 150-00 वर्गमीटर भूखण्ड का 30 वर्षीय पट्टा धारक एस.के.सरकार आ. बी.बी. सरकार के नाम पर जारी है। धारक द्वारा उक्त भूखण्ड को अभिमन्यू वर्मा आ. जगन्नाथ वर्मा एवं श्रीमती तनूजा वर्मा पति अभिमन्यू वर्मा निवासी हाउसिंग बोर्ड औद्योगिक क्षेत्र भिलाई के पास रू. 46.50 लाख में विक्रय करने का इकरारनाम निष्पादित कर संपूर्ण रकम प्राप्त कर चुके है। आवेदक द्वारा उक्त भूखण्ड के विक्रय की अनुमति बाबत् आवेदन मय शपथ पत्र प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकारण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव् एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्तिया दावा हो प्रकरण की सुनवाई 13/12/21 या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 25.11.2021 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — नजूल अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय में मामला
क्रमांक: 202103101000137/202103101000137

विषयः अ-6 सन्- 2020-2021

**मामले की श्रेणी-राजस्व**

ढौर प.ह.न. 00017 (हे.)

पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार - श्रीमती सवली बाई साहू/ अनावेदक पक्षकार -

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती सवली बाई साहू पिता/पति/विभाग स्व. दुलुराम साहू पता केम्प-1 भिलाई द्वारा ग्राम ढौर प.ह.न 17 रा.नि.म जामुल तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि ख.न 1904/5 रकबा 0.025 हे. भूमि को रजिस्टर्ड बैनाम के माध्यम से विक्रेता श्री राजेन्द्र कुमार/बाबुलाल साव से क्रय किए जाने के आधार पर अपने नाम नामांतरण किए जाने बाबत आवेदन पत्र मय बैनामा की छाया प्रति प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त भूमि का नामांतरण किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को उजर दावा हो सुनवाई तिथि दिनांक 14.12.2021 तक या उसकेपूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा । यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 29.11.2021 को जारी किया जाता है।

अति. तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय में मामला
क्रमांक: 202111101000135/202111101000135

विषयः अ-6 सन्- 2020-2021

**मामले की श्रेणी-राजस्व**

कुरूद प.ह.न. 00050 (हे.)

पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार - महेन्द्र सिंह/ अनावेदक पक्षकार -

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक महेन्द्र सिंह पिता श्री लीला राम निवासी सेक्टर-6 भिलाई द्वारा ग्राम कुरूद प.ह.नं. 19 (अ) रा.नि.मं कोहका तह. व जिला दुर्ग स्थिति भूमि स्वामि हक की भूमि खसरा नं. 305/2 कुल रकबा 0.160 हे. में से रकबा 0.011 हे./1200 वर्गफीट भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर विक्रेता मुमजाज अहमद खान पिता स्व. साबिर खान से क्रय किया है कि नामांतरण किए जाने बाबत् आवेदन प्रत्र मय बैनामा की छाया प्रति प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को उजर दावा हो सुनवाई तिथि दिनांक 07.12.2021 तक या उसकेपूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा । यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 22.11.2021 को जारी किया जाता है।

अति. तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र- 202111104100031/अ-06/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक वैषण कोसरे आ. कैलाश एवं अन्य 10 निवासी क्रा. नं. 1815 ई. डब्ल्यू एस इंडिस्ट्रियल स्टेट नंदिनि रोड भिलाई तह दुर्ग विरूद्ध आम जनता ग्राम थनौद तह. व जिला दुर्ग के द्वारा आवेदन पेश किया है कि मौजा ग्राम थनौद तह. व जिला दुर्ग प.ह.नं. 28 खसरा नंबर 11, 919, 920/2824, 1243ब, 1594, 1661, रकबा 0.07, 0.07, 0.07, 0.09, 0.73 कुल रकबा 1.79 हे. दुर्ग स्थिति कृषि भूमि की राजस्व अभिलेख में राम जी कोसरे आ. कैलाश उर्फ मोहन कोसरे के नाम पर दर्ज है। जिनकी मृत्यु दिनांक 24/2/21 को हो चुकी है। जिसे मृतक खातेदार का नाम विलोपित कर उनके वारिसानों का नाम दर्ज किए जाने फौती नामांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 30.11.2021 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 09.11.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)
**उद्घोषणा-पत्र**

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक विनोद कुमार वर्मा पिता/पति भवाना शंकर वर्मा निवासी अनुष्का रेसिडेंसी जुनवानी तह. व जिला दुर्ग के द्वारा अपने हक की क्रयशुदा भूमि ग्राम जुनवानी प.ह.नं. 15/53 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नं. 60/35 रकबा 0.020 हे. मे से 24 वर्गफीट भूमि को दानपत्र के आधार पर दानकर्ता भवानी शंकर वर्मा पिता स्व. उमेद सिंह के नाम से पृथक कर आवेदक का नाम पटवारी अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन पेश किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 15.12.2021 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 25.11.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि नारायण सिंह पिता/पति स्व. श्यामलाल साहू निवासी मासाभाट मौजा मासाभाट प.ह.नं. 34 रा.नि.मं. अण्डा तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 211, 279, 288, 369, 213, 294, 3/1 रकबा 0.2400, 0.0800, 0.1500, 0.4500, 0.5100, 0.0500, 0.6900 हे. श्यामलाल साहू के नाम पर दर्ज है। भूमिस्वामी दिनांक 07/07/21 की मृत्यु हो जाने के कारण वारिसानों का नाम दर्ज करने आवेदन पेश किया गया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 13.12.2021 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 24.11.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती सविता सिंह पिता/पति श्री अंजनी सिंह निवासी हरि नगर कातुलबोड दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कातुलबोर्ड तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 7/51 रकबा 1740 वर्गफीट भूमि को विक्रेता बद्री नारायण देवांगन वगै. पित/पति कैलाशनाथ निवासी बिम्लेश्वरी कालोनी दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 08.09.2021 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 6.12.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 18.11.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.)
**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र./अ-2/ 2020/21

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती गीता चावड़ा पिता/पति श्री भूपेन्द्र चावड़ा निवासी ग्राम बठेना तह. पाटन जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम/शहर जंजगीरी प.ह.न. 49 में स्थित भूमि खसरा नंबर 300/54 रकबा 0.018 हें/ 2000 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 18.11.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, धमधा जिला, दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.)
**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र./अ-2/ 2020/21

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक कमलेश टॉक आ. शिवलाल टॉक चिरमरी जिला कोरिया के द्वारा ग्राम/शहर जंजगीरी प.ह.न. 49 में स्थित भूमि खसरा नंबर 300/20 रकबा 0.022 हें/ 2400 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 18.11.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, धमधा जिला, दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.)
**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र./अ-2/ 2020/21

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक रूपेश कुमाल सुल्तान पिता शिवनारायण सुल्तान निवासी कुम्हारी तह. धमधा जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम/शहर खपरी प.ह.न. 51 में स्थित भूमि खसरा नंबर 422/7 रकबा 0.014 हें/ 1460 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 18.11.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, धमधा जिला, दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सिल्पी रीनी मार्टिन पिता सीरील कुमार सेन्दुर निवासी ग्राम बोरसी दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम बोरसी तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 201/3 रकबा 0.022 हे. भूमि को हकत्यागकर्ता रोज मेरी सेन्दुर वगै. पति स्व. सीरील कुमार निवासी ग्राम बोरसी तह. दुर्ग जिला दुर्ग से रजिस्टर्ड हकत्याग दिनांक 18.11.2021 को प्राप्त किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड हकत्याग के आधार पर स्वयं के नाम पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 13.12.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 26.11.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती जागृति साहू पति प्रमोद साहू निवासी ग्राम शंकर नगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 712/18 का टु. रकबा 1600 वर्गफीट भूमि को विक्रेता कंवल लाल साहू पिता खोरबाहरा साहू निवासी ग्राम रिसाली भिलाई से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 16.11.2021 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 09.12.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 25.11.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका मालती बाई निषाद पिता/पति राम भरोसा निषाद निवासी ग्राम नयापारा दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 29/5 रकबा 1000 वर्गफीट भूमि को विक्रेता रूखमणी पिता/पति मेघनाथ साहू निवासी ग्राम गयानगर दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 29.10.2021 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 10.12.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 24.11.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका यशोदा बाई यादव पति ईश्वर लाल यादव निवासी ग्राम कातुलबोर्ड तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 24/1 रकबा 1428 वर्गफीट भूमि को विक्रेता पंचवती पिता गनपत पटेल निवासी ग्राम मरारपारा दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 18.10.2021 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 10.12.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 24.11.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका बतसिया बाई पिता/पति दुखुराम ठाकुर निवासी ग्राम नयापारा दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 30/3 रकबा 900 वर्गफीट भूमि को विक्रेता संतोष कुमार जायसवाल वगै. पिता शिवशंकर जायसवाल निवासी ग्राम नयापारा दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 18.10.2021 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 10.12.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 24.11.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक तामेश्वर सिन्हा पिता पंचराम सिन्हा निवासी ग्राम नयापारा दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 29/87 रकबा 0.0100 हे. भूमि को विक्रेता मोहम्मद जुनैद रिजवी पिता/पति अब्दुल जब्बार रिजवी निवासी ग्राम मोतित तालाब पारा जगदलपुर से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 11.11.2021 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 10.12.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 24.11.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका अनिला बाई ठाकुर पति रामजी ठाकुर निवासी ग्राम कैलाश नगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 30/3 रकबा 900 वर्गफीट हे. भूमि को विक्रेता संतोष कुमार जायसवाल वगै. पिता शिव शंकर जायसवाल निवासी ग्राम नयापारा दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 18.10.2021 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 10.12.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 24.11.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका भूनेश्वरी देवदास पति कमलेश देवदास निवासी ग्राम नयापारा चौक दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 30/3 रकबा 1125 वर्गफीट हे. भूमि को विक्रेता संतोष कुमार जायसवाल वगै. पिता शिव शंकर जायसवाल निवासी ग्राम नयापारा दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 30.10.2021 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 10.12.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 24.11.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक देवी पटेल पिता स्व. गोकुल पटेल निवासी ग्राम गोडपारा दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 932/12 (933/11) रकबा 0.004 हे. भूमि को दानदाता खोदूराम अन्य 2 पिता स्व. माधोराम निवासी ग्राम गोडपारा दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 05.10.2021 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 10.12.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 25.11.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सूर्य नारायण साहू पिता/पति स्व. भेपमणी साहू निवासी ग्राम गयानगर तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 750/1 शामिल 750/2 रकबा 0.071 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार / वसीयतकर्ता राधा बाई साहू के द्वारा आवेदक के पक्ष में दिनांक 06/06/16 को पंजीकृत/अपंजीकृत वसीयतनामा निष्पादित किया गया है। वसीयतकर्ता की मृत्यु हो जाने पर पंजीकृत/अपंजीकृत वसीयतनामा के अधार पर आवेदक का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 10.12.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 25.11.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.)
**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र./अ-2/ 2020/21

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक चंद्रेश टॉक पिता आ. शिवलाल टॉक चिरमरी जिला कोरिया के द्वारा ग्राम/शहर जंजगीरी प.ह.न. 49 में स्थित भूमि खसरा नंबर 300/19 रकबा 0.015 हें/ 1600 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 18.11.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, धमधा जिला, दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
**उद्घोषणा**

पंजी. नं. 202111100400256

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका सम्पा कोले आ. लखी कांत कोले निवासी विवेकानंद नगर नंदनी रोड भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 601/83 रकबा 0.0110 हें/ 1200 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 24.11.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

# झारखंड से छत्तीसगढ़ ला रहे 60 बोरी अवैध धान जप्त

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा के अनुरूप प्रदेश के किसानों से एक दिसम्बर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी प्रारंभ हो रही है। खाद्य मंत्री अमरजीत भगत ने विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर किसानों द्वारा सुगमतापूर्वक धान विक्रय के संबंध में सभी आवश्यक तैयारियां धान खरीदी के पहले पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

मंत्री भगत ने राज्य की सीमाओं पर चैक-पोस्ट लगाकर अवैध धान के परिवहन पर निगरानी रखने के भी निर्देश दिए हैं। झारखंड से जशपुर जिले की सीमा से छत्तीसगढ़ ला रहे 60 बोरी अवैध धान को जिला कलेक्टर के मार्गदर्शन में संयुक्त दल द्वारा परिवहन करते हुए जप्त किया गया है।

खाद्य मंत्री के निर्देश पर प्रदेश में अवैध धान परिवहन को रोकने के लिए सभी सीमावर्ती चैक-पोस्ट पर 24 घण्टे निगरानी की जा रही है। इसके अलावा कच्चे रास्तों एवं पगडंडियों पर भी नजर रखी जा रही है। राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा संवेदनशील क्षेत्रों, बिचौलियों, कोचियों पर भी विशेष निगरानी रखी जा रही है। अवैध धान के आवागमन पर रोक लगाने के लिए गोदामों का भौतिक सत्यापन करने सहित छापेमारी की कार्यवाही भी की जा रही है।

# छत्तीसगढ़ खादी तथा ग्रामोद्योग के नायब उत्पाद अब प्रधानमंत्री आवास के पास सुलभ

## संगवारी छत्तीसगढ़'' का शुभारंभ छत्तीसगढ़ खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी के द्वारा किया गया

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की नायाब कारीगरी को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री आवास के पास विक्रय हेतु सुलभ कराया गया हे। दिल्ली स्थित संतुष्टि शॉपिंग कॉम्प्लेक्स शॉप नंबर 35 न्यू विलिंगडन कैम्प लोक कल्याण मार्ग एयरफ र्स स्टेशन में विक्रय केन्द्र ''संगवारी छत्तीसगढ़'' का आज शुभारंभ छत्तीसगढ़ खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष श्रराजेंद्र तिवारी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्य सभा सांसद फूलो देवी नेताम, छत्तीसगढ़ खादी ओर ग्रामोद्योग बोर्ड की प्रबंध संचालक रेखा शुक्ला ओर दिल्ली नगर निगम की पार्षद यासमिन किदवई भी उपस्थित थी। तिवारी ने इस अवसर पर कहा कि विक्रय केंद्र के खुल जाने से छत्तीसगढ़ खादी तथा ग्रामोद्योग के उत्पाद अब दिल्लीवासियों को ओर सहजता से सुलभ होंगे।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड ने कोरोना काल की विषम परिस्थिति में भी ग्रामीण अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ीकरण में अपनी बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई है और ग्रामीणों की आजीविका का साधन बना है। श्रीमती शुक्ला ने बताया कि, छत्तीसगढ़ खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड ग्रामीण अंचलों में रोजगार के अवसरों का सृजन कर ग्रामीणों में आत्मनिर्भरता की भावना को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ बुनकरों और कारीगरों द्वारा तैयार किए गए उत्पादों का बेहतर बाजार उपलब्ध कराता है। इसी कड़ी में संगवारी छत्तीसगढ़'' नाम से यह विक्रय केंद्र देश की राजधानी में अपनी नई पहचान बनायेगा।

कारीगरों के उत्पाद होगे सुलभ- इस विक्रय केंद्र में छत्तीसगढ़ खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा खादी शूटिंग वस्त्र, खादी सर्टिंग वस्त्र, खादी गमछा, खादी जैकेट, खादी कुर्ता, खादी पजामा, खेस चादर, कोसा साड़ी, कोसा कुर्ती पीस, जुट पर्स और बांस की बनी सिनरी, मिट्टी के प्रिंटेड थाली सेट और हर्बल सामग्रियों का विक्रय किया जायेगा।

## न्यूज गैलरी

# संसद के शीतकालीन सत्र में पहुंची कोरबा सांसद

## संसद में कांग्रेस का प्रदर्शन

**रायपुर।** संसद के शीतलाकीन सत्र में कोरबा सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत ने अपनी मौजूदगी दर्ज कराते हुए कांग्रेस व सहयोगी दलों के द्वारा संसद के गांधी प्रतिमा के समक्ष प्रदर्शन में शामिल रही। कांग्रेस व सहयोगी दलों की मांग रही है कि न्यूनतम समर्थन मूल्य के लिए कानून लाने के साथ-साथ उन किसानों के परिवार को मुआवजा देने की मांग की गई है जिनकी मौत किसान आंदोलन के दौरान हुई है। साथ ही तीनों काले कृषि कानून की चर्चा संसद में कराने सहित अनेक जनहित मुद्दों को लेकर विपक्ष ने अपनी आवाज बुलंद की है। कांग्रेस सांसद ज्योत्सना महंत ने कहा कि एक ओर मोदी सरकार सभी मुद्दों पर संसद में विपक्ष के साथ चर्चा कराने की बात कहती है वहीं दूसरी ओर बिना कोई चर्चा कराए बिल पर निर्णय ले लेती है, यह सरकार के दोहरे मापदंड को प्रदर्शित करता है। संसद में हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान यूपीए की चेयर पर्सन सोनिया गांधी, सांसद राहुल गांधी, विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे, सांसद अधीर रंजन चौधरी, प्रताप सिंह बाजवा व मनीष तिवारी, बस्तर साँसद दीपक बैज, फूलों देवी नेताम, छाया वर्मा सहित अन्य नेता शामिल थे। कोरबा सांसद ज्योत्सना महंत ने कहा कि संसद के शीतकालीन सत्र में प्रदेश के अनेक महत्वपूर्ण मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जाएगा।

## कांग्रेस चुनाव समिति की बैठक आज

**रायपुर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिव डॉ. चंदन यादव, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम की उपस्थिति में 30 नवंबर 2021 मंगलवार को नगरीय निकाय चुनाव 2021 हेतु गठित प्रदेश चुनाव समिति की दोपहर 12 बजे राजीव भवन रायपुर में बैठक आयोजित की गयी है।

## शिवनाथ मोटर्स के कैशियर ने कंपनी को 18 लाख का लगाया चूना

**रायपुर ।** शिवनाथ मोटर्स के कैशियर अजय गुप्ता ने 18 लाख का चूना लगाया है। मोवा में संचालित कंपनी के संचालक ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। धारा 408 के तहत केस दर्ज कर पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है। जानकारी के मुताबिक मोवा स्थित शिवनाथ मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड में बलौदा बाजार निवासी अजय गुप्ता 2018 से कैशियर के पद पर कार्यरत था। कंपनी को इसके द्वारा रकम की हेराफेरी और राशि गबन करने के संबंध में जानकारी प्राप्त हुई। जब इससे पूछताछ की गई तो उसने बताया की नगद राशि जमा करने वाले ग्राहक से राशि लेकर यह रसीद काटता था एवं बाद में उस रसीद को निरस्त रिपोर्ट करता था। इस तरह आरोपी अजय गुप्ता ने कंपनी की कुल 18 लाख 34 हजार 550 रुपए गबन किए हैं। फिलहाल पंडरी थाना पुलिस ने शिवनाथ मोटर्स के प्रबंध संचालक की शिकायत पर आरोपी अजय गुप्ता के खिलाफ गबन का केस दर्ज कर लिया है। आरोपी वर्तमान में फरार है, उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने कई जगह छापेमारी की है, लेकिन वह नहीं मिला।

## देसहा यादव समाज की बैठक 5 दिसंबर को सभा भवन महादेव घाट में

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ देसहा यादव समाज की आगामी बैठक दिनांक 5 दिसंबर दिन रविवार को दोपहर 12 बजे देसहा यादव समाज सभा भवन महादेव घाट रायपुरा में रखा गया है। इस बैठक में समाज समस्त पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं समाज के गणमान्य नागरिक शामिल होकर सामाजिक सहभागिता का परिचायक बनेगे। बैठक में मुख्य रूप से सामाजिक परिचर्चा के साथ-साथ सामाजिक पदाधिकारी चुनाव के दिन तिथि की औपचारिक घोषणा की जायेगी।

# क्रेडाई प्रापर्टी एक्सपो - 2021 की तैयारियां हुई पूरी

## आयोजन 3 से 5 दिसंबर को इंडोर स्टेडियम में

**रायपुर।** क्रेडाई प्रापर्टी एक्सपो - 2021 की तैयारियां पूरी हो चुकी है। खुशी की बात यह है कि उम्मीद से ज्यादा बिल्डर्स व डेवलपर्स इसमें भाग ले रहे हैं। इसलिए पिछले सालों की तुलना में व्यवस्था को और अधिक दुरुस्त करते हुए एक्सपो की तैयारियां पूरी की गई है। चूंकि एक्सपो के शुरू होने में अब दो दिन ही शेष रह जायेंगे इसलिए स्टाल होल्डर्स अपने स्तर पर टीम के साथ प्रेजेंटेशन की तैयारी कर रहे हैं। 3 से 5 दिसंबर को इंडोर स्टेडियम बूढ़ापारा में प्रापर्टी एक्सपो का आयोजन किया गया है। यह स्थल रायपुर ही नहीं बल्कि अन्य शहरों से आने वाले लोगों के लिए भी परिचित व सुविधाजनक है। यहां का विशाल पार्किंग स्पेश सबसे अच्छी बात है। अब तक के मिले प्रतिसाद को लेकर लग रहा है कि आयोजक व भागीदार ही नहीं बल्कि बायर्स में भी काफी ज्यादा उत्सुकता है। एसबीआई और एचडीएफसी दो बैंकों की भी मुख्य रुप से प्रापर्टी एक्सपो में सहभागिता है। विशेष निर्देशित हैं सभी के लिए कि कोरोना गाइडलाइन के शासकीय नियमों का हर हाल में पालन करना है।

क्रेडाई प्रापर्टी एक्सपो-2021 के प्रोग्राम चेयरमेन संजय रहेजा एवं को-चेयरमेन अशोक मूंदड़ा ने बताया कि मान कर चलें मध्य भारत का यह सबसे बड़ा प्रापर्टी एक्सपो होगा जिसकी चर्चा छत्तीसगढ़ से बाहर के प्रांतों में भी हो रही है इसलिए यहां के बायर्स भी अपने निवेश के लिए रायपुर आने वाले हैं। क्रेडाई से राज्य में कार्य कर रहे हैं बिल्डर्स सदस्य के रुप में जुड़े हुए हैं और यहीं उनका भरोसा है। बायर्स भी इसीलिए पूरे विश्वास के साथ खरीदी करते हैं। रेसिडेंशियल हो या कमर्शियल एक जगह पर उन्हे चयन का अवसर सारे विकल्प के साथ मिलेंगे क्योकि हर क्षेत्र में प्रोजेक्ट पर कार्य कर रहे बिल्डर्स के स्टाल यहां उपलब्ध रहेंगे। खास बात यह भी है कि यदि प्रापर्टी पसंद आ गई है तो बायर्स को साइट विजिट भी कराया जायेगा। लोगों को इस बात की उम्मीद है कि अब कि बार और भी नए लोकेशन में, नई और बेहतर सुविधाओं के साथ प्रापर्टी खरीदने का मौका मिलेगा।

क्रेडाई प्रापर्टी एक्सपो में अधिकांश बिल्डर्स हिस्सा लेंगे। जिसकी वजह से बायर्स को हर बजट,हर लोकेशन और हर जरूरत के अनुसार फ्लैट, बंगले, मकान, विला, प्लाट व कमर्शियल ऑफिस खरीदने का अवसर मिलेगा। स्पॉट बुकिंग पर ढेरों ऑफर्स पाने का भी अवसर मिलेगा। ऑन स्पाट बुकिंग पर काफी सारे उपहार क्रेडाई की ओर से दिए जाते हैं। तीनों ही दिन दो-दो ड्रा निकाले जायेंगे। आखिरी दिन का छठवां ड्रा बंपर होगा। इसमें एक्टिवा,सोने के सिक्के व होम एम्पलायंसेस प्रोड्क्ट्स शामिल हैं। डेवलपर्स अपनी ओर से अलग आफर्स देते हैं। वर्तमान प्रापर्टी मार्केट के हिसाब से देखें तो खरीदी के लिए यह सबसे अच्छा समय है। ब्याज दर काफी नीचे हैं। किराये के मकान में रहने वाले लोग भी ईएमआई का समायोजन कर खरीदी कर सकते हैं। क्रेडाई प्रापर्टी एक्सपो-2021 में,प्रापर्टी लेने वालों को फाइनेंस की आसान सुविधा भी मिलेगी इसलिए कि होम लोन उपलब्ध कराने के लिए बैंकों के स्टाल भी यहां होंगे।

### एक्सपो में शामिल हैं बिल्डर्स-

अविनाश ग्रुप, आरती ग्रुप, वालफोर्ट बिल्डिंग होम, ऐश्वर्या ग्रुप, रहेजा ग्रुप, वीआईपी सिटी, रजत बिल्डेक, सिंघानिया बिल्डकॉन, आनंदम वर्ल्ड सिटी, पार्थिवी कंस्ट्रक्शन प्रालि, ऋषभ बिल्डर्स, शेफरान, जीटी ग्रुप, वर्धमान ग्रुप, मोशर्या इंफ्रास्ट्रक्रर, क्लासिक ग्रुप, हिमालया इंफ्राप्रोजेक्ट्स, व्हीजीआर रियल एस्टेट, गोल्फग्रीन्स, पायोनियर होम्स, भारद्वाज प्रमोटर्स एंड बिल्डर्स, वुड्स एस्टेट, मल्टी स्पोट्स सिटी, चैतन्य ग्रीन्स, बजाज टाउनशिप, शिवा बिल्डर्स प्रमोट्स, वीबीसी इंफ्रास्ट्रक्रर, ऐश्वर्यम विले, मोनिका बिल्डर्स एंड डेवलपर्स, मेट्रो पार्क, स्वास्तिक ग्रुप, कोरेंज, ड्रीम होम्स।

# होनहार छात्र योगेश साहू के लिए आईआईटी की पढ़ाई की राह हुई आसान

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सहृदयता से गरीब परिवार के होनहार छात्र योगेश साहू के लिए आईआईटी बाम्बे में पढ़ाई करना अब संभव हो पाएगा। बलौदाबाजार जिले के भाटापारा निवासी छात्र योगेश साहू ने जेईई एडवांस की परीक्षा वर्ष 2021 में ऑल इंडिया रैंक (ओबीसी) 241 प्राप्त किया है। उनका दाखिला आईआईटी बाम्बे में हो रहा है। योगेश साहू के पिता गयाराम साहू वाहन चालक हैं। उनकी मासिक आय लगभग 12 हजार रूपए है। योगेश साहू ने पिछले दिनों मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मुलाकात कर उन्हें अपने परिवार की आर्थिक स्थिति के बारे में जानकारी दी थी। योगेश ने बताया कि आईआईटी बाम्बे की फीस 4-5 लाख रूपए है, कमजोर आर्थिक स्थिति के कारण उनका परिवार यह भार वहन करने में सक्षम नहीं है। योगेश ने आईआईटी की पढ़ाई के लिए मुख्यमंत्री से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का आग्रह किया था। मुख्यमंत्री ने योगेश को पढ़ाई के लिए राज्य सरकार की ओर से हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया है। उन्होंने योगेश साहू को आईआईटी की पढ़ाई के लिए 4 लाख रूपए की राशि मंजूर की है। योगेश साहू ने मुख्यमंत्री को यह भी बताया कि सत्र 2018-19 में उन्होंने हाई स्कूल परीक्षा में 98 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रदेश की प्रावीण्य सूची में दूसरा स्थान प्राप्त किया था। मुख्यमंत्री ने योगेश साहू को उनकी इस सफलता के लिए बधाई दी और पढ़ाई के लिए हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। उन्होंने योगेश को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

**मुख्यमंत्री ने योगेश को आईआईटी की पढ़ाई के लिए 4 लाख रूपए की दी स्वीकृति**

# राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना : 4.41 लाख से ज्यादा आवेदन प्राप्त

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूरों को सहायता पहुंचाने के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना प्रारंभ की है। योजना का क्रियान्वयन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा किया जा रहा है। योजना के तहत 1 सितम्बर से 30 नवम्बर तक राज्य के सभी जिलों में ग्राम पंचायत स्तर पर आवेदन प्राप्त किए गए हैं। अब तक 4 लाख 41 हजार 658 से ज्यादा आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। प्राप्त आवेदनों के पंजीयन का कार्य जनपद स्तर पर किया जा रहा है। आवेदनों का परीक्षण क्षेत्र के तहसीलदारों द्वारा किया जा रहा है। 30 नवम्बर को आवेदन करने की अंतिम तारीख है। अतः हितग्राहियों से अनुराध किया गया है कि योजना का फायदा लेने के लिए अपने गांव की ग्राम पंचायत में आवेदन प्रस्तुत कर दें।

राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर योजना का प्रमुख उद्देश्य है कि ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि भूमिहीन परिवारों को पहचान कर उन्हें वार्षिक आधार पर आर्थिक अनुदान सहायता उपलब्ध कराना है। पात्र हितग्राहियों को सालाना 6 हजार रूपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी, जो हितग्राही के खाते में सीधे जमा करायी जाएगी। इस आर्थिक सहायता से हितग्राही की आमदनी बढ़ेगी और वह अपने परिवार की जरूरतों को पूरा कर सकेंगे। योजना का लाभ छत्तीसगढ़ के ऐसे मूल निवासियों को मिलेगा, जिन परिवारों के पास कृषि भूमि नहीं है, ऐसे परिवारों में चरवाहा, बढ़ई, लोहार, मोची, नाई, धोबी और पुरोहित जैसे पौनी-पसारी व्यवस्था से जुड़े परिवार, वनोपज संग्राहक तथा शासन द्वारा समय-समय पर नियत अन्य वर्ग भी पात्र होंगे, जिनके परिवार के पास कृषि भूमि नहीं है।

योजना के तहत प्राप्त होने वाले आवेदनों का परीक्षण कर पात्र हितग्राहियों की सूची तैयार कर ग्राम सभा में दावा आपत्ति प्राप्त करने हेतु रखा जाएगा। दावा आपत्ति के निराकरण के बाद पात्र हितग्राहियों की अंतिम सूची प्रकाशित की जाएगी।

# नगरीय निकाय चुनाव 2021 के लिए कांग्रेस चुनाव प्रचार-प्रसार समिति की घोषणा

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने एआईसीसी के छत्तीसगढ़ प्रभारी पी.एल. पुनिया, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सहमति से नगरीय निकाय चुनाव 2021के लिए कांग्रेस चुनाव प्रचार-प्रसार समिति की घोषणा की है। समिति में इस समिति के अध्यक्ष नगरीय निकाय मंत्री शिव डहरिया होंगे। मंत्री ताम्रध्वज साहू, मंत्री टीएस सिंहदेव, मंत्री रविन्द्र चौबे, मंत्री मोहम्मद अकबर, मंत्री प्रेमसाय सिंह, मंत्री कवासी लखमा, मंत्री अमरजीत भगत, मंत्री गुरु रुद्र कुमार, मंत्री अनिला भेड़िया, मंत्री उमेश पटेल, सांसद दीपक बैज, सांसद ज्योत्सना महंत, प्रदेश कांग्रेस के कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल, प्रभारी महामंत्री प्रशासन रवि घोष, प्रभारी महामंत्री संगठन चन्द्रशेखर शुक्ला, जिला प्रभारी दुर्ग गिरीश देवांगन, प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष फूलोदेवी नेताम, प्रदेश कांग्रेस सेवादल मुख्य संगठक अरुण ताम्रकार, प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष पूर्ण चन्द्र पाढ़ी, प्रदेश एन.एस.यु.आई. अध्यक्ष नीरज पांडे, विधायक सत्यनारायण शर्मा, विधायक देवेंद्र यादव, विधायक अम्बिका सिंहदेव, विधायक उत्तरी जांगड़े, विधायक खेलसाय सिंह, विधायक गुरुदयाल सिंह बंजारे, विधायक शिशुपाल सोरी, विधायक विक्रम शाह मंडावी, प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला, पूर्व विधायक दिलीप लहरिया, प्रदेश कांग्रेस लोक-कला, संस्कृति प्रकोष्ठ के अध्यक्ष दिलीप षाड़ंगी, पूर्व विधायक प्रत्याशी गोरे लाल बर्मन सदस्य है।

## शराब तस्करी करते आरोपी गिरफ्तार,भारी मात्रा में शराब जब्त

**रायपुर।** तिल्दा-नेवरा पुलिस ने शराब बेचते बाइक सवार को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के मुताबिक मुखबिर सूचना पर आरोपी बिशालिक राम जागड़े के कब्जा से घटनास्थल बैकुंठ रेल्वे पुल के पास से एक मोटर सायकल क्र. सीजी 04 एचके 0611 के डिक्की में गुलाबी रंग के थैला में रखा 40 पौवा देशी मदिरा मसाला शराब कुल मात्रा 7.200 मि.ली. कीमती करीब 4400 रू आरोपी बिशालिक राम जागड़े के कब्जा से जब्त किया गया है।

## कपड़े दुकान में लगी भीषण आग लाखों का माल जल कर खाक

**रायपुर।** एक कपड़े की दुकान में आग लगने की वजह से अफरा-तफरी मच गई। आग इस कदर भयावह थी कि करीब 8 फीट ऊंची लपटें उठने लगीं। टिकरापारा के फायर स्टेशन से एक गाड़ी के साथ रेस्क्यू टीम घटना स्थल अमलेश्वर चौक पहुंची। दुकान के बाहर मौजूद बिजली के खंभे के तारों में शॉट सर्किट हो रहा था। चिंगारियां सड़क पर गिर रही थीं। दुकान से निकलने वाली ऊंची लपटें ऊपर मौजूद तार को बेहद गर्म कर चुकी थीं। कुछ देर बार इलाके की बिजली बंद की गई। अंधेरे के बीच धधकती लपटों पर काबू पाने की कोशिश में फायर डिपार्टमेंट के लोग लगे रहे। करीब 1 घंटे तक चले रेस्क्यू के बाद आग पर काबू पाया गया।

# छत्तीसगढ़ी संस्कृति परिषद के लिए अशासकीय सदस्यों का मनोनयन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के घोषणा के अनुरूप संस्कृति विभाग के विभिन्न प्रभागों को एक अम्ब्रेला के नीचे लाने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ संस्कृति परिषद का गठन किया गया है। मुख्यमंत्री की अध्यक्ष में गठित छत्तीसगढ़ संस्कृति परिषद के लिए अशासकीय क्षेत्र के 15 सदस्यों का मनोनयन किया गया है। इस आशय का आदेश मंत्रालय, महानदी भवन नवा रायपुर स्थित संस्कृति विभाग द्वारा जारी कर दिया है। शासन द्वार जारी आदेश अनुसार नामांकित सदस्यों में राज्य के साहित्य और कला क्षेत्र से संबंधित व्यक्ति विजय गुप्ता अम्बिकापुर साहत्य के क्षेत्र से, भूपेश तिवारी कोण्डागांव आदिवासी लोककला के क्षेत्र से, सुसरिता वर्मा भिलाई चित्रकला-मूर्तिकला के क्षेत्र से, भूपेन्द्र साहू रायपुर नाट्यकला के क्षेत्र से, पदममममता चन्द्राकर, कुलपति इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ शास्त्रीय-लोक संगीत के क्षेत्र से कालीचरण यादव बिलासपुर और सुबसंती वैष्णव रायगढ़ नृत्य के क्षेत्र को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। इसी प्रकार कला साहित्य में रूचि रखने वाले छत्तीसगढ़ से भारतीय संसद में निर्वाचित सदस्य दीपक बैज सांसद बस्तर को भी सदस्य नामांकित किया गया है।

उल्लेखनीय है कि परिषद के अंतर्गत कुल 6 प्रभाग है, जिनमें साहित्य अकादमी में पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी पीठ श्रीकांत वर्मा पीठ और गुरूघासीदास शोध पीठ होंगे। साहित्य अकादमी के इन तीनों पीठों के अध्यक्ष भी परिषद के सदस्य होंगे। शेष अन्य 5 प्रभागों के सदस्य होंगे। साहित्य अकादमी के अध्यक्ष ईश्वर सिंह दोस्त, पिथौरा-भोपाल, पदुमलाल, पुन्नालाल बख्शी पीठ के ललित कुमार भिलाई, श्रीकांत वर्मा पीठ के रामकुमार तिवारी बिलासपुर, आदिवासी एवं लोककला अकादमी के अध्यक्ष नवल शुक्ल अम्बिकापुर, कला अकादमी के अध्यक्ष योगेन्द्र त्रिपाठी खैरागढ़-भिलाई तथा अध्यक्ष द्वारा मनोनित दो सदस्य विनोद वर्मा रायपुर और जयंत देशमुख रायपुर को भी परिषद का सदस्य मनोनित किया गया है। इन मनोनित सदस्यों का कार्यकाल दो वर्षों के लिए निर्धारित होगा।

**सुविधा** योजनाओं के पूरा होने से 5959 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी

# सिंचाई परियोजनाओं के लिए 73 करोड़ रूपए स्वीकृत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन ने विभिन्न सिंचाई परियोजनाओं के निर्माण एवं सुधार कार्यों के लिए 73 करोड़ 66 लाख 48 हजार रूपए स्वीकृत किए है। योजनाओं के पूरा होने से 5959 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी।

बेमेतरा जिले के विकासखण्ड साजा की डोटू व्यपवर्तन एल.बी.सी एवं आर.बी.सी लघु नहरों का रिमाडलिंग तथा लाईनिंग कार्य के लिए 37 करोड़ 18 लाख 56 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। योजना के पूरा होने से 4029 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। विकासखण्ड साजा की ठेलका व्यपवर्तन योजना शीर्ष कार्य, मुख्य एवं लघु नहरों का रिमाडलिंग तथा लाईनिंग कार्य के लिए तीन करोड़ 25 लाख 58 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। योजना के पूरा होने से 470 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। विकासखण्ड साजा की लुक व्यपवर्तन योजना के शीर्ष कार्य एवं नहरों का रिमाडलिंग तथा लाईनिंग कार्य के लिए एक करोड़ 19 लाख नौ हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। योजना पूरा होने से 288 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। विकासखण्ड साजा की गब्दी व्यपवर्तन योजना के बायीं तट नहर का रिमाडलिंग तथा लाईनिंग कार्य के लिए दो करोड़ 89 लाख 97 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। योजना पूरा होने से 260 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी।

विकासखण्ड बेरला की डोटू नाला पर हड़गांव-केचवई एनीकट कम रपटा निर्माण कार्य के लिए दो करोड़ 38 लाख 44 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। योजना के पूरा होने से 60 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। विकासखण्ड-साजा के अंतर्गत सोनपांडर तटबंध सुरक्षा कार्य के लिए दो करोड़ 41 लाख 85 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। विकासखण्ड साजा की सुरही नदी पर भोजेपारा तटबंध सुरक्षा कार्य के लिए एक करोड़ 55 लाख 50 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। विकासखण्ड साजा की सुरही नदी पर बुधवारा तटबंध सुरक्षा कार्य के लिए दो करोड़ 12 लाख 87 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। विकासखण्ड साजा के अंतर्गत मासुलगोंदी तटबंध सुरक्षा कार्य के लिए दो करोड़ 38 लाख 20 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। विकासखण्ड साजा की जामगांव जलाशय का जीर्णोद्धार एवं नहरों का रिमाडलिंग तथा लाईनिंग कार्य के लिए दो करोड़ 76 लाख 05 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

# संपादकीय

## कृषि कानूनों की वापसी

संसद में तीनों नए कृषि कानूनों की वापसी पर पहले दिन ही मुहर लग गई। लोकसभा और राज्यसभा दोनों में ही इन तीन नए कृषि कानूनों को रद्द करने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हो गया। इस तरह किसान संगठनों की मुख्य मांग पूरी हो गई। अब इसके बाद किसान संगठनों ने न्यूनतम समर्थन मूल्य के लिए कानून बनाने तथा आंदोलन के दौरान 700 किसानों की मौत के लिए मुआवजा, उनकी स्मृति में शहीद स्मारक बनाने तथा पलारी और बिजली बिल आदि को लेकर जो मांगे रखी है उसपर भी सरकार ने विचार करने का और इसके लिए एक कमेटी बनाने का वादा किया है। इसके बाद अब किसानों को अपना यह आंदोलन खत्म कर देना चाहिए क्योंकि सरकार के सतारात्मक रवैए के बाद अब किसान आंदोलन का कोई औचित्य नहीं रह गया है। पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने भी यही बात कही है और उन्होने नई दिल्ली के बार्डर पर जमे किसानों से वापस लौट जाने की अपील की है। उनकी अपील के बाद पंजाब के किसान लौटने भी लगे है किन्तु इसके बाद भी किसान नेता राकेश टिकैत अभी भी अपनी हठधर्मिता दिखा रहे है और आंदोलन को आगे भी जारी रखने की बात कर रहे है। अब तो उन्होने सरकार को धमकी भी दी है कि यदि उनके साथ सरकार ने बातचीत नहीं कि तो वह याद रखें कि 26 जनवरी आने वाली है और किसानों के 4 लाख ट्रैक्टर भी है। राकेश टिकैत ने धमकी भरे महजे में कहा है कि सरकार अपना दिमाग ठीक कर लें और गुंडागर्दी करने की कोशिश न करें। राकेश टिकैत का यह बयान बताता है कि ने किस कदर बौखला चुके है। लगभग एक साल से अधिक समय तक किसानों का आंदोलन चला लेकिन सरकार ने किसानों के प्रति कोई कड़ी कार्यवाही नहीं की। उल्टे किसानों के आंदोलन के नाम पर देश की राजधानी नई दिल्ली में पिछले 26 जनवरी को खुलकर गुंडागर्दी की गई यहां तक कि राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे का अपमान भी किया गया और सैकड़ों पुलिसवालों पर हमले किए गए। इसके बावजूद पुलिस ने संयम से काम लिया। अलबत्ता हिंसा करने वाले कथित किसानों के खिलाफ एफआईआर जरूर दर्ज की गई। अब राकेश टिकैत चाहते है कि जिन किसानों के खिलाफ अराजकता फैलाने के लिए रिपोर्ट दर्ज की गई है उनके केस वापस लिए जाएं। इस पर भी सरकार ने विचार करने का आश्वासन दिया है फिर भी राकेश टिकैत आंदोलन को जारी रखने की रट लगाए हुए है जो यही दर्शाता है कि वे इस आंदोलन की आड़ में अपना उल्लू सीधा करने की फिराक में है अन्यथा कोई कारण नहीं दिखता कि जब तीनों कृषि कानून वापस ले लिए गए है और किसान संगठनों की अन्य मांगों पर विचार करने के लिए सरकार तैयार है फिर भी राकेश टिकैत आखिर क्यों इस तरह की धमकी चमकी दे रहे है और आंदोलन को लंबी खीचने की कोशिश कर रहे है।

# लोकतंत्र की बुनियाद है भारतीय संविधान

**ओम बिरला**
लोक सभा अध्यक्ष

*आज हम आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं। हम एक प्रमुख विश्व अर्थव्यवस्था के रूप में निरंतर विकास कर रहे हैं। परंतु हमारे विकास की धारा एकध्रुवीय न होकर सर्वसमावेशी और समतावादी है। ऐसा इसलिए संभव हो सका है कि क्योंकि हमारा संविधान हमें ऐसी राह दिखाता है और यह सुनिश्चित करता है कि विकास यात्रा में समाज का कोई भी हिस्सा पीछे न रह जाए। हमारी लोकतांत्रिक प्रणाली स्थानीय स्वशासन तथा पंचायती राज जैसी संस्थाओं के माध्यम से महिलाओं तथा समाज के कमजोर वर्गों की सामाजिक आर्थिक प्रगति में भागीदारी पर बल देती है। संविधान वह मूलभूत विधि है जिस पर उस देश के अन्य सभी कानून आधारित होते हैं। यह एक पवित्र दस्तावेज है और सभी को इसके आदर्शों के प्रति पूरी तरह निष्ठावान होना चाहिए। संविधान के अंतर्गत राष्ट्र के सभी अंगों को उन लोगों की आशाओं और आकांक्षाओं के प्रति संवेदनशील होने का अधिदेश सौंपा गया है जिनके हितों की रक्षा के लिए वे बनाए गए हैं।*

भारत विश्व का महानतम कार्यशील लोकतंत्र है। ऐसा न केवल इसके विशाल आकार अपितु इसके बहुलतावादी स्वरूप और समय की कसौटी पर खरे उतरने के कारण है। लोकतांत्रिक परंपराएं और सिद्धांत भारतीय सभ्यता की विरासत के अभिन्न अंग रहे हैं। हमारे समाज में समता, सहिष्णुता, शांतिपूर्ण सहअस्तित्व और लोकतांत्रिक मूल्यों पर आधारित जीवन शैली जैसे गुण सदियों से विद्यमान रहे हैं। वास्तव में लोकतंत्र की जड़ें हमारी राजनीतिक चेतना में बहुत गहराई तक समाई हुई हैं। इसलिए हमारे देश में विभिन्न कालखंडों में चाहे कोई भी शासन व्यवस्था रही हो, लेकिन आत्मा लोकतंत्र की ही रही।

विदेशी दासता से हमारी मुक्ति का संघर्ष सत्य, अहिंसा और व्यापक जन भागीदारी पर आधारित था। अनगिनत स्वतंत्रता सेनानियों ने आजाद और समृद्ध भारत का सपना देखा था; सामाजिक, आर्थिक न्याय पर आधारित समतामूलक समाज के निर्माण का सपना देखा था। इसके लिए कष्ट सहे और बलिदान दिया। एक लंबे संघर्ष के बाद हमें आजादी मिली। दुनिया के अनेक देशों ने आजादी पाई, परंतु भारत की आजादी दुनिया भर में मिसाल बनी।

स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद जब देश की आजादी के नायकों और हमारे मनीषियों ने देश के लिए संविधान की रचना की, तब हमारे संविधान में स्वतंत्रता, समानता, बंधुता और न्याय के आधारभूत मूल्यों को सहज ही शामिल कर लिया गया। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात भारत जैसे विशाल एवं विविधतापूर्ण देश के लिए यह एक बड़ी चुनौती थी कि लोकतांत्रिक व्यवस्था को कायम रखते हुए किस प्रकार अपने देशवासियों के सामाजिक-आर्थिक जीवन में समृद्धि लाई जा सके। संविधान निर्माण के समय हमारे संविधान निर्माताओं के समक्ष तीन मुख्य उद्देश्य थे ङ्क राष्ट्र की एकता और स्थिरता को सुरक्षित रखना, व्यक्तियों की निजी स्वतंत्रता और कानून के शासन को सुनिश्चित करना तथा ऐसी संस्थाओं के विकास के लिए जमीन तैयार करना जो आर्थिक और सामाजिक समानता के दायरे को व्यापकतर बनाए। हमारे संविधान निर्माताओं ने अपने अनुभव, ज्ञान, अपनी सोच तथा देश की जनता से जुड़ाव के चलते न केवल इन लक्ष्यों को सिद्ध किया बल्कि हमें एक ऐसा संविधान दिया जो अपने समय का सबसे प्रगतिशील एवं विकास उन्मुखी संविधान है।

हमारा देश विशाल एवं विविधतापूर्ण देश है। यह तेजी से संक्रमणकाल से गुजर रहा है। देश के समक्ष नई-नई चुनौतियां हैं। परंतु हमारा संविधान हमें इन चुनौतियों से निपटने की शक्ति देता है। साथ ही, इसमें देश की जनता की आशाओं और आकांक्षाओं को पूरा करने का भी पर्याप्त सामर्थ्य है। यही कारण है कि यह संविधान आज भी हमारा सबसे बड़ा मार्गदर्शक है। यह देश में न सिर्फ कानून का शासन स्थापित करता है बल्कि यह केंद्र और राज्य सहित देश की सभी लोकतांत्रिक संस्थाओं को प्रदत्त शक्तियों का स्रोत भी है। भारत के संसदीय लोकतंत्र की सफलता भारत के संविधान की सुदृढ़ संरचना और इसके द्वारा विहित संस्थागत ढांचे पर आधारित है। 26 नवम्बर का दिन हमारे लिए इसलिए महत्वपूर्ण है कि वर्ष 1949 में इसी दिन हमारे देश की संविधान सभा ने 90 हजार शब्दों से तैयार किए गए संविधान को अपनाया था।

> हमारा संविधान हमारे राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया को दिशा प्रदान करता है। परंतु विकास के स्वरूप और उसकी गति को निर्धारित करना हमारा काम है। हमारी प्रमुख निष्ठा हमारे संविधान के मूल्यों तथा हमारे सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक विकास के फायदों को समाज के निचले पायदान पर ले जाने की होनी चाहिए। इसके लिए हमें संविधान प्रदत्त अधिकारों के साथ-साथ अपने दायित्वों के निर्वहन के महत्व को भी समझना होगा। हमारे संविधान में नागरिकों के अधिकारों और कर्तव्यों का अद्भुत संतुलन है। आजादी के 75 वर्षों में अब वह समय आ गया है कि राष्ट्रहित में नागरिक कर्तव्यों को समान महत्व दिया जाए। यदि हम राष्ट्रीय उद्देश्यों और संवैधानिक मूल्यों के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन पूरी निष्ठा एवं प्रतिबद्धता के साथ करेंगे तो हमारा देश विकास पथ पर तीव्र गति से अग्रसर होगा तथा हमारा लोकतंत्र और अधिक समृद्ध एवं परिपक्व बनेगा।

संविधान की प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉ. अम्बेडकर की 125वीं जयंती के मौके पर वर्ष 2015 में केन्द्र सरकार ने घोषणा की थी कि 26 नवम्बर का दिन संविधान दिवस के रूप में मनाया जाए।

भारत के संविधान की सर्वाधिक उल्लेखनीय विशेषता यह है कि इसका विचारदर्शन चिरस्थायी है, लेकिन इसका खाका लचीला है। हमारा संविधान केवल अमूर्त आदर्श नहीं है, बल्कि यह एक सजीव दस्तावेज है। भारतीय संविधान के बल पर हम राजनीतिक लोकतंत्र के साथ-साथ सामाजिक और आर्थिक लोकतंत्र की स्थापना कर पाए हैं। भारतीय संविधान सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन लाने में सबसे मजबूत साधन सिद्ध हुआ है। हमारा संविधान समय के साथ-साथ नई आशाओं, आकांक्षाओं और परिस्थितियों पर खरा उतरता रहा है और वस्तुतः यह निरंतर विकसित हो रहा है ।

पिछले 72 वर्षों में हमारा लोकतांत्रिक अनुभव सकारात्मक रहा है। सात दशकों की अपनी यात्रा में हमें अत्यंत गौरव के साथ पीछे मुड़ कर देखना चाहिए कि हमारे देश ने, न केवल अपने लोकतांत्रिक संविधान का पालन किया है, बल्कि इस दस्तावेज में नए प्राण फूंकने और लोकतांत्रिक चरित्र को मजबूत करने में भी अत्यधिक प्रगति की है। हमने 'जन' को अपने 'जनतंत्र' के केंद्र में रखा है और हमारा देश न केवल सबसे बड़े जनतंत्र के रूप में, बल्कि एक ऐसे देश के रूप में उभर कर सामने आया है, जो निरंतर पल्लवित होने वाली संसदीय प्रणाली के साथ जीवंत और बहुलतावादी संस्कृति का उज्ज्वल प्रतीक है। हमने संविधान की प्रस्तावना के अनुरूप एक समावेशी और विकसित भारत के निर्माण के लिए न केवल अपनी नीतियों एवं कार्यक्रमों को साकार करने पर ध्यान केंद्रित किया है, बल्कि हम शासन-प्रणाली में भी रूपांतरण कर रहे हैं। यह वास्तव में एक आदर्श परिवर्तन है, जिसमें लोग अब निष्क्रिय और मूकदर्शक या 'लाभार्थी' नहीं रह गए हैं, बल्कि परिवर्तन लाने वाले सक्रिय अभिकर्ता हैं।

भारतीय लोकतंत्र की विकास-यात्रा में अब तक सत्रह आम चुनावों और राज्यों की विधानसभाओं के लिए भी कई सफल चुनावों का आयोजन किया जा चुका है। प्रत्येक चुनाव से भारतीय लोकतंत्र समृद्ध हुआ है। एक राजनीतिक दल से दूसरे राजनीतिक दल को सत्ता का निर्बाध हस्तांतरण हमारी लोकतांत्रिक प्रणाली की सफलता को स्पष्ट रूप से दर्शाता है।

# विचार

## भारत में गरीबों की कितनी दुर्दशा

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

भारत में गरीबों की हालत कितनी शर्मनाक है। आजादी के 74 वर्षों में भारत में अमीरी तो बढ़ी है लेकिन वह मुट्ठीभर लोगों और मुट्ठीभर जिलों तक ही पहुंची है। आज भी भारत में गरीबों की संख्या दुनिया के किसी भी देश से ज्यादा है। हमारे देश के कई जिले ऐसे हैं, जिनमें आधे से ज्यादा लोगों को पेट भर रोटी भी नहीं मिलती। वे दवा के अभाव में ही दम तोड़ देते हैं। वे क ख ग भी न लिख सकते हैं न पढ़ सकते हैं। मैंने मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के कुछ आदिवासी जिलों में लोगों को नग्न और अर्ध-नग्न अवस्था में घूमते हुए भी देखा है। रंगराजन आयोग का मानना था कि गांवों में जिसे 972 रु. और शहरों में जिसे 1407 रु. प्रति माह से ज्यादा मिलते हैं, वह गरीबी रेखा से ऊपर है। वाह क्या बात है? यदि इन आंकड़ों को रोजाना आमदनी के हिसाब से देखें तो 30 रु. और 50 रु. रोज भी नहीं बनते हैं। इतने रुपए रोज़ में आज किसी गाय या भैंस को पालना भी मुश्किल है। दूसरे शब्दों में भारत के गरीब की जिंदगी पशुओं से भी बदतर है। विश्व भर के 193 देशोंवाली गरीबी नापनेवाली संस्था का कहना है कि यदि गरीबों की आमदनी इससे भी ज्यादा हो जाए तो भी उसने जो 12 मानदंड बनाए हैं, उनके हिसाब से वे गरीब ही माने जाएंगे, क्योंकि कोरी बढ़ी हुई आमदनी उन्हें न तो पर्याप्त स्वास्थ्य-सुविधा, शिक्षा, सफाई, भोजन, स्वच्छ पानी, बिजली, घर आदि मुहय्या करवा पाएगी और न ही उन्हें एक सभ्य इंसान की जिंदगी जीने का मौका दे पाएगी। दूसरे शब्दों में व्यक्तिगत आमदनी के साथ-साथ जब तक पर्याप्त राजकीय सुविधाएं उपलब्ध नहीं होंगी, नागरिक लोग संतोष और सम्मान का जीवन नहीं जी सकेंगे। सभी सरकारें ये सब सुविधाएं बांटने का काम भी करती रहती हैं। उनका मुख्य लक्ष्य तो इन सुविधाओं की आड़ में वोट बटोरना ही होता है लेकिन जब तक भारत में बौद्धिक श्रम और शारीरिक श्रम का भेदभाव नहीं घटेगा, यहां गरीबी खम ठोकती रहेगी। शिक्षा और चिकित्सा, ये दो क्षेत्र ऐसे हैं, जो नागरिकों के मष्तिष्क और शरीर को सबल बनाते हैं। जब तक ये सबको सहज और मुफ्त न मिलें, हमारा देश कभी भी सबल, संपन्न और समतामूलक नहीं बन सकता। ऊपर दिए गए आंकड़ों के आधार पर आज भी आधे से ज्यादा बिहार, एक-तिहाई से ज्यादा झारखंड और उप्र तथा लगभग 1/3 म.प्र. और मेघालय गरीबी में डूबे हुए हैं। यदि विश्व गरीबी मापन संस्था के मानदंडों पर हम पूरे भारत को कसे तो हमें मालूम पड़ेगा कि भारत के 140 करोड़ लोगों में से लगभग 100 करोड़ लोग वंचितों, गरीबों, कमजोरों और जरुरतमंदों की श्रेणी में रखे जा सकते हैं।

# बेटी, मैं सदैव तुम्हारे साथ हूं और हमेशा तुम्हारी ताकत रहूंगा

**नरविजय यादव**

*कोविड का पुरी दुनिया में हर क्षेत्र पर व्यापक प्रभाव पड़ा है। नौकरी, रिश्ते, रहन-सहन, खानपान, सोच और बोल व्यवहार सभी चीजों में कुछ न कुछ प्रभाव देखने में आ रहा है। डेटिंग की बेवसाइट है मैच नाम की, जो रोमांटिक रिश्तों को लेकर हर साल एक व्यापक सर्वेक्षण करवाती है। इस बार वेबसाइट के 11वें सालाना सर्वेक्षण से ज्ञात हुआ कि अमेरिका के अनब्याहे युवाओं को अब अपने जीवनसाथी में जिस्मानी खूबसूरती के बजाय भावनात्मक खूबियों की अधिक चाह रही है। कोविड के उपरांत गैरशादीशुदा युवाओं की सोच में यह बदलाव देखा गया है कि अब वे लंबे चलने वाले टिकाऊ रिश्तों की उम्मीद रखने लगे हैं।*

कल एक फोन आया। करीब तीस साल बाद सुनी वो आवाज। तब वह जिला सूचना अधिकारी हुआ करते थे मेरे शहर में। उन्होंने याद दिलाया कि कैसे मैंने अपने एक मित्र के साथ मिलकर अपने स्कूल में एक प्रदर्शनी लगायी थी - ÷अखबार और तकनीक÷ विषय पर। वह अधिकारी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के तौर पर आमंत्रित थे। उनके हिसाब से देश में शायद अपनी तरह का पहला आयोजन था वो। सब कुछ एक रील की तरह घूम गया मेरे दिमाग में।

औपचारिक बातचीत के बाद उन्होंने बड़े ध्यान से बेटियों से जुड़ा एक बड़ा अच्छा संदेश दिया। मन को छू गयी उनकी वो बात। बोले, हर पिता को अपनी बेटी से यह अवश्य कहना चाहिए कि ÷बेटी, मैं हर वक्त तुम्हारे साथ हूं। तुम्हारे हर सही-गलत निर्णय में तुम्हारे साथ हूं। तुम जो करना चाहो, मैं हमेशा तुम्हारी ताकत बनकर रहूंगा। मैं इस घोंसले में तुम्हारी ताकत हूं। जब तुम दूर चली जाओगी, तुम्हारा नया घोंसला होगा, तब भी मैं तुम्हारी ताकत बना रहूंगा। बेटी, मैं सदैव तुम्हारे साथ हूं और हमेशा तुम्हारी ताकत रहूंगा।÷

सच में, एक पिता के तौर पर बेटियों को यदि यह अहसास कराया जाये कि वे कभी भी अकेली नहीं हैं, तो उनका मनोबल बढ़ा रहेगा। वे अपने सपने पूरे कर पायेंगी। अपना मनपसंद कैरियर और काम चुन पायेंगी। अपनी पसंद की शिक्षा ले पायेंगी। पसंद का जीवन जी पाएंगी। वे सशक्त रहेंगी। फिर देश व मानवता की ताकत बनेंगी। दूसरी लड़कियों की प्रेरणा बनेंगी। महिला सशक्तिकरण के लिए इससे अच्छी सलाह भला और क्या हो सकती है।

कोविड का पुरी दुनिया में हर क्षेत्र पर व्यापक प्रभाव पड़ा है। नौकरी, रिश्ते, रहन-सहन, खानपान, सोच और बोल व्यवहार सभी चीजों में कुछ न कुछ प्रभाव देखने में आ रहा है। डेटिंग की बेवसाइट है मैच नाम की, जो रोमांटिक रिश्तों को लेकर हर साल एक व्यापक सर्वेक्षण करवाती है। इस बार वेबसाइट के 11वें सालाना सर्वेक्षण से ज्ञात हुआ कि अमेरिका के अनब्याहे युवाओं को अब अपने जीवनसाथी में जिस्मानी खूबसूरती के बजाय भावनात्मक खूबियों की अधिक चाह रही है। कोविड के उपरांत गैरशादीशुदा युवाओं की सोच में यह बदलाव देखा गया है कि अब वे लंबे चलने वाले टिकाऊ रिश्तों की उम्मीद रखने लगे हैं।

> डेटिंग और लंबे चलने वाले रिश्तों को लेकर करवाये गये इस सर्वेक्षण में 18 से 98 साल तक उम्र के अलग अलग बैकग्राउंड के लोगों से रिश्तों को लेकर विभिन्न प्रकार के सवाल पूछे गये। इनमें से 83 प्रतिशत लोगों ने स्वीकार किया कि उन्हें खुले विचारों वाले और एडजस्ट करने की इच्छा रखने वाले जीवनसाथी की तलाश है। वे अपने साथी में एक गुण यह भी चाहते हैं कि वह अपनी बात कहने और लिखने में समर्थ होना चाहिए, यानी उनका जीवन साथी संचार कौशल में निपुण होना चाहिए, ऐसी उनकी इच्छा है। इसके विपरीत 2020 के सर्वे में, 90 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने अपने साथी में शारीरिक आकर्षण को तरजीह दी थी। कोविड महामारी के बाद लोगों का ध्यान अच्छी सेहत पर अधिक जा रहा है, शायद इसी वजह से भावनात्मक परिपक्वता और रिश्तों का टिकाऊपन शारीरिक सौंदर्य पर भारी पड़ने लगा है।

डेटिंग और लंबे चलने वाले रिश्तों को लेकर करवाये गये इस सर्वेक्षण में 18 से 98 साल तक उम्र के अलग अलग बैकग्राउंड के लोगों से रिश्तों को लेकर विभिन्न प्रकार के सवाल पूछे गये। इनमें से 83 प्रतिशत लोगों ने स्वीकार किया कि उन्हें खुले विचारों वाले और एडजस्ट करने की इच्छा रखने वाले जीवनसाथी की तलाश है। वे अपने साथी में एक गुण यह भी चाहते हैं कि वह अपनी बात कहने और लिखने में समर्थ होना चाहिए, यानी उनका जीवन साथी संचार कौशल में निपुण होना चाहिए, ऐसी उनकी इच्छा है। इसके विपरीत 2020 के सर्वे में, 90 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने अपने साथी में शारीरिक आकर्षण को तरजीह दी थी। कोविड महामारी के बाद लोगों का ध्यान अच्छी सेहत पर अधिक जा रहा है, शायद इसी वजह से भावनात्मक परिपक्वता और रिश्तों का टिकाऊपन शारीरिक सौंदर्य पर भारी पड़ने लगा है। लोगों को परिवार और टिकाऊ संबंधों की वैल्यू पता चलने लगी है। कोरोना से सब कुछ अहसास करा दिया।

# पाठकों की बात

## पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

### त्रिपुरा निकाय चुनाव

त्रिपुरा निकाय चुनाव में किसानों का गुस्सा चरम पर दिखा। 5 सीट पर भाजपा बुरी तरह हारी। मात्र 329 सीट पर उसे किसी तरह जीत मिल पायी। पड़ोसी ममता को एक सीट मिली और उन्होंने इस जनादेश को खुद के पक्ष में ऐतिहासिक रुझान (मज़ाक़ नहीं, सच में यही कहा बंगदीदी ने) कहा है। कांग्रेस की हमेशा की तरह नैतिक जीत। उसका ऐतिहासिक, राहुलाना प्रदर्शन। - **पंकज कुमार झा**

### वे नफरत से भरे

वे नफ़रत से भरे हैं उन्हें डर है कि उनकी करतूतें उन्हें निगल न जायें वे भूल गए हैं कि करतूतों के बीज निकल ही आते हैं समय का सीना चीर नहीं बच सकेंगे वे निश्चित है तबाह होना बच न सकेंगे राक्षस आदमी का चेहरा लगाकर भी क्योंकि ये कागजी नहीं कुदरती न्याय है उनके लिए।

**- केदार नाथ शब्द मसीहा**

### खास पाती | ढूढ़ ही लेती हैं अपनी छोटी

ढूढ़ ही लेती हैं अपनीछोटी छोटी खुशियां इन्हीं छोटे-छोटे लम्हों से खुश हो जाती हैं जब घर में आता है वो बड़ा वाला नया टीवी खुश हो जाती हैं जब पुराने गद्दे पर लग जाती नयी सफेद कवर खुश हो जाती हैं जब टूटी हुई किचेन में लग जाती है चमकती सनमाइका खुश हो जाती हैं जब पुराने कपड़ों के बदले ले लेती हैं कुछ नये चमकते बर्तन खुश हो जाती हैं जब घर की फीकी पड़ी दीवारों में चढ़ जाता है कोई नया रंग हमें नहीं भाता वो बाजार जहां नहीं मिलता हमारी गृहस्थी का कोई सामान ऐसी ही ना जाने कितनी छोटी-छोटी बातें जो सबके लिए तो बहुत छोटी पर हम औरतों के लिए बहुत बड़ी... सच में... कितनी सस्ती होती हैं हम औरतों की ये छोटी-छोटी खुशियां।- **पूनम राजपूत**

### घुप्प अंधेरे में जब दूर से आती

घुप्प अंधेरे में जब दूर से आती ट्रेन के इंजन की आवाज़... उतनी ही साफसुनाई देती है जितनी कि उसकी सीटी की आवाज! तब वही कहीं दूर वीराने में अंधेरे स्टेशन पर प्रथम कक्ष के दरवाजे से एक सफेदपोश उतरता है... अपनी बिछड़ी प्रेमिका की तलाश में! और ताउम्र वहीं भटकता रहता है रात के अंधकार में अक्सर देखा जाता रहा है वो! लेकिन क्या सच में सफेदपोशों की प्रेमिकाएँ होती हैं? - **सरिता खोवाला**

### बहुत शौक़ चर्राया है न तुम्हें

बहुत शौक़ चर्राया है न तुम्हें , हम से बार बार दूर जा इधर उधर नई मुहब्बतों की तलाश में भटकने का जाओ हमने तुम्हें जंज़ीर-ए-उल्फ़त से आज़ाद किया अब तुम्हारी मर्ज़ी है, जो भी जी चाहे वही तुम करना हमारे बाद भी देखो नहीं आएगा तुम्हे चाहत का मज़ा सब से, कि वो हमारी ही तरह चाहें तुम्हें कहते फिरना। - **नीलोफर नीलू**

### जब किसी के कारण दिल दुखता

जब किसी के कारण दिल दुखता है तो बहुत बहुत कष्ट होता है लगता है कि क्या कभी उबर पायेंगे इस दुख से पर समय के साथ धीरे-धीरे भूलने लगता है सबकुछ एक दिन ऐसा आता है कि जिसके कारण दर्द था मन में उसके लिए कुछ भी नहीं बचता हमारी नाराजगी भी उसके लिए नही होती मतलब उसका होना या न होना मायने ही नहीं रखता।

**- सुनीता पुष्पराज पाण्डेय**

### तुम ख्वाब बन मेरी आंखों में इस कदर समाई हो, चलता

तुम ख्वाब बन मेरी आंखों में इस कदर समाई हो, चलता हूं मैं पर दिखती तुम बनी मेरी परछाई हो। सोच कर खुश हुआ था तेरे संग बनाने को रिश्ता, कल पता चला तुम पहले से दो बच्चों की माई हो। **- संजय सिंह राजपूत**

### एक ताज़ा ग़ज़ल दरवाजा दिल

एक ताज़ा ग़ज़ल दरवाजा दिल का खटका कर जाता है ।कौन ग़ज़ल मुझसे लिखवा कर जाता है । काफ़ी है उसका ख़्वाबों में आना भी , यादों को अक्सर महका कर जाता है । ज़हन रखा है काबू में हमनें लेकिन , दिल ही ये कमबख़्त ख़ता कर जाता है । होंठो का दरबान तेरा ये काला तिल , कितनों की साँसे अटका कर जाता है । नज़र इनायत क्या क्या करती है उसकी , सहरा को भी वो दरया कर जाता है । बह जानें दो आँसू , कोई भी ठहरा , दिल के भीतर तक छाला कर जाता है । हरिक उम्र का अपना अपना अलग मज़ा , तौर प्रखर हर दौर सिखा कर जाता है।

**-राजेश श्रीवास्तव 'प्रखर'**

# QUIZ TIME

1) छत्तीसगढ़ का पहला क्रिटिकल केयर डिपार्टमेंट कहाँ खोला गया?
2) छत्तीसगढ़ के किस स्थान का सागौन भारत में प्रसिद्ध है?
3) रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ के दूरस्थ इलाकों की महिलाओं द्वारा छत्तीसगढ़ में पहली बार किस घास के क्राफ्ट बना रहे है?
4) छत्तीसगढ़ का सबसे प्राचीन वन्यजीव अभयारण्य कौन सा है?
5) 24 मई, 2021 को छत्तीसगढ़ उच्च-न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश के रूप में किसे नियुक्त किया गया है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) डॉ. भीमराव अंबेडकर अस्पताल (रायपुर) (2) नारायणपुर के कुदरगढ़ (कोरिया) (3) कांसे घास (4) बारनवापारा (5) न्यायमूर्ति प्रशांत मिश्रा

# आज का इतिहास

**नई दिल्ली (वार्ता)।** 1731- बीजिंग में भूकंप से लगभग एक लाख लोग मरे। 1858- सुप्रसिद्ध वैज्ञानिक जगदीश चन्द्र बोस का जन्म। 1874- ब्रिटिश प्रधानमंत्री विंस?टन चर्चिल का जन?म। 1909- पश्चिम बंगाल के जाने माने विद्वान रमेश चन्द्र का निधन। 1931- भारतीय इतिहासकार रोमिला थापर का जन्म। 1939- तत्कालीन सोवियत रूस ने सीमा विवाद को लेकर फिनलैंड पर आक्रमण किया। 1961- तत्कालीन सोवियत संघ ने संयुक्त राष्ट्र की सदस्यता के लिये कुवैत के आवेदन का विरोध किया। 1999- विश्व के बड़े मीटरवेव रेडियो टेलीस्कोप का पुणे के समीप नारायणगांव में उद्घाटन। 1999- अमेरिका के सिएटल में विश्व व्यापार संगठन का तीसरा अधिवेशन प्रारम्भ। 2000 - प्रियंका चोपड़ा मिस वर्ल्ड बनी। 2010 - भारतीय वैज्ञानिक और स्वदेशी आंदोलन प्रनेता राजीव दीक्षित का निधन। 2012- पूर्व प्रधानमंत्री इन्द्र कुमार गुजराल का निधन।

# आयुष्मान खुराना ने 'कल्ले कल्ले' गाना शेयर किया

**मुंबई (वार्ता)।** बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना ने अपनी आने वाली फिल्म 'चंडीगढ़ करे आशिकी' का गाना 'कल्ले कल्ले' गाना सोशल मीडिया पर शेयर किया है। आयुष्मान खुराना ने अपनी आने वाली फिल्म 'चंडीगढ़ करे आशिकी' रिलीज से पहले सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में आयुष्मान गिटार हाथ में लिए हुए 'चंडीगढ़ करे आशिकी' का मोस्ट अवेटेड सॉन्ग 'कल्ले कल्ले' गाते हुए नजर आ रहे हैं। आयुष्मान ने 'कल्ले कल्ले' शेयर किया और कैप्शन ने बताया कि उन्हें इस गाने से प्यार हो गया है। फिल्म में इस गाने को सचिन-जिगर और प्रिया ने गाया है और यह फ़िल्म 10 दिसंबर को रिलीज होने वाली है।

### यामी गौतम ने मनाया शादी के बाद पहला जन्मदिन

**मुंबई।** यामी गौतम का इस साल का बर्थडे काफी खास रहा। उन्होंने अपने सेलिब्रेशन की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करके अपने पति आदित्य धर को शुक्रिया कहा है। यामी ने बर्थडे अपने इन-लॉज के साथ मनाया। यामी ने पोस्ट के साथ लिखा है कि यह दिन उनके लिए बेहद खास रहा। यामी ने एक वीडियो भी शेयर किया है जिसमें उनकी टीम ने उनको सरप्राइज दिया है।

# केबीसी के 1000 एपिसोड पूरे हुए, अमिताभ हुए भावुक



**मुंबई (वार्ता)।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन लोकप्रिय गेम शो कौन बनेगा करोड़पति (केबीसी) के 1000 एपिसोड पूरे होने पर भावुक हो गये।

कौन बनेगा करोड़पति टेलीविजन के पसंदीदा शो में से एक है जिसे दर्शकों का बेशुमार प्यार मिलता है। अब इस शो ने अपने 1000 एपिसोड पूरे कर लिए है। इस मौके पर अमिताभ बच्चन की बेटी श्वेता नंदा और नातिन नव्या नवेली नंदा केबीसी के सेट पर पहुंचीं। दोनों ने हॉट सीट पर बैठकर अमिताभ के सवालों का जवाब भी दिया।

21 साल का लंबा सफर और केबीसी के 1000 एपिसोड के पूरे होने पर अमिताभ बच्चन भावुक हो गये। सोनी के ऑफिशियल सोशल मीडिया पेज पर शो का एक नया प्रोमो वीडियो शेयर किया गया है जिसमें श्वेता, अमिताभ से पूछती हैं, 'पापा मैं पूछना चाहती हूं कि यह एक हजारवां एपिसोड है तो आपको कैसा लग रहा है?' अमिताभ कहते हैं, 'ऐसा लग रहा है जैसे पूरी दुनिया बदल गई।'

# 'अतरंगी' सारा अली खान ने पति धनुष की सगाई पर किया 'चकाचक'

**मुंबई।** सारा अली खान, धनुष और अक्षय कुमार स्टारर फिल्म अतरंगी रे का गाना 'चकाचक' मेकर्स ने रिलीज कर दिया है। इस गाने में लोगों को श्रेया घोषाल की आवाज काफी पसंद आ रही है। वहीं धनुष और सारा की केमिस्ट्री को देखकर लोग बोल रहे हैं कि इन्हें और फिल्में साथ में करनी चाहिए। इंट्रेस्टिंग बात ये है कि गाने में सारा बताती हैं कि वह अपने पति की सगाई में डांस कर रही हैं। स्टोरी का ये ऐंगल खासकर लोगों को अट्रैक्ट कर रहा है। फिल्म अतरंगी रे के ऐक्टर्स के फर्स्ट लुक रीसेंटली लोगों के सामने आ चुके हैं। अब मूवी का गाना 'चकाचक' रिलीज हुआ है। गाने की शुरुआत में सारा अली खान बोलती हैं, विस्सू बाबू, देश की पहली बीवी होंगे हम जो अपने खुद के पति की सगाई पर इतनी खुश है। इसके बाद सारा सगाई में जमकर डांस करती हैं। अतरंगी रे का गाना 'चकाचक' श्रेया घोषाल की आवाज में है। लोगों को गाने में उनकी आवाज काफी पसंद आ रही है। कई लोगों ने कॉमेंट्स किए हैं कि श्रेया की आवाज सारा पर सूट कर रही है।

वहीं कई लोगों ने ये भी लिखा है कि धनुष के साथ सारा की केमिस्ट्री काफी जम रही है। गाना एआर रहमान ने कम्पोज किया है। लिरिक्स इरशाद कामिल की हैं। सारा अली खान, धनुष और अक्षय कुमार स्टारर फिल्म अतरंगी रे कोविड को देखते हुए ओटीटी पर रिलीज होगी। 24 दिसंबर 2021 को मूवी की स्ट्रीमिंग Disney+Hotstar पर होगी। फिल्म में सारा अली खान रिंकू सूर्यवंशी का रोल निभा रही हैं।



# 'अंतिम' में पुलिस ऑफिसर का किरदार निभाने को लेकर नर्वस थे सलमान खान

**मुंबई (वार्ता)।** बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान फिल्म 'अंतिमः द फाइनल ट्रूथ' में पुलिस ऑफिसर का किरदार निभाने को लेकर नर्वस थे।

सलमान खान और आयुष शर्मा की फिल्म 'अंतिमः द फाइनल ट्रूथ' रिलीज हो गयी है। महेश मांजरेकर के निर्देशन में बनी इस फिल्म में सलमान और आयुष बिल्कुल अलग अंदाज में नजर आ रहे हैं। सलमान खान ने कहा है कि वह फिल्म 'अंतिम' में एक पुलिस अधिकारी का रोल करते हुए काफी नर्वस थे। सलमान का कहना है कि उन्होंने पहले जो पुलिसवालों के किरदार निभाए थे, वे काफी अलग थे और 'अंतिम' का किरदार बिल्कुल अलग था। यह किरदार काफी छोटा लेकिन काफी दमदार है।

सलमान ने कहा, ÷मुझे अपने मन में पता था कि मुझे इस किरदार में कैसे काम करना है। मैं इसे बिल्कुल वैसा निभाना चाहता था जैसा कि यह मुझे बताया गया था। महेश के मन में भी इस किरदार को लेकर अपनी सोच थी। लेकिन जब मैंने इसे निभाना शुरू किया तो मुझे बहुत डर लगा कि यार मैं कर नहीं पा रहा हूं। जब मैंने आयुष को अपना किरदार निभाते देखा तो मुझे विश्वास आया कि मैं भी अपना किरदार निभा सकता हूं।आयुष का किरदार पावरफुल है लेकिन उसमें गुस्सा बहुत है। मेरा किरदार स्माइल करता है।मुझे इस किरदार को निभाने में बहुत मजा आया। गौरतलब है कि 'अंतिम' मराठी फिल्म 'मुलशी पैटर्न' की हिन्दी रीमेक है। यह फिल्म 'सलमान खान फिल्म्स' द्वारा प्रस्तुत और सलमा खान द्वारा निर्मित है।

## न्यूज गैलरी

### अश्विन ने हरभजन को पीछे छोड़ा

**कानपुर (वार्ता)।** भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने पहले टेस्ट मैच में न्यूज़ीलैंड की दूसरी पारी में टॉम लाथम को बोल्ड कर अपना 418वां अंतर्राष्ट्रीय विकेट लिया और इसके साथ ही वह भारत के महानतम ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह से आगे निकल गए। 35 वर्षीय अश्विन के इस मैच से पहले तक 413 विकेट थे। पहली पारी में तीन विकेट लेकर उन्होंने अपने विकेटों की संख्या 416 पहुंचा दी और कल दूसरी पारी में अपना पहला विकेट लेने के साथ ही उनके 417 विकेट हो गए थे । आज उन्होंने अपना दूसरा विकेट लिया और हरभजन से आगे निकल गए। हरभजन ने 103 टेस्टों में 417 विकेट लिए थे जबकि अश्विन अपने 80 वें टेस्ट में इस उपलब्धि तक पहुंचे हैं।

### मिस्र को 11-0 से पीटकर जर्मनी क्वार्टरफाइनल में

**भुवनेश्वर (वार्ता)।** जर्मनी ने एकतरफा अंदाज में मिस्र को रविवार को 11-0 से पीटकर जूनियर विश्व कप हॉकी टूर्नामेंट के पूल डी से क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली। जर्मनी ने दूसरे क्वार्टर में सबसे ज्यादा पांच गोल दागे। बाकी तीन क्वार्टर में जर्मनी ने दो-दो गोल किये। जर्मनी की जीत में चार खिलाड़ियों ने दो-दो गोलों का योगदान दिया। जर्मनी का क्वार्टरफाइनल में स्पेन के साथ एक दिसम्बर को मुकाबला होगा।

एक दिसम्बर को ही अन्य क्वार्टरफाइनल में हॉलैंड और अर्जेंटीना, फ्रांस और मलेशिया तथा भारत और बेल्जियम के बीच मुकाबला होगा।

### रिलायंस जियो के प्लान हुये 20 फीसदी तक महंगें

**नई दिल्ली (वार्ता)।** भारती एयरटेल और वोडाफोन आइडिया द्वारा मोबाइल टैरिफदरों में बढोतरी किये जाने के बाद आज सबसे बड़ी कंपनी रिलायंस जियो ने भी अपने टैरिफ दरों में 20 फीसदी तक की बढोतरी की गयी है।

जियो ने आज नए अनलिमिटेड प्लान की घोषणा की, यह प्लान 1 दिसंबर से लागू होंगे। रिलायंस जियो का दावा है कि उसके टैरिफ रेट अब भी सबसे कम हैं। जियो के विभिन्न प्लान में 31 रुपये से लेकर 480 रुपये तक का इजाफा किया गया है। जियोफोन के लिए विशेष तौर पर लाए गए पुराने 75 रुपये के प्लान की नई कीमत अब 91 रुपये होगी।

# शेयर बाजार में लौटी तेजी; सेंसेक्स-निफ्टी में मामूली बढ़त

**मुंबई (वार्ता)।** कोरोना के नये वैरिएंट ओमिक्रोन से डरे निवेशकों की भारी बिकवाली से पिछले सप्ताह भूचाल देख चुके घरेलू शेयर बाजार में आज आईटी, टेक, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और ऊर्जा समूह में हुई लिवाली से तेजी लौट आई लेकिन बिकवाली का दबाव बरकरार रहने से सेंसेक्स और निफ्टी मामूली बढ़त के साथ बंद हुए।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 153.43 अंक की तेजी लेकर 57,260.58 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 27.50 अंक की मामूली बढ़त के साथ 17,053.95 अंक पर रहा। दिग्गज कंपनियों के विपरीत छोटी और मझौली कंपनियों में हुई करीब दो प्रतिशत तक गिरावट ने शेयर बाजार को और चढ़ने से रोक दिया। मिडकैप 230.72 अंक लुढ़ककर 24,615.79 अंक और स्मॉलकैप 532.48 अंक का गोता लगाकर 27,538.93 अंक पर रहा। इस दौरान बीएसई में कुल 3575 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 966 में लिवाली जबकि 2435 में बिकवाली हुई वहीं 174 के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में 15 कंपनियों के शेयर हरे जबकि 35 लाल निशान पर रहे। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। ब्रिटेन का एफ्टीएसई 0.83 और जर्मनी का डैक्स 0.38 प्रतिशत चढ़ गया जबकि जापान का निक्केई 1.63, हांगकांग का हैंगसैंग 0.95 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.04 प्रतिशत गिर गया। बीएसई में ऊर्जा, आईटी, दूरसंचार, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, बैंकिंग और टेक समूह की 0.67 प्रतिशत की तेजी को छोड़कर शेष समूह गिरावट पर रहे। इस दौरान यूटिलिटीज समूह के शेयरों ने सबसे अधिक 2.61 प्रतिशत का गोता लगाया। इनके अलावा बेसिक मैटेरियल्स 0.80, सीडीजीएस 1.00, एफएमसीजी 0.78, हेल्थकेयर 0.59, इंडस्ट्रियल्स 1.08, कैपिटल गुड्स 0.75, तेल एवं गैस 1.51, पावर 1.97 और रियल्टी 1.98 प्रतिशत की गिरावट पर रहे। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स करीब 79 अंक गिरकर 57,028.04 अंक पर खुला और बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 56,382.93 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। लिवाली के बल पर यह दोपहर बाद 57,626.51 अंक के उच्चतम स्तर पर गया। अंत में पिछले दिवस के 57,107.15 अंक की तुलना में 0.27 फीसदी बढ़कर 57,260.58 अंक पर रहा। निफ्टी करीब 29 अंक बढ़कर खुला और 16,782.40 अंक के न्यूनतम और 17,160.70 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा।

# सर्राफा बाजार में भूचाल; सोना 1155 और चांदी 3130 रुपये सस्ती

**मुंबई (वार्ता)।** अफ्रीकी देशों में कोरोना के नये वैरिएंट ओमीक्रोन का पता लगने के बाद उत्पादन प्रभावित होने की आशंका में बीते सप्ताह वैश्विक बाजार में कीमती धातुओं में लगभग चार प्रतिशत की भारी गिरावट से घरेलू सर्राफा बाजार में भूचाल आ गया और सोना 1155 रुपये प्रति दस ग्राम एवं चांदी 3130 रुपये प्रति किलोग्राम लुढ़क गई। दक्षिण अफ्रीका में कोरोना वायरस के एक नए वेरियेंट ओमीक्रोन का पता लगने के बाद पूरी दुनिया सतर्क हो गयी है। दक्षिण अफ्रीक, बोत्सवाना, बेल्जियम के अलावा हांगकांग में भी इस नये वेरियेंट के मरीज मिल रहे हैं। नये वैरिएंट के सामने आने के बाद निवेशकों को एक बार फिर से लॉकडाउन लगाये जाने डर सताने लगा है। ऐसे में अफ्रीकी देशों में कीमती धातुओं के उत्पादन में कमी आने की आशंका बढ़ गई है। इससे समीक्षाधीन सप्ताह में वैश्विक बाजार में कीमती धातुओं की कीमत लगभग चार प्रतिशत तक गिर गई। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में सोना हाजिर 55.37 डॉलर प्रति औंस की बड़ी गिरावट के साथ सप्ताहांत पर 1804.61 डॉलर प्रति औंस पर आ गया। साथ ही अमेरिकी सोना वायदा भी 69.6 डॉलर प्रति औंस लुढ़ककर 1791.40 डॉलर प्रति औंस रह गया। इसी तरह सप्ताहांत पर चांदी हाजिर 1.27 डॉलर गिरकर 23.49 डॉलर प्रति औंस पर आ गई। बीते सप्ताह विदेशी बाजारों की गिरावट का असर देश के सबसे बड़े वायदा बाजार एमसीएक्स में भी देखा गया।

# कच्चे तेल में उबाल, घरेलू स्तर पर 25 वें दिन शांति

**नई दिल्ली (वार्ता)।** अफ्रीका सहित दुनिया के कई देशों में कोरोना के नये वेरिएंट के पाये जाने के साथ ही भारत और अमेरिका सहित प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के अपने रणनीतिक भंडार से तेल जारी करने की घोषणा के दबाव में अंतरराष्ट्रीय बाजार में पिछले सप्ताह के करीब 11 फीसदी की बड़ी गिरावट से उबरते हुये सोमवार को कच्चे तेल में उबाल आ गया लेकिन घरेलू स्तर पर आज लगातार 25वें दिन पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर रहीं। भारत और अमेरिका सहित अधिकांश प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं द्वारा रणनीतिक तेल भंडार से तेल जारी करने की घोषणा के असर के साथ ही कोरोना के नये वेरिएंट का संक्रमण तेजी से कई देशों के फैलने से एक बार फिर से व्यापक स्तर पर लॉकडाउन लगाये जाने की आशंका प्रबल हो गयी है। बीते सप्ताह में इसके कारण कच्चे तेल में 11 फीसदी तक की गिरावट आयी थी लेकिन आज सिंगापुर में कारोबार शुरू होते ही कच्चे तेल में उबाल आ गया। लंदन ब्रेंट क्रूड 4.91 फीसदी की उछाल लेकर 76.29 डॉलर प्रति बैरल पर और अमेरिकी क्रूड 5.52 प्रतिशत की तेजी के साथ 71.91 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। इसके साथ ही केन्द्र सरकार द्वारा पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में क्रमशः पांच रुपये तथा 10 रुपये प्रति लीटर की कमी करने से देश में इसकी कीमतों में कमी आयी थी।

### बीसीसीआई ने भारत के सॉलिसिटर जनरल के समक्ष उठाया सीवीसी स्पोर्ट्स का मामला

**नई दिल्ली (वार्ता)।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की ओर से सीवीसी स्पोर्ट्स मामले को भारत के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता के पास भेजे जाने की जानकारी सामने आई है, जो केंद्र सरकार से न जुड़े होने वाले मामलों में बोर्ड का प्रतिनिधित्व करते हैं। समझा जाता है कि अगर इस मामले में थोड़ी और देर होती है तो मौजूदा आठ आईपीएल टीमों के लिए खिलाड़ियों के रिटेंशन की समय सीमा, जो कि 30 नवंबर है, को एक हफ्ते के लिए बढ़ाया जा सकता है, ताकि नई फ्रेंचाइजियों अहमदाबाद और लखनऊ दोनों को इतने ही दिनों में अपने खिलाड़ियों के चयन का समय मिल सके। उल्लेखनीय है कि सीवीसी स्पोर्ट्स, जिसने 5625 करोड़ रुपए में अहमदाबाद फ्रेंचाइजी का स्वामित्व हासिल किया था, को अभी तक बीसीसीआई से मंजूरी पत्र प्राप्त नहीं हुआ है।

## ग्रीनपार्क पर व्याप्त बदइंतजामी से सुरक्षा पर सवाल

**कानपुर (वार्ता)।** कानपुर के ग्रीनपार्क स्टेडियम पर भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच के दौरान दर्शक दीर्घाओं में न सिर्फ कोविड प्रोटोकाल की धज्जियां खुलेआम उड़ाई जा रही है बल्कि नियमों को दरकिनार कर दर्शकों को टिफिन बाक्स और पानी की बोतलों के साथ बगैर मास्क प्रवेश दिया जा रहा है। रविवार को ग्रीनपार्क की सभी दर्शक दीर्घायें पूरी तरह भरी थीं। प्रवेश द्वार पर लंबी कतारों में लगे दर्शकों में से अधिकांश के चेहरे पर मास्क नदारद था जबकि कई अपने कंधों पर बैग टांगे हुये थे। प्रवेश के समय तैनात कर्मी दर्शकों की जेब में पड़े सिक्कों को अंदर नहीं ले जाने दे रहे थे मगर दूसरी ओर बैग के अंदर पड़े सामान पर उनकी कोई नजर नहीं थी और न हीं थर्मल स्कैनिंग और सेनेटाइजर वगैरह के कोई इंतजाम थे। दर्शक दीर्घा में गंदगी का आलम इस कदर दिखा कि चलना फिरना दूभर था। जगह जगह पड़े चिप्स के रैपर,कोल्ड ड्रिंक्स के गिलास माहौल को असहज बना रहे थे। स्टैंड पर कई दर्शक घर से लाई स्टील के टिफिन में लाये खाद्य पदार्थो को मजे से खा रहे थे और पानी की बोतल से गला तर कर रहे थे। नियमो का पालन कराने के जिम्मेदार यूपीसीए के अधिकारी सारा दिन जिला प्रशासन के आला अधिकारियों और निकट संबंधियों के स्वागत सत्कार में व्यस्त थे।

### मुझे जीवन भर 'रंगभेद' का सामना करना पड़ा : एल शिवारामाकृष्णन

**नई दिल्ली (वार्ता)।** भारत के पूर्व लेगस्पिनर एल शिवारामाकृष्णन ने कहा है कि उन्हें जीवन भर ÷रंगभेद÷ का सामना करना पड़ा है।ऑनलाइन ट्रोलिंग का सामना करने वाले क्रिकेट कॉमेंटेटरों पर एक ट्वीट का जवाब देते हुए, 55 वर्षीय शिवरामकृष्णन ने लिखाः ÷मेरी काफ़ी आलोचना की गई है और मुझे जीवन भर रंगभेद का सामना करना पड़ा है। इसलिए यह अब मुझे परेशान नहीं करता है। यह दुर्भाग्य से हमारे देश में भी होता है। शिवारामाकृष्णन पहले भारतीय क्रिकेटर नहीं हैं जिन्होंने इस तरह के भेदभाव के बारे में सार्वजनिक रूप से बात की है। 2017 में अपना आख़िरी अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले सलामी बल्लेबाज़ अभिनव मुकुंद भी अतीत में इस मुद्दे पर अपनी बात रख चुके हैं। मुकुंद ने अगस्त 2017 में ट्वीट किया था, ÷मैं 15 साल की उम्र से अपने देश के भीतर और बाहर बहुत यात्रा कर रहा हूं। जब से मैं छोटा था, मेरी त्वचा के रंग के प्रति लोगों की सोच हमेशा से मेरे लिए एक रहस्य रहा है।

## बिजनेस

625 रुपये की आसान ईएमआई के साथ

# आईटेल ए48 स्मार्टफोन अब मात्र 1399 रुपये में उपलब्ध

**नई दिल्ली।** ज़्यादा से ज़्यादा लोगों को किफायती और तकनीक के लिहाज से ऐडवांस स्मार्टफ़ोन उपलब्ध कराने के प्रयासों को जारी रखते हुए 7,000 रुपये से कम कीमत वाले स्मार्टफ़ोन सेगमेंट में नंबर 1 ब्रैंड आईटेल ने होम क्रेडिट इंडिया के साथ मिलकर अपने ऑल-राउंडर स्मार्टफ़ोन आईटेल-48 पर खास ऑफ़र की पेशकश की है। किफ़ायती फाइनेंस स्कीम के अंतर्गत ग्राहक होम क्रेडिट इंडिया की मदद से आईटेल ए48 स्मार्टफ़ोन 1,399 रुपये की डाउन पेमेंट कर 8 महीनों के लिए 625 रुपये की नो कॉस्ट ईएमआई पर खरीद सकते हैं।

इससाझेदारीकेबारेमेंट्रांसियॉनइंडियाकेसीईओश्रीअरिजीततालापात्राने कहा, ÷भारत में 35 करोड़ से ज़्यादा लोग फ़ीचर फोन का इस्तेमाल करते हैं जो स्मार्टफ़ोन में अपग्रेड करना चाहते हैं। हालांकि, टियर 2 और छोटे कस्बों में डिजिटलाइज़ेशन को गति देने के मामले में किफायती और पैसावसूल होना ही सबसे बड़ी रुकावट है। शुरुआत से ही आईटेल ने किफायती और तकनीक के लिहाज से ऐडवांस स्मार्टफ़ोन लॉन्च कर डिजिटल अंतर को पाटा है जिससे पूरे देश में सामाजिक-आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा दिया जा सके। होम क्रेडिट इंडिया से इस साझेदारी के साथ, आईटेल का उद्देश्य आईटेल-48 को भारतीय लोगों के लिए सुलभ बनाना है। मात्र 625 रुपये प्रति महीने के खर्च के साथ भारत में रहने वाला कोई भी व्यक्ति अपनी डिजिटल ज़रूरतों को पूरा करने के लिए भारत का ऑल-राउंडर स्मार्टफ़ोन-48 खरीद सकते हैं। हमें उम्मीद है कि हमारा नया ऑफर ग्राहकों को पसंद आएगा और उनके डिजिटल सपनों को पूरा करने में मदद करेगा।

इस साझेदारी के बारे में, श्री अंकुश खोसला, चीफ सेल्स ऑफिसर, होम क्रेडिट इंडिया ने कहा, ÷होम क्रेडिट इंडिया ने ज़िम्मेदार उपभोक्ता ऋणदाता के तौर पर हमेशा सरल और सुरक्षित वित्तीय समाधानों की मदद से लोगों के जीवन और उनके जीवन जीने के तरीके को आसान बनाने की कोशिश की है। आईटेल के साथ यह साझेदारी भी इसी भावना के साथ की गई है जिससे देश में बड़ी संख्या में मौजूद फीचर फोन ग्राहकों अपग्रेड करके स्मार्टफोन यूज़र बनने में मदद मिलेगी, खास तौर पर कोविड के बाद के दौर में जहां पूरी दुनिया डिजिटलाइजेशन की ओर बढ़ रही है और सब कुछ ऑनलाइन हो रहा है।

6,399 रुपये की कीमत वाला रीलोडेडड आईटेल-48 स्मार्टफ़ोन ऑलराउंडर स्मार्टफ़ोन है जो टैक्नोलॉजी में दिलचस्पी रखने वाले लोगों की ज़रूरतों को पूरा कर सकता है जिसमें बड़े वॉटरड्रॉप एचडी+ डिस्प्ले, आसान अनुभव, अत्यधिक क्षमता वाले पावर बैकअप, आधुनिक सुरक्षा फीचर, एआई डुअल कैमरा के साथ फ़ोटोग्राफी जैसी खूबियां हैं।

# श्रीलंका महिला टीम की छह खिलाड़ी कोरोना पॉज़िटिव

**हरारे (वार्ता)।** श्रीलंका महिला क्रिकेट टीम की छह खिलाड़ी कोरोना पॉजिटिव पायी गयी हैं। श्रीलं?का क्रिकेट ने रविवार को बताया कि ज़िम्बाब्वे में विश्व कप क्वालीफ़ायर में हिस्सा लेने वाली श्रीलंका महिला टीम की छह खिलाड़ी कोरोना पॉज़िटिव पाई गई हैं। दक्षिण अफ़्रीका में कोरोना का नया वेरियंट पाए जाने के बाद शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने ज़िम्बाब्वे में चल रहे क्वालीफ़ायर टूर्नामेंट को रद्द कर दिया था। हालांकि अभी यह सामने नहीं आया है कि पॉज़िटिव पाई गईं खिलाड़ी ओमिक्रॉन वेरियंट से संक्रमित हैं या नहीं। वेस्टइंडीज़ बनाम श्रीलंका का मुक़ाबला, श्रीलंका सहायक स्टाफ़ के सदस्य के कोविड पॉज़िटिव पाए जाने के बाद रद्द कर दिया गया था। इसी के बाद आईसीसी ने क्वालीफ़ायर को रद्द करने का फ़ैसला किया।

श्रीलंका क्रिकेट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ऐश्ली डीसिल्वा ने बताया कि टीम अभी भी ज़िम्बाब्वे में है और उन्हें जल्द से जल्द वापस श्रीलंका लाया जाएगा। जो खिलाड़ी पॉज़िटिव पाई गईं हैं, उन्हें तब तक वहीं रहना होगा जब तक उनका टेस्ट निगेटिव नहीं आ जाता है। डॉक्टर टीम के साथ थे, जो उनकी देखरेख के लिए वहां मौजूद रहेंगे।

टीम में जो खिलाड़ी संक्रमित नहीं हुई हैं, वे जल्द ही वापस लौट सकती हैं। उन्हें श्रीलंका पहुंचने पर क्वारंटीन रहना होगा।

## शिवभक्त कृष्णा दीदी का 30 को कवर्धा आगमन

**कवर्धा।** डाक बम कृष्णा बम का कवर्धा प्रवास कवर्धा बैजनाथ धाम शिवजी नगरी देवधर में 105 किमी सुल्तानगंज से खाक बम बनकर गंगाजल शिव अभिषेक करने वाली प्रसिद्ध शिवभक्त कृष्णा दीदी का 30 नवम्बर को कवर्धा आगमन हो रहा है। पंचकैलाशी पं . राजेश शुक्ला ने बताया कि कृष्णा दीदी देवधर से कवर्धा पहुंच रही है। वें लगतार 40 वर्षों से प्रतिवर्ष श्रावण मास के प्रत्येक सोमवार को सुल्तानगंज से 105 किमी तांबे की पात्र में गंगाजल भरकर अपनी पीठ में रखकर दौड़ते हुए वैजनाथ धाम की यात्रा करती हैं। बैजनाथ यात्रा के दौरान पूरे यात्रा मार्ग में दोनों और हजारों की संख्या में शिव भक्तों में उनका दर्शन के लिए उमड़ पड़ते हैं। भीड़ को सम्हालने के लिए झारखंड सरकार की हजारों पुलिस की व्यवस्था सुरक्षा के लिए लगती है। प शुक्ला बताया कि कृष्णा दीदी आज रात्रि 8 बजे कवर्धा पहुंचेगी। 1 दिसंबर को भोरमदेव शिव मंदिर में भगवान भोलेनाथ की दर्शन करेंगे प्रातः नदी विहार कालोनी कवर्धा में शुक्ला के निवास में शिवभक्तों से चर्चा करेगें। प्रातः 10 सारंगपुर स्थित श्री पंचदेव मंदिर के दर्शन के लिए जायेगें। बेली होते हुए लखनपुर में चल रहे श्री विष्णु महायज्ञ में शामिल होगी तत्पश्चात् अभंस्कटक जाकर में नर्मदा के दर्शन व स्नान करेंगे। अगले दिन 2 दिसंबर गुरुवार को कृष्णा दीदी सिद्धपीठ बुढामहादेव मंदिर में शिवजी का नर्मदा जल से अभिषेक करेगें।

## हितग्राही को आयुष्मान कार्ड वितरित

**सिकोसा।** प्रधानमन्त्री आयुष्मान भारत योजना के तहत पंजीकृत हितग्राही भागवती विश्वकर्मा उम्र 90 वर्ष जो शारीरिक रूप से कमजोर एवं बुजुर्ग हैं जिनको घर में जाकर सीएससी वीएलई नूतन लाल साहू ग्राम बेलौदी जिला बालोद छत्तीसगढ़ ने बिस्तर में लेटी हुई माता को घर में जाकर आयुष्मान कार्ड दिया।

## प्रधान पाठक को दी गई ससम्मान विदाई

**खरोरा।** पूर्व माध्यमिक शाला बुडेरा में प्रधान पाठक के पद पर सेवानिवृत्त हुए तुलसी राम वर्मा के सम्मान में विदाई समारोह मुख्य अतिथि के रूप में अनिता योगेंद्र शर्मा विधायक धरसींवां, अध्यक्षता पंकज कुर्रे सरपंच ग्राम पंचायत बुडेरा, विशिष्ट अतिथि के रूप में बीएल देवांगन बीईओ तिल्दा रहे। विधायक अनिता योगेंद्र शर्मा ने कहा कि शिक्षक तुलसी राम वर्मा का इस विद्यालय के प्रति समर्पण का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि अपना शिक्षकीय कार्य प्रारम्भ से लेकर सेवानिवृत्ती तक इस विद्यालय को दिए हैं। ये उनके सेवा भाव को दर्शाता है कि वे कितने समर्पित है, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी बीएल देवांगन ने कहा कि तुलसी राम वर्मा ने अनेकों शिक्षकों को प्रेरणा देते हुए तथा एक आदर्श नेतृत्वकर्ता शिक्षक के रूप में निर्विवाद रूप से अपना कार्यकाल पूरा किया। अतिथियों द्वारा सेवानिवृत्त शिक्षक तुलसी राम वर्मा एवं उनकी धर्मपत्नी इंद्राणी वर्मा का सम्मान किया गया।

## मातृगोष्टी कार्यक्रम का आयोजन

मातृ गोष्ठी का आयोजन

**खरोरा।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरोरा में कक्षा अरुण, उदय कक्षा में अध्यनरत भैया, बहनों के माताओं का मातृ गोष्टी कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ईश्वरी भारद्वाज अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य रहे। अतिथियों का परिचय विद्यालय के प्राचार्य अश्वनी पाटकर स्वागत अभिभावक माताओं के द्वारा किया गया। तत्पश्चात शिशुओं के सर्वांगीण विकास के लिए माताओं को विद्यालय में आमंत्रित कर विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। ईश्वरी भारद्वाज ने शिशुओं के माताओं के समक्ष चर्चा के रूप में संस्कार संस्कार पक्ष में प्रतिदिन प्रणाम, पूजा-पाठ, स्वच्छ वेश बनाकर तथा बच्चों के अध्ययन अध्यापन का प्रतिदिन अवलोकल करने को कहा तथा बच्चों को संस्कारवान बनाने में माताओं की भूमिका अहम होती है तथा बच्चों का विकास के लिए परिवार व विद्यालय का सामंजस्य आवश्यक है। प्राचार्य ने विद्यालय में भौतिक सामग्रियों के साथ-साथ यहां के शिक्षण विषयों से माताओं को अवगत कराया तथा बच्चों के सर्वांगीण विकास में उनका भी सहयोग मिलता रहे, यह आशा जताई तथा कार्यक्रम में उपस्थित सभी माताओं का आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में लगभग 45 माताएं उपस्थित रही।

## 6 को शौर्य दिवस पर हिन्दू जागरण संकल्प महासभा का आयोजन करेगा विहिप

**कवर्धा।** हिन्दू शौर्य जागरण संकल्प महासभा के आयोजन के संदर्भ में आयोजित प्रेस वार्ता में विहिप के प्रांतीय कार्यकारी अध्यक्ष चंद्रशेखर वर्मा एवं राधेश्याम चंद्रवंशी ने कहा कि 6 दिसम्बर 1992 को विवादित ढांचा गिराये जाने के बाद से विश्व हिन्दू परिषद 6 दिसम्बर को शौर्य दिवस के रुप मे मनाती है। कवर्धा में 3 अक्टूबर को हुए भगवा ध्वज अपमान के घटना के बाद से लगातार विभिन्न मांगों को लेकर सक्रिय विश्व हिन्दू परिषद ने शौर्य दिवस का कार्यक्रम इस बार कवर्धा में करने का निर्णय लिया है। जिसके तहत प्रांत स्तरीय हिन्दू शौर्य जागरण संकल्प महासभा का आयोजन कवर्धा के स्थानीय स्वामी करपात्री जी स्टेडियम रखा गया है। जिसमें छत्तीसगढ़ के प्रदेश भर से हिन्दुओं को कवर्धा आने का आव्हान किया गया है। इस महासभा में प्रमुख रूप से महामंडलेश्वर स्वामी हरिहरानंद सरस्वती मृत्युन्जय आश्रम अमरकंटक, पूज्य संत राजीव लोचन महाराज चित्रकूट धाम, संत राम बालक दास महात्यागी जी, स्वामी रामरूपदास हरिहर केदार द्वीप, स्वामी परमानन्द शान्तिधाम वृंदावन, महामंडलेश्वर सर्वेश्वर दास प्रमुख रूप से सभा को संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा हम हिन्दू समाज के जागरण के लिए यह कार्यक्रम आयोजित कर रहे है। समस्त हिन्दू समाज के लिए विश्व हिन्दू परिषद इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करते है। सभा स्थल अनुमति प्रशासन द्वारा अब तक नही दिए जाने के प्रश्न पर वर्मा ने कहा हम कानून संम्मत शांति से अपना जागरण सभा करना चाहते हैं। प्रशासन से अनुमति माँगी ही पूरा भरोसा प्रशासन हमें अनुमति दे देगी। उन्होंने एक और प्रश्न के उत्तर में कहा तीन अक्टूबर के घटना के बाद अब तक हमें न्याय नहीं मिला, महत्वपूर्ण मागों को नहीं माना गया इतने बड़े घटना की न्यायिक जांच नहीं कराया कराई।

## भारतीय जनता पार्टी मंडल गुंडरदेही की बैठक संपन्न

**सिकोसा।** भाजपा मंडल गुंडरदेही की आवश्यक बैठक भाजपा कार्यालय गुंडरदेही में रखी गईद्ध बैठक मंडल अध्यक्ष दुष्यंत कुमार सोनवानी के अध्यक्षता एवं भाजपा मंडल प्रभारी सुशीला साहू की उपस्थिति में संपन्न हुआ ।

बैठक में संचालन मण्डल महामंत्री थानसिंह मण्डावी ने किया। स्वागत भाषण भाजपा मंडल अध्यक्ष दुष्यन्त कुमार सोनवानी ने दिया। पार्टी के कार्ययोजना के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। केंद्र सरकार के योजनाओ को बूथ स्तर तक ले जाने कहा। बैठक में दीपक साहू ने कहा जो पार्टी के बूथ स्तर का कार्यक्रम आया है उसे सभी कार्यकर्ता मिल कर पूरा करें। पूर्व विधायक डॉ बालमुकुंद देवांगन ने कहा पार्टी के लिए सभी जुट जाएं और पूरे बालोद जिला में कमल खिलाये। पूर्व विधायक वीरेन्द्र साहू ने भी संबोधित किया और सरल पोर्टल की जानकारी दी और कहा कि राज्य की भूपेश सरकार छत्तीसगढ़ की किसान भटक रहे हैं बोरा के लिए धान बेचने के लिए चिंतित हैं। किसानों की समस्या को लेकर आज हम विरोध जताते हैं हम किसानों के साथ हैं। पूर्व विधायक राजेन्द्र राय ने कहा कि आज राज्य में पूरा व्यवस्था गड़बड़ा गई है। राज्य की सरकार किसानों को बोरा तक नहीं दे रही है। भाजपा के साथ आकर फिर से सरकार बनाने की बात कही। पूर्व जिलाध्यक्ष लेखराम साहू ने कहा संगठन के बारे में विस्तार पूर्वक बताया व राज्य की भुपेश सरकार की नाकामी के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष दुष्यन्त सोनवानी, प्रभारी व जिला उपाध्यक्ष सुशीला साहू, पूर्व जिलाध्यक्ष लेखराम साहू, वीरेन्द्र साहू, राजेन्द्र राय, मोहन जैन, इंद्रपाल चन्द्राकर, अश्वनी यादव, केशव साहू समेत अन्य रहे।

## साइकिल रैली के साथ राष्ट्रीय एकता का संदेश

**उतई।** शासकीय दानवीर तुलाराम स्नातकोत्तर महाविद्यालय उतई में 8 सीजी गर्ल्स बटालियन एनसीसी के कैडेट्स ने सायकल रैली के साथ एनसीसी दिवस का कार्यक्रम मनाया। राष्ट्रीय एकता के संदेश के साथ नारे लगाते हुए उतई नगर का भ्रमण करते हुए उत्साह व जोश के साथ नगर वासियों को राष्ट्रभक्ति के प्रति प्रेरित किया। प्रभारी प्राचार्य डॉ. अब्दुल अलीम खान ने एनसीसी दिवस की शुभकानाऐं दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. पी. वसंत कला मैडम ने एनसीसी कैडेट्स को सतत सामाजिक कार्य में अहम भूमिका निभाने की प्रेरणा दी। डॉ. कुरैशी ने देशभक्ति व राष्ट्र विकास में केडेट्स की जिम्मेदारी को महत्वपूर्ण बताया। जनभागीदारी अध्यक्ष डॉ. प्रहलाद वर्मा ने प्रत्येक केडेट्स को कहा कि राष्ट्रीय एकता की चुनौतियों को स्वीकारें तथा हर चुनौतियों का मुकाबला जोश के साथ करने की सलाह दी। कार्यक्रम में सुबेदार मेजर परवेज की मौजूद थे जिन्होंने देश सेवा की भावना का प्रचार व एनसीसी से आत्मनिर्भरता में वृद्धि पर चर्चा की कार्यक्रम में कैडेट् खुशबु व कैडेट् लेखकुमारी ने अपने अनुभवों को साझा किया। सीनियर भेष कुमारी ने संबोधित करते हुए अपनी बात रखी। कार्यक्रम में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ। कार्यक्रम का संचालन लेफ्टिनेंट डॉ. अनुसूईया जोगी ने किया।

## कोटवारों की बैठक संपन्न

**खरोरा।** खरोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोटवारो की बैठक लेकर शांति व्यवस्था एंव कोटवारों की ग्रामीण व्यवस्था मे भूमिका भागेदारी पर चर्चा हुई। पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल के निर्देशानुसार खरोरा थाना अंतर्गत आने वाले 103 गांवों के कोटवारों को थाना में बुलाकर अनेकों विषयों में चर्चा की गई। वही गांव में बाहर से आने वाले व्यक्तियों की जानकारी, गांव में होने वाले किसी भी विवाद की तुरंत जानकारी, गांव में किसी भी प्रकार से होने वाले गैरकानूनी कार्य की जानकारी, किरायेदारों की जानकारी, बढ़ते साइबर क्राइम की जानकारी देने समेत अनेक विषयों पर चर्चा की गई।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**पीपरछेड़ी में गेट खुलते ही ...**

गया। घटना सुबह 10.30 से 11 बजे के बीच की है। किसान धान बेचने टोकन कटवाने की जल्दबाजी में अपना नंबर पहले लाने रात से ही ऋण पुस्तिका लेकर सोसायटी के बाहर डटे थे। गेट खुला तो सब्र भी टूटा और किसान दौड़ने लग गए। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद कलेक्टर जन्मेजय महोबे और एसपी सदानंद कुमार भी मौके पर पहुंचे व मामले की संबंधित अधिकारियों से जानकारी ली गई। प्रबंधक व अध्यक्ष से भी बारी-बारी से पूछताछ हुई और इस भगदड़ का कारण जाना गया। कलेक्टर महोबे ने बताया कि लापरवाही तो हुई है। समिति प्रबंधन द्वारा गेट को बंद कर दिया गया था और ऐसे में बाहर करीब 250 लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई और जैसे ही गेट खोले गए लोग दौड़ने लग गए। इसी बीच कुछ लोग भगदड़ में घायल हो गए। प्रबंधक के खिलाफ आगे की कार्रवाई जिला सहकारी बैंक के माध्यम से होगी। संबंधित अधिकारियों को इसके लिए निर्देश दिया गया है।

**4 गांव के किसान रात से डटे थे**

समिति प्रबंधन का कहना है कि हमने आसपास के सभी 4 गांवों के किसानों को कार्यालय समय में टोकन कटवाने के लिए बुलाया था। किसानों के बीच खड़े कुछ असामाजिक तत्व ने भगदड़ मचाया। इधर किसानों द्वारा समिति प्रबंधन को दोषी ठहराया गया। किसानों ने कहा कि ऊपर से गेट बंद रखा गया था और तो और सरकार इस बार देर से धान खरीदी शुरू कर रही है। हर किसान को धान बेचने की जल्दबाजी है। इस वजह से गेट खोलते ही किसान दौड़ पड़े। पर इस भीड़ में महिलाएं भी सामने ही थी। वे दौड़ न सकी और पीछे आ रही भीड़ उन्हें रौंदते हुए आगे बढ़ गए। ज्यादातर महिलाओं को चोट आई, कुछ पुरुष किसान भी घायल हुए हैं।

इधर भाजपा किसान मोर्चा ने की कलेक्ट्रेट घेराव की चेतावनी, घायलों को 10 लाख मुआवजे की मांग वहीं इस घटना पर भाजपा किसान मोर्चा ने सरकार को घेरना शुरू कर दिया है भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष तोमन साहू ने मामले में किसानों को 10 लाख मुआवजा राशि देने व कलेक्ट्रेट घेराव करने की बात भी कही है। उन्होंने कहा कि पीपरछेड़ी सहकारी सोसायटी केंद्र में किसानों के साथ हुई उक्त घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। प्रदेश सरकार की प्रशासनिक कार्यशैली और कुप्रबंधन के कारण यह घटना हुआ है।

**धान खरीदी : टोकन के लिए ...**

**खरीदी केंद्रों में किसानों का रेला**

टोकन लेने के लिए किसानों की भीड़ कई खरीदी केंद्रों में सोमवार से जुट गई है। किसानों के द्वारा समितियों में अपने ऋण पुस्तिका जमा किया जा रहा है ताकि जमा किए गए ऋण पुस्तिका को सूचित बंद कर क्रमानुसार धान की खरीदी के लिए टोकन किसानों को आवंटित किया जा सके। केंद्रों में भीड़ न हो इसके लिए टोकन आवंटित करने की सूचना किसानों को मोबाइल से भी दी जाएगी जिससे किसान अपनी बारी के अनुसार समिति में धान लेकर पहुंच सके।

किसानों के लिए सरकार तत्परः मंत्री

खाद्य मंत्री अमरजीत भगत ने छत्तीसगढ़ में धान खरीदी को लेकर सरकार की मंशा साफ होने की बात कही। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों का पाई-पाई धान खरीदेगी जिसके लिए प्रदेश के किसानों को चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि खरीदी के लिए पूरी तैयारियां की जा चुकी है, समितियों को निर्देश दिए गए हैं कि टोकन समय पर वितरित करें ताकि केंद्रों में आवश्यक भीड़ इकट्ठा न हो। साथ ही कहा कि बारदाने को लेकर भी कोई कमी आने नहीं दिया जाएगा।

**फूलो-छाया समेत...**

की है, उनमें अकेले कांग्रेस के छह सांसद शामिल हैं। जो कांग्रेसी सांसद इस सत्र में राज्यसभा लौट नहीं पाएंगे, वो हैं- फुलो देवी नेताम, छाया वर्मा, आर बोरा, राजमणि पटेल, सैयद नासिर हुसैन और अखिलेश प्रताप सिंह।

**पूरे सत्र के लिए निष्कासित**

कांग्रेस के इन सांसदों के अलावा सीपीएम के एलमरम करीम, सीपीआई के विनय विश्वम, टीएमसी के शांता छेत्री और डोला सेन जबकि शिवसेना की प्रियंका चतुर्वेदी और अनिल देसाई को भी राज्यसभा की कार्रवाई से पूरे सत्र के लिए निष्कासित कर दिया है।

**राहुल का मोदी पर निशाना...**

कहा, 'जिस तरह से संसद में बिना किसी चर्चा के कानून रद्द किए गए, ये दिखाता है कि सरकार चर्चा से डरती है। सरकार जानती है कि उन्होंने गलत काम किया है। 700 किसानों की मृत्यु, कानूनों को लागू करने के पीछे किसकी शक्ति थी इस पर चर्चा होनी थी पर सरकार ने नहीं होने दी।'

**ओमिक्रॉन वैरिएंट: डब्ल्यूएचओ ...**

सप्ताह के अंत तक हम दर दिन 10,000 के करीब केसों तक पहुंच सकते हैं।'

**परमबीर सिंह के खिलाफ...**

रुपये का जुर्माना लगाया गया है। उन्हें ये रकम चीफ मिनिस्टर रिलीफ फंड में जमा करने को कहा गया है। समन जारी करने के बाद भी पेश नहीं होने पर उन पर ये जुर्माना लगाया गया है।

**गुटबाजी में विभक्त ...**

उनके भाई राकेश पाण्डेय चलाते है।

प्रेम प्रकाश पाण्डेय ने विधानसभा चुनाव में पराजय के बाद संगठन पर अपना दबदबा बनाएं रखने में असफलता प्राप्त की और उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के समानांतर एक नया संगठन खड़ा कर दिया जिसे रामजन्मोत्सव समिति का नाम दिया गया है। भाजपा में कभी न कभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता रहे वर्तमान में नकारे हुए सारे लोग इस संगठन से जुड़े हुए है जिसका प्रत्यक्षक रूप से नेतृत्व प्रेम प्रकाश के पुत्र मनीष पाण्डेय करते है।

जिले में गत विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की बुरी तरह पराजय हुई थी। और सिर्फ विद्यारतन भसीन के रूप में वैशाली नगर भिलाई से उनका एकमात्र विधायक जीत पाया था। वे अकेले ऐसे व्यक्ति भी है जो भाजपा की तरफ से भिलाई नगर निगम में एक बार महापौर रह चुके है। इसके अलावा हर बार भाजपा कांग्रेस से हारती रही है। हालांकि वे पिछले महापौर का चुनाव हार गए थे लेकिन विधायक बन कर उन्होने उस दाग को धो दिया था लेकिन सरोज पाण्डेय और प्रेमप्रकाश पाण्डेय के मुकाबले उनका गुट भिलाई में कही नहीं ठहरता।

विधानसभा चुनाव में हुए पराजय के बाद हुए लोकसभा चुनाव में पूरे प्रदेश में सर्वाधिक मतों से चुनाव जीत कर विजय बघेल ने सबको चौका दिया था। वे दुर्ग जिले से अब तक के सबसे ज्यादा वोटों से जीतने वाले लोकसभा के सांसद है लेकिन उनकी अपनी ही पार्टी भाजपा में उनके पास कार्यकर्ता नहीं है और बचे हुए तीनों गुटों के कार्यकर्ता उन्हे कहीं तवज्जों नहीं देते है।

ऐसी स्थिति में हो रहे नगरीय निकायों के चुनाव में भाजपा विजय की कल्पना कर पाएगी ऐसा नजर नहीं आ रहा है जबकि इन चार गुटों के मुकाबले कांग्रेस के मुख्यमंत्री सहित चार मंत्री मैदान में है जिनके लिए चुनाव प्रतिष्ठा का प्रश्न है। हालांकि कि चुनाव घोषित हुए चार दिन ही हुए है लेकिन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पिछले एक माह से दुर्ग भिलाई में लगातार सक्रिय रहे है। उन्होंने न केवल विकास कार्यो का शिलान्यास और घोषणाएं की है बल्कि सभाएं और पदयात्राएं कर के कार्यकताओं को रिचार्ज किया है। गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू और स्वाथ्य एवं यांत्रिकी मंत्री रूद्र गुरू ही अपने क्षेत्र में काफी दिनों से सक्रिय है। कांग्रेस ने प्रत्याशियों का चयन और जिम्मेदारियों का आबंटन जैसे काम लगभग पूरे कर लिए है। प्रभारियों की घोषणाएं हो चुकी है और प्रत्याशियों के नाम भी इस हफ्ते घोषित किए जाने की संभावना है। जबकि प्रतिद्वंदी पार्टी में इस तरह की कोई हलचल दिखाई नहीं दे रही है।

यदि भारतीय जनता पार्टी अपने गुटबाजी के मकडज़ाल से बाहर नहीं आ पाई तो पार्टी में बेहद असंतोष और गुटबाजी खुलकर सामने आएगी और लगभग सभी नगरीय निकायों में कांग्रेस को भाजपा के साथ-साथ उनके बागी उम्मीदवारों का भी सामना करना पड़ेगा जो कि उनके लिए लाभ की स्थिति होगी। पिछले चुनाव में भी भाजपा में हुई बगावत के चलते ज्यादा पार्षद जीताने के बावजूद मेयर पद पर कांग्रेस का कब्जा हो गया था और पहले प्रयास में ही मेयर बने देवेन्द्र यादव ने बाद में भाजपा के कद्दावर मंत्री प्रेम प्रकाश पाण्डेय को भी विधानसभा चुनाव में हरा दिया था। गत नगरीय निकाय चुनाव में इसी वजह से 8 निर्दलीय प्रत्याशी चुनाव जीत कर आए थे जिन्होने बाद में अपनी विचारधारा के अनुसार पार्टियों में वापसी कर ली थी। लेकिन इस बार भाजपा सत्ता में नहीं है तब निर्दलीय रूप में जीत पाना और जीतने के बाद पुनः घरवापसी करना आसान नहीं होगा।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी एवं भू-परिवर्तित अधिकारी डोंगरगढ़ जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्रं./202110092100180//अ-2/ वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं आवेदक विजेन्द्र बोरकर आ. श्री रामभाऊ बोरकर एवं अन्य एक निवासी वार्ड नं. 2 जोधसिंग कॉलोनी डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा अपने भूमि स्वामी हक की ग्राम उरईडबरी प.ह.न. 43, स्थित भूमि खसरा नं. 138/9 रकबा 0.174 हेक्टेयर भूमि स्थित है। छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 अंतर्गत उक्त भूमि पर उद्योग प्रयोजनार्थ (बायो डीजल पंप) व्यपवर्तन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उक्त भूमि के व्यपवर्तन किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 29.11.2021 तक स्वयं उपस्थित होकर अपना दावा उजर या आपत्ति न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते है, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11.11.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

सील

अनुविभागीय अधिकारी एवं भू-परिवर्तित अधिकारी डोंगरगढ़

**न्यायालय नजूल अधिकारी, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्रं./202111082200031 अ/20(4) वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं आवेदक नारायण पिता रामदयाल साकिन कवर्धा, जिला कबीरधाम, द्वारा कवर्धा प.ह.न. 03 रा.नि.मं. कवर्धा-01 कवर्धा जिला कबीरधाम स्थित भूमि ख.नं. 341/58 रकबा 0.021 हे. जो कि आवेदक के नाम पर पटवारी रिकार्ड में दर्ज है। जिसमें से आवेदक द्वारा क्षेत्रफल 102.23 वर्गमीटर पर ग्राउण्ड फ्लोर पर आवासीय प्रयोजन हेतु संलग्न नक्शे के अनुसार पक्का मकान (भवन) निर्माण किये जाने हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदान करने की मांग किया है।

अतः इस अनापत्ति प्रमाण पत्र के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति संस्था को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह न्यायालय में दिनांक 29.12.2021 तक स्वयं उपस्थित होकर अपना दावा उजर या आपत्ति न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते है, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 29.11.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

जारी दिनांक 29/11/2021
पेशी दिनांक 29/12/2021

सील

नजूल अधिकारी कबीरधाम

**कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**
जोन आयुक्त, कार्यालय जोन क्रं.-08 मोहबा बाजार रायपुर

**ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना**

नामांतरण प्र.क्र. 331/2021-22
वार्ड का नाम-माधवराव सप्रे-69

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि माधवराव सप्रे वार्ड स्थित भवन/भूमि RPR869C00789 जो कि निगम अभिलेख में श्रीमती सीता साहू पति राम कुमार साहू के नाम से दर्ज है जिसको श्री तुलाराम चंद्राकर पिता खुमान सिंह में रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

सील

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक- 8
नगर पालिक निगम, रायपुर

**कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**
जोन आयुक्त, कार्यालय जोन क्रं.-08 मोहबा बाजार रायपुर

**ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना**

नामांतरण प्र.क्र. 330/2021-22
वार्ड का नाम-माधवराव सप्रे-69

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि माधवराव सप्रे वार्ड स्थित भवन/भूमि जो कि निगम अभिलेख में श्री सिद्धार्थ दुरबार पिता स्व. श्री किशनलाल शर्मा के नाम से दर्ज है जिसको श्री अनमोल इन्दुरिया पिता भानुप्रताप, सौरभ इन्दुरिया पिता भानुप्रताप में रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

सील

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक- 8
नगर पालिक निगम, रायपुर

**कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**
जोन आयुक्त, कार्यालय जोन क्रं.-08 मोहबा बाजार रायपुर

**ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना**

नामांतरण प्र.क्र. 328/2021-22
वार्ड का नाम- पं. जवाहरलाल नेहरू-02

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पं. जवाहर लाल नेहरू वार्ड स्थित भवन/भूमि HDD-1/269 जो कि निगम अभिलेख में श्री जय कुमार देवांगन/ सुभाष चंद्र के नाम से दर्ज है जिसको श्री बाबूलाल, किशन, अनुज तीनो पिता रामकुमार अग्रवाल में रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

सील

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक- 8
नगर पालिक निगम, रायपुर

**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय मुख्य अभियंता**
**महानदी गोदावरी कछार, रायपुर (छ.ग.)**
**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
**(द्वितीय आमंत्रण)**

सिस्टम निविदा क्र. 87430/निविदा सूचना क्र. 05/वलेलि/2021-22, बालोद दिनांक 26.11.2021
निम्नलिखित कार्यो के लिए दिनांक 13.12.2021 17:30 तक ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती हैः-

**कार्य का नाम** - बालोद जिले के विकासखण्ड डौण्डी की कुंआगोंदी व्यपवर्तन का मुख्य नहर का जीर्णोद्धार एवं नहर लाईनिंग कार्य आर.डी. 0 मी. से 5720 मी., 02 नग सुपर पैसेज, 04 नग व्ही. आर.बी., 03 नग फाल एवं 28 नग आउटलेट का निर्माण कार्य।

**अनुमानित लागत - रू. 222.09 लाख**

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 03.12.2021 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।

**नोट** : निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/ पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, बालोद
कृते मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार,
जल संसाधन विभाग, रायपुर, छ.ग.

जी-65452/3

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे
फोन व फैक्स : 0771-4035602, डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

## न्यूज गैलरी

### प्रभारी मंत्री अमरजीत भगत का दौरा कार्यक्रम

**गरियाबंद।** प्रदेश के खाद्य,नागरिक आपूर्ति एवं संस्कृति मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री अमरजीत भगत आज जिले के दौरे पर रहेंगे।

प्रोटोकॉल से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रभारी मंत्री पूर्वान्ह 11:05 बजे हेलीकॉप्टर द्वारा पुलिस परेड ग्राउंड हेलीपेड रायपुर से प्रस्थान कर दोपहर 01 बजे देवभोग विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम चिचिया पहुंचेंगे। जहां वे नवीन धान खरीदी केन्द्र एवं खाद्य गोदाम का उद्घाटन करेंगे। तत्पश्चात श्री भगत हेलीकॉप्टर से ग्राम चिचिया से प्रस्थान कर अपरान्ह 2.30 बजे मैनपुर विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम सरनाबहाल पहुंचकर नवीन धान खरीदी केन्द्र का उद्घाटन करेंगे। प्रभारी मंत्री भगत कार्यक्रम पश्चात अपरान्ह 3.10 बजे ग्राम सरनाबहाल से रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### नपा अध्यक्ष ने पौनी पसारी बाजार का किया निरीक्षण

**कवर्धा।** पुराना जिला चिकित्सालय के सामने निर्माणाधीन पौनी पसारी बाजार का नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि शर्मा ने निरीक्षण किया। निरीक्षण कर उपस्थित इंजीनियर व ठेकेदार को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। पुराना जिला चिकित्सालय सामने राज्य प्रवर्तित पौनी पसारी योजनांर्तगत लघु बाजार का निर्माण शुरू हो चुका है नगर पालिका अध्यक्ष ने निरीक्षण कर निर्माण दिसंबर तक पूर्ण किये जाने को कहा। उन्होंने ठेकेदार को निर्देशित किया कि गुणवत्ता का ध्यान रखे तथा निर्माण पर पानी प्रतिदिन डाले। ताकि उसकी गुणवत्ता बनी रहे। उपअभियंता को निर्देश दिया कि जल्द निर्माण कार्य पूर्ण कर लोगों को योजनाओं का लाभ दिये जाने को कहा।

### नेशनल वेट लिफ्टिंग में कुमकुम का चयन

**गरियाबंद।** 17वीं नेशनल वेट लिफ्टिंग चैम्पियनशिप में छुरा की बेटी कुमकुम ध्रुव का चयन हुआ है। अब वे 8 जनवरी से 16 जनवरी तक भुवनेश्वर में आयोजित होने वाले चैम्पियनशिप में खेलेंगी। कुमकुम ध्रुव का चयन 40 किलोग्राम युवा वर्ग में हुआ है। इस आशय का पत्र छत्तीसगढ़ प्रदेश वेट लिफ्टिंग ऐशोसिएशन रायपुर से प्राप्त हुआ है। इस उपलब्धि के लिए कलेक्टर निलेश क्षीरसागर ने बधाई देते हुए उन्हें चैम्पियनशिप के लिए शुभकामनाएं दी है। कलेक्टर से मिलने पहुंची कुमकुम ने बताया कि वे जिले से एकमात्र खिलाड़ी है, जिनका चयन नेशनल चैम्पियनशिप में हुआ है। कुमकुम शासकीय कन्या उ.मा.वि. छुरा में कक्षा 10वीं की छात्रा है। ज्ञात है कि धमतरी में आयोजित 19वीं छत्तीसगढ़ प्रदेश वेट लिफ्टिंग चैम्पियनशिप में कुमकुम ने प्रथम स्थान हासिल किया था। इस अवसर पर जनपद सीईओ छुरा एवं डिप्टी कलेक्टर रूचि शर्मा, जनपद अध्यक्ष छुरा तोकेश्वरी मांझी, जनपद सदस्य थानेश्वर कंवर एवं सामाजिक कार्यकर्ता शीतल मौजूद थे।

### सहारा के चार डायरेक्टरों पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**राजनांदगांव।** सहारा इंडिया के चार अन्य ब्रांचों के डायरेक्टरों पर निवेशकों से धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है। इन कंपनियों में निवेशकों ने अपनी मेहनत की कमाई की राशि जमा की है, जिसकी मियाद पूरी होने के बाद भी निवेशकों को जमा राशि नहीं दी जा गई है। इसको लेकर निवेशकों ने पहले ही एजेंटों के साथ नगर पुलिस अधीक्षक गौरव राय को आवेदन देकर शिकायत की थी। जिस पर दोनों पक्षों की बैठक कर मैच्युरिटी पूरी होने पर निवेशकों को राशि लौटाने भी कहा गया था। बावजूद राशि निवेशकों को नहीं दी गई।

### वाहन मालिकों को दी गई नई सुविधा

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ परिवहन विभाग द्वारा वाहन पोर्टल पर वाहन मालिकों के लिए एक नयी सुविधा की शुरुआत की गयी है। इसके तहत अब वाहन मालिक बल्क में अपनी वाहनों के टैक्स का भुगतान कर सकेंगे। परिवहन विभाग द्वारा वाहन पोर्टल पर वाहन मालिकों के लिए शुरू की गई नई सुविधा के तहत अब वाहन स्वामी अपने सभी वाहनों के टैक्स का भुगतान एक साथ कर सकते हैं। इसके पहले वाहन मालिकों को अपने प्रत्येक वाहन के लिए टैक्स का अलग अलग भुगतान करना पड़ता था, जिस कारण उन्हें अधिक समय लगता था, परन्तु अब इस नयी सुविधा से वे अपने सभी वाहनों के टैक्स का भुगतान एक साथ कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें वाहन पोर्टल पर अपना लॉगिन आईडी बनाना होगा। जिसमें वाहन मालिक अपने एक से अधिक वाहनों को जोड़ सकते हैं, और उन सभी के टैक्स का भुगतान कर सकते है। अब इस सुविधा से उनको बार-बार ओटीपी से होने वाली दिक्कतों से छूट मिलेगी। साथ ही उनके समय की भी बचत होगी।

### काव्यांजलि का आयोजन आज

**कवर्धा ।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की पहली मासिक पुण्यतिथि पर बीजेपी 4000 से अधिक स्थान पर काव्यांजलि का कार्यक्रम करेगी । इस कार्यक्रम में अटल जी के द्वारा लिखी गई कविताओं का कवि पठन करेंगे । काव्यांजली में कवियों के द्वारा अटल जी के सबंध में तथा देशभक्ति से प्रेरित कविताओं का वाचन होगा ।

### निधन

**ऋषभ चंद जैन**

**साजा ।** नगर के जैन समाज के प्रतिष्ठ समाजसेवी ऋषभ चंद जैन का कल रविवार शाम को निधन हो गया। वे लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। वे संजय, मिथुन जैन के पिता व कमलेश, राकेश, रोशन, निकेश के चाचा थे। जिनका अंतिम संस्कार आज सोमवार को स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में परिवार, समाज व नगरवासी शामिल हुए।

# न्याय के तीन बछर : बढ़ता कबीरधाम तीन बरस में 30 नए सहकारी समिति और 14 नए धान केन्द्रों की मिली सुविधाएं

- सहकारी समिति 60 से बढ़कर 90 और धान खरीदी केन्द्र 86 से बढ़कर 100 हुए
- किसानों को मिली सुविधाएं, परिवहन लागत कम हुए, किसानों की आय बढ़ी
- धान खरीदी की सुविधा बढ़ने के मामले में कबीरधाम अव्वल

**कवर्धा।** सामान्यतः न्याय उन विशेष नैतिक मूल्यों का नाम है जो स्पष्ट रूप से मानव कल्याण के हित में हो। प्रदेश में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार प्रदेश के किसानों, युवाओ वनवासियों सहित सभी वर्गों के आर्थिक,सामाजिक जीवन में बदलाव लाने के लिए न्याय से जुड़े अनेक योजनाओं को मूर्त रूप दिया जा रहा है। प्रदेश सहित कबीरधाम जिले में भी किसानों को उनके आर्थिक और सामाजिक उत्थान की दिशा में हुए अनेक कार्यां देखा और महसूस किया जा सकता है। किसानों के हित और उनके कल्याण के क्षेत्र में हुए उल्लेखनीय कार्यों में शामिल है कृषि और सहकारिता।

कबीरधाम जिले में कृषि और सहकारिता के क्षेत्र में कबीरधाम जिले में पिछले तीन बछर में किसानों के हित और उनके कल्याण क्षेत्र में अमूलचुक बदलाव आया है। राज्य सरकार की गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ पंच लाईन को साकार करते हुए कबीरधाम जिला प्रगति के पथ पर आगे बढ़ता हुआ नजर आ रहा है।

आगामी एक दिसम्बर से पूरे प्रदेश में एक साथ धान खरीदी की शुरूआत हो रही है। धान खरीदी प्रदेश सरकार की प्राथमिकता वाली सबसे बड़ी योजनाओं में शामिल है। प्रदेश सहित कबीरधाम जिले में धान खरीदी के लिए होने वाले सभी प्राथमिक तैयारियां भी पूरी कर ली गई है। खरीफविपणन वर्ष 2021-22 में जिले के किसानों को पिछले साल की तुलना में इस वर्ष 6 नए धान खरीदी केन्द्रों की सुविधाएं मिलने जा रही है।

राज्य शासन द्वारा कबीरधाम जिले में किसानों के उनकी समस्याओं के निदान करते हुए उनके लिए लगातार सुविधाएं बढ़ाई जा रही है। किसानो को धान बिक्री करने में समस्याएं ना हो इसके लिए पिछले तीन साल में 30 नए प्राथमिक कृषि शाख समितियां बनाई गई है। इन समितियों में 14 नए धान खरीदी केन्द्रों की सुविधाएं बढ़ाई गई। पिछले आकड़ों पर बात करें तो कबीरधाम जिले में वर्ष 2019-20 में महज 60 समितियां थी। धान खरीदी केन्द्रां की संख्या सिर्फ 86 थी। इसके बाद जिले में लगातार किसानों को न्याय मिलना शुरू हुए। वर्ष 2020-21 में सहकारी समितियां 60 से बढ़कर 90 हुई। कुल 30 नए प्राथमिक कृषि शाख समितियां की सुविधाएं मिली। इसी तरह धान खरीदी केन्द्रो की संख्या 86 से बढ़कर 94 हुई। कुल 7 नए धान खरीदी केन्द्र बढे। किसानों का मिलने वाली यह सुविधाएं इस वर्ष 2021-22 में भी जारी रहा। कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर के विशेष प्रयासों से कबीरधाम जिले में 6 नए धान खरीदी केन्द्रां को खोलने के लिए राज्य सरकार ने मंजूरी दे दी है। खरीफविवरण वर्ष 2021-22 में जिले में धान खरीदी केन्द्रों की संख्या 94 से बढ़कर अब पूरे शतक हुए हो गए है।

**कबीरधाम जिले में खरीफविपणन वर्ष 2021-22 में धान खरीदी के लिए 100 धान उपार्जन केन्द्र होंगे**

| | |
|---|---|
| धान ऊपार्जन केन्द्रों की संख्या | 100 |
| कुल पंजीकृत किसानों की संख्या | 114371 |
| कुल पंजीकृत रकबा | 112395 हैक्टेयर, |
| रकबा में बढ़ौतरी का प्रतिशत | 1.95 प्रतिशत |

**प्राथमिक कृषि शाख समिति एवं धान खरीदी केन्द्रों की संख्या वर्षवार**

2019-20 में समिति 60, धान खरीदी केन्द्र 86
2020-21 में समिति 90, धान खरीदी केन्द्र 94
2021-22 में समिति 90, धान खरीदी केन्द्र 100

## कमला देवी कॉलेज में पर्सनालिटी डेव्लमेंट का ऑनलाइन आयोजन

**राजनांदगांव।** शासकीय कमला देवी राठी महिला महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग, भारतीय समाज में अंग्रेजी भाषा एवं साहित्य के उत्थान के लिए बने मंच (आईएसपीईएल) एवं आईक्यूएसी के तत्वावधान में 8 नवंबर से 27 नवंबर 2021 तक वेल्यू ऐडेड कोर्स कैम्पस टू कॉरपोरेट : कम्यूनिकेशन स्किल एंड पर्सनालिटी डबलमेंट आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के समापन समारोह 27 नवंबर 2021 को सम्मानीय प्राचार्या डॉ. श्रीमती सुमन बघेल द्वारा स्वागत उद्बोधन में कहा कि ये कार्यक्रम हमारी छात्राओं के व्यक्तित्व विकास तथा आत्मविश्वास को बढ़ावा देने में सफल रहेगा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कुलपति हेमचंद यादव विश्व विद्यालय, दुर्ग डॉ. अरुणा पल्टा द्वारा इस कार्यक्रम की अनेक उपयोगिताएं बताते हुए कहा कि ये आज के दौर में अति आवश्यक है एवं कोर्स की कार्ययोजना की प्रशंसा की। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्रो. जीए घनश्याम ओएसडी संचनालय उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन रायपुर एवं फांउडर और जनरल सचिव (आईएसपीईएल) इंडिया ने बताया कि सॉफ्ट स्किल जितने ही सॉफ्ट लगते है, सीखने में उतने हि कठिन है और इसके लिए विशेष लगन एवं मेहनत की आवश्यकता है।

इस वेल्यू ऐडेड कोर्स का उद्घाटन 8 नवंबर 2021 को मुख्य अतिथि प्रो. सुशील चंद्र तिवारी अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा विभाग दुर्ग एवं प्राचार्य शासकीय डॉ. वा.वा. पाटंकर महाविद्यालय दुर्ग द्वारा किया गया। अपने उद्घाटन उद्बोधन में उन्होंने कहा कि आज के इस प्रतियोगिता के दौर में इस तरह के वेल्यू ऐडेड कोर्स बहुत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. हरप्रीत कौर गरचा ने कहा कि स्नातक स्तर पर उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं की संख्या दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही हैं, लेकिन उस दर से नौकरी का अनुपात नहीं बढ़ रहा है, इसलिये आज के इस प्रतियोगिता के दौर में सिर्फ डिग्री पर्याप्त नहीं है। कुछ विशेष गुणों जैसे संवाद कौशल, व्यक्तित्व विकास, साफ्ट स्किल एवं अंग्रेजी भाषा का ज्ञान होना अत्यंत आवश्यक है एवं इसके महत्व पर जोर डाला।

कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ के रूप में प्रोफेसर बी. हसन मनोविज्ञान विभाग पं. रविशंकर शुक्ल विश्व विद्यालय रायपुर, डॉ. चंद्रशेखर शर्मा, एसोसिएट प्रोफेसर, अंग्रेजी विभाग इस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी दुर्ग, डॉ. तापस मुखर्जी, सहायक प्राध्यापक, शासकीय महाविद्यालय बोरी, दुर्ग, डॉ. उषा मोहबे (सेवानिवृत्त) विभागाध्यक्ष मनोविज्ञान विभाग शासकीय कमला देवी राठी महिला महाविद्यालय, राजनांदगांव, डॉ. शीला विजय, सहायक प्राध्यापक अंग्रेजी, शासकीय खूबचंद बघेल पीजी महाविद्यालय भिलाई 3, डॉ. रूपल अमीन फरीस्ता आदि ने अंग्रेजी भाषा के महत्व व्याकरण की जानकारी उच्चारण एवं संवाद तथा व्यक्तित्व विकास के विभिन्न पहलू की जानकारी विस्तृत रूप से दी। इस कार्यक्रम के प्रत्येक सत्र में विभिन्न कक्षाओं की छात्राओं ने संचालन किया, जिसमें मुख्य रूप से खादिजा जामिल बीएचएससी द्वितीय वर्ष, दामिनी मनिकपुरी बीए द्वितीय वर्ष, नाफीसा शाहीन बी. एचएससी तृतीय वर्ष गुरुजोत कौर गरचा बीम् कॉम द्वितीय, सुमन सोनी बीए तृतीय वर्ष, कविता कनौजे बी. कॉम प्रथम वर्ष, मुस्कान तिवारी बी. कॉम प्रथम वर्ष एवं आर. प्रीतिका बी. कॉम द्वितीय वर्ष सभी 150 उत्तीर्ण प्रतिभागी छात्राएं एवं सभी विषय विशेषज्ञों तथा संचालकों को आयोजन समिति द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जायेगा।

## ऋण लेकर हितग्राही बेनेंगे आत्मनिर्भर - बंजारे

**बेमेतरा।** जिला प्रशासन व बेमेतरा जिले के लीड बैंक के संयुक्त तत्वाधान मे जिले के समस्त बैंकों द्वारा जिला स्तरीय मेगा लोन मेला कार्यक्रम का आयोजन बेमेतरा शहर के टाउन हॉल में आज को आयोजित किया गया। जिसमें हितग्राहियों को 104 करोड़ रूपये स्वीकृत कर ऋण वितरण की कार्यवाही की गई। मेगा लोन मेला में संसदीय सचिव व विधायक नवगढ़ गुरुदयाल बन्जारे, विधायक बेमेतरा आशीष छाबड़ा, कलेक्टर विलास भोसकर संदीपान, नगर पालिका अध्यक्ष शकुंतला साहू द्वारा हितग्राहियों को ऋण का चेक वितररित किया गया।

संसदीय सचिव बंजारे ने जिला स्तरीय मेगा लोन मेला आयोजन के लिए जिला प्रशासन को बधाई देते हुए कहा कि ऋण लेकर हितग्राही आत्मनिर्भर बनेंगे और अपने समूह को भी मजबूती प्रदान करेंगे। उन्होंने यह भी अपील की है कि ऋण की किश्त समय-समय पर अदा करें, ताकि दोबारा लोन लेने में आसानी हो सके। प्रदेश सरकार ने अपनी घोषणा के अनुरूप चिटफंड कंपनियों से रकम वापसी की प्रक्रिया शुरू कर दी है। संसदीय सचिव ने आम लोगो से अपने मेहनत की गाढ़ी कमाई को चिटफण्ड कंपनियों के बजाय किसी राष्ट्रीयकृत बैंक अथवा पोस्ट ऑफिस में जमा करने का आव्हान किया। विधायक बेमेतरा छाबड़ा ने कहा कि जिला स्तरीय मेगा लोन मेला आयोजित कर 104 करोड़ रूपये का लोन प्रदाय किया जा रहा है। इस लोन मेला के जरिए महिला स्व-सहायता समूह की बहनें शामिल होने बड़ी संख्या में आई है। ऋण लेकर वे अपने समूह को और अधिक मजबूती प्रदान करेंगी। विधायक ने यह भी कहा कि प्रायवेट चिटफंड कंपनियों के झांसे में आकर अधिक ब्याज के लालच में आकर बेमेतरा जिले के भोले भाले लोगों का 418 करोड़ रूपये जमा है। उन्होंने ऐसे चिटफंड कंपनियों के प्रलोभन से दूर रहने की अपील की है।

## कांग्रेस ने निकाली पदयात्रा

**भाटापारा।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार सोमवार को निगम मंडल छ.ग. शासन के सदस्य सतीश अग्रवाल की अगुवाई मे शहर के बजरंग वार्ड, मातादेवालय वार्ड, स्टेशन वार्ड, मेहता नगर, पं. दिनदयाल उपाध्याय वार्डो में केन्द्र सरकार की नाकामियों एवं बढ़ती हुई महंगाई के खिलाफ जगजागरण पदयात्रा निकली। जिसमें सतीश अग्रवाल ने वार्डवासीयों एवं आमजनों को केन्द्र सरकार के सभी नाकाम नितीयों और लगातार बढ़ती महंगाई एवं छ.ग. सरकार के सफलतम 3 वर्षो की योजनाओं को बताया गया।

इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से छग किसान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष रामविलास साहू, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विनोद अग्रवाल, ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अमर मंडावी, नपा अध्यक्ष प्रतिनिधी सुनील गुप्ता, उपाध्यक्ष त्रिलोक सलूजा, जिला पंचायत सदस्य रमेश घृतलहरे , जनजागरण पदयात्रा प्रभारी ईश्वर सिंह ठाकुर महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष गौरी भृगु प्रदेश उपाध्यक्ष समेत अन्य उपस्थित थे।

## किसानों की हितैषी सरकार उपलब्ध कराए बारदाना : कमल

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ राज्य में जब से काग्रेस सरकार राज्य में सरकार का गठन हुआ है और विकास की बात करके छत्तीसगढ़ वासियों को झूठे मायाजाल में फंसाकर राज करने वाले कांग्रेसी सरकार सबसे पहले किसानों के हितेषी सरकार किसानों को सोसाइटी से बारदाना उपलब्ध कराएं, क्योंकि जब से छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार कुर्सी में बैठे हैं तब से किसानों, गरीब वर्गों, मध्य वर्गों व समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की कार्यप्रणाली से नाखुश उदासीनता नजर आ रहे हैं, क्योंकि कांग्रेस सरकार चुनाव में गांव, गरीब, जनता व किसानों के हितेषी जैसे हम बड़े-बड़े बात करके झूठे आश्वासन खोखले वादे को आज छत्तीसगढ़ वासी व किसान पूरी तरह समझ चुके हैं।

भारतीय जनता पार्टी के जिला सोशल मीडिया प्रभारी व सक्रिय युवा नेता कमल सोनी ने ट्विटर में कहा कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कांग्रेस सरकार होश में आओ..किसानों को बनाओ ना बहाना की नहीं है, बरदाना यह राज्य सरकार की जिम्मेदारी है, जिसमें आपको धान का एक-एक दान खरीदना होगा। छत्तीसगढ़ में जब से कांग्रेस सरकार बैठी है, तब से सोसायटियों में भारी अनियमितताएं, असुविधा देखने और सुनने को मिल रहा है, इसलिए किसान अपने मेहनत की कमाई को बेचने के लिए सोसायटियों में लाइन लगाना पड़ रहा है और सरकार पर्याप्त मात्रा में बारदाना उपलब्ध नहीं कराने से सोसायटियों में कार्यरत अधिकारी-कर्मचारी भी सरकार की कार्यप्रणाली से नाखुश है। सरकार की नाकामी खोखले वादे इसे सोसायटी में अधिकारी, कर्मचारी भी किसानों को संतोषजनक जवाब नहीं दे पा रहे हैं।

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, खारंग जल संसाधन संभाग, बिलासपुर (छ.ग.)**

**निविदा निरस्तीकरण आदेश**

आदेश क्रमांक......... ./व.ले.लि/ बिलासपुर, दिनांक

निविदा सूचना क्र. 06/व.ले.लि/ 2021-22 दिनांक 27.09.2021 निविदा सिस्टम क्रं. 83839(तृतीय आमंत्रण) खारंग जलाशय सैंच्य क्षेत्र के विकसित 3150 हेक्ट. (जल उपभोक्ता संथा बिरकोना, खम्हरिया, गुड़ी एवं खमतराई के अन्तर्गत) प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के लक्ष्य के अनुरूप कृषको को एग्रीकल्चर, हार्टीकल्चर, सेरीकल्चर से प्राप्त योजनाओं एवं सुविधाओं से कृषकों का परिचित कराते हुए जागरूकता कार्यक्रमों का क्रियान्वयन किया जाना। राशि रूपये 1026.83 लाख को किसी भी निविदाकार द्वारा भाग नही लेने के कारण निविदा निरस्त किया जाता है।
विज्ञापन क्रं. जी 64025/दिनांक 30.09.2021

जी-65441/7

कार्यपालन अभियंता
खारंग जल संसाधन संभाग,
बिलासपुर (छ.ग.)

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, महासमुन्द (छ.ग.)**
Phone No. 07723-223731, E-mail:eephe-mah-cg@nic.in

**निविदा संशोधित सूचना क्रं 1**

इस कार्यालय का निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 264 (ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम निविदा क्रमांक 86203) जी नं. 64912 को अपरिहार्य कारणों से निम्नानुसार संशोधन किया जाता है।

| | |
|---|---|
| Bid Due Date | 04 December, 2021 17:30:00 PM IST |
| Physical Doc Submission End Date | 09 December, 2021 17:30:00 PM IST |
| Bid Open Date for Envelope “A” & “B” (Scheduled) | 10 December, 2021 10:30:00 AM IST |

निविदा की शेष नियम एवं शर्ते यथावत रहेगी।

जी-65448/3

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
महासमुन्द (छ.ग.)

**AXIS BANK — एक्सिस बैंक लिमिटेड**
संपत्ति बिक्री केंद्र, द्वितीय तल, चावला चैंबर्स, न्यू बस स्टैंड के सामने, जीवन बीमा मार्ग, पंडरी, रायपुर 492 004

**कब्जा नोटिस (अचल संपत्ति के लिए)**

**(परिशिष्ट 4 के अनुसार सुरक्षा हित प्रवर्तन नियम 2002 के नियम 8 (1) के तहत)**

यहां, अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा एक्सिस बैंक लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी होने के नाते वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूमिकरण व पुर्ननिर्माण हित का प्रतिवर्तन अधिनियम 2002 के तहत व धारा 13 (12) जिसमें उक्त अधिनियम के नियम 3 का भाव निहित है के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों का इस्तेमाल करते हुए कर्जदार व गारंटर को नोटिस प्राप्त होने के 60 दिन के भीतर भुगतान करने के लिए आदेशित किया गया था।
लेकिन कर्जदारों व गारंटरों के द्वारा राशि का भुगतान करने में विफल होने के कारण अब कर्जदारों/ गारंटरों व आम जनता को नोटिस दिया जा रहा है कि नीचे उल्लेखित संपत्ति का आधिपत्य अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम के धारा 13 की उप धारा (4) जिसमें प्रतिभूति (प्रवर्तन) हित अधिनियम 2002 के नियम 8 का भाव निहित है।
कर्जदारों/ गारंटरों व आम जनता को आगाह किया जाता है कि निम्न संपत्ति संबंधित कोई डील न करें और संपत्ति को जुड़ी कोई भी डील एक्सिस बैंक लिमिटेड से जुड़ा विषय होगा।
संरक्षित संपत्ति को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय को लेकर कर्जदारों का ध्यान सरफेसी एक्ट 2002 की धारा 13 की उप धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।

| कर्जदारों/ गारंटरों का नाम व पता | अंचल संपत्ति का विवरण (सुरक्षित संपत्ति) | अ) राशि नोटिस तारीख तक ब) डिमांड की तिथि स) कब्जे की तिथि |
|---|---|---|
| 1 **राजेश कुमार शर्मा** पिता समुना प्रसाद शर्मा क्वा. नं. 11 ए स्ट्रीट 6, सेक्टर 2, दीपक बुक डिपो के पास भिलाई, पिन नं. - 490001<br>2 **सुनिता शर्मा** पति राजेश कुमार शर्मा क्वा. नं. 11 ए स्ट्रीट 6, सेक्टर 2, दीपक बुक डिपो के पास भिलाई, पिन नं. - 490001 | **प्लैट नंबर एलआईजी एच/602, छठा तल,** खसरा नं. 252, हाउसिंग बोर्ड कालोनी, दीनदयाल आवासीय परिसर, खम्हरिया, भिलाई, जिला-दुर्ग छ.ग. **सीमाएं :-** उत्तर-एलआईजी एच/601, दक्षिण-सर्विस एरिया, पूर्व-एलआईजी जी/603, पश्चिम-एलआईजी एच/603 | **अ) रु. 6,42,561/-** (छह लाख, बयालिस हजार पांच सौ इकसठ रु. मात्र) ऋण खाता संख्या LPB154702544052 दिनांक 24.04.21 तक अनुबंध की समाप्ति तक देय राशि (यह राशि 24.04.2021 तक ब्याज सहित) और उस पर आगे ब्याज। **ब) 24.04.2021** **स) 26.11.2021** |
| 1 **श्री संजीव कुमार चिंचोलकर (आवेदक)** पिता मनोहर राव चिंचोलकर, क्वा. नं. 545, रोड नं. 57, केन्द्रीय स्कूल के पास, आरटीएस कॉलोनी, बिलासपुर छ.ग. पिन. 495004<br>2 **श्री अनुराग चिंचोलकर (सह आवेदक)** पिता श्री संजीव कुमार चिंचोलकर, क्वा. नं. 545, रोड नं. 57, केन्द्रीय स्कूल के पास, आरटीएस कॉलोनी, बिलासपुर छ.ग. पिन. 495004 | **पूरी तरह से निर्मित अपार्टमेंट का वह सब जो ब्लॉक** ‘एफ’ बेरिंग नं. 610, छठा तल, कुल कारपेट एरिया 403 वर्गफीट, बालकनी एरिया 41 वर्गफीट, (सुपर बिल्डअप एरिया, 588 वर्गफीट) ‘अविनाश केपिटल होम्स-2 अपार्टमेंट’ में सम्मलित वार्ड नं. 26 कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड पीसी नं. 44 रायपुर, तह. एवं जिला रायपुर छ.ग., हाउसिंग बोर्ड रोड से लगभग 50 मीटर की दूरी पर स्थित। **सीमाएँ :-** उत्तर- खुला एरिया, दक्षिण-लॉबी, पूर्व-फ्लैट नं. एफ-612, पश्चिम-खुला एरिया या 200.50 वर्गफीट का एक अविभाजित अनुपाति हिस्सा के भूमि के सभी भाग व खंड, खसरा नं. 158/1, 154/1, 154/2, 154/3, 154/4, 154/5, 162/2, 162/4, 146/1 एवं 146/2 कुल क्षेत्रफल 2.576 हे. ‘अविनाश केपिटल होम्स-2’ में सम्मिलित कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड 26 पीसी नं. 44 रायपुर, तह. व जिला रायपुर छ.ग. में स्थित। **सीमाएँ :-** उत्तर- प्रकाश इंडस्ट्रीज की भूमि, दक्षिण-अन्य भूमि, पूर्व-वर्मा जी की भूमि, पश्चिम-हाउसिंग बोर्ड की भूमि। | **अ) रु. 14,75,157/-** (चौदह लाख पछत्तर हजार एक सौ संतावन रु. मात्र)ऋण खाता संख्या PHR106903779200 दिनांक 16.06.2021 तक अनुबंध की समाप्ति पर देय राशि (यह राशि 16.06.2021 तक ब्याज सहित) और उस पर आगे ब्याज। **ब) 22.06.2021** **स) 26.11.2021** |

दिनांक : 30.11.2021
स्थान : रायपुर

प्राधिकृत अधिकारी
एक्सिस बैंक लिमिटेड

# संस्कार की घुट्टी सिर्फ लड़कियों को न दें...लड़कों को भी वहीं पाठ पढ़ाए

**रायपुर/नवप्रदेश। डॉ. किरणमयी नायक को छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष के रूप में पदभार ग्रहण किए लगभग तीन साल हो चुके हैं। इस दौरान उनके सामने कई चुनौतियां भी आई है तो कई उपलब्धियों का ताज उनके सिर पर रखा गया। महिलाओं के उत्पीड़न से लेकर पुरुष प्रताड़ित संघ के गठन को लेकर 'नवप्रदेश' की सीनियर रिपोर्टर शुभ्रा नंदी ने उनके साथ चर्चा की। प्रस्तुत है चर्चा के प्रमुख अंश....**

**1. प्रश्न: छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष के रूप में आपको कितनी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है?**

**उत्तर:** माना जाए तो बहुत बड़ी चुनौतियां है और नहीं मानों तो सब चीजें आसान तरीके से निपट जाती है। हमने इसे बहुत बड़ी चुनौती के रूप में नहीं सोचा, क्योंकि काम यदि करना शुरू किया जाए तो चुनौतिया स्वमेव ही समाप्त हो जाती है।

**2. प्रश्न: जब आपने कार्यभार संभाला था उस समय और आज की स्थिति में क्या अंतर है?**

**उत्तर:** जब मैं कार्यभार संभाली थी तब आयोग के पास 582 केस पेंडिंग थे। आयोग की सुनवाई नियमित रूप से नहीं हो रही थी, क्योंकि अध्यक्ष नहीं थे, सदस्य भी एक ही बचे थे, ऐसे में सब काम मंत्री ही देख रही थीं। मैंने देखा बड़ी संख्या में पेंडिंग केस है तो केस के ट्रायल को पहले प्रीडॉप किया और उसमें हमने फोकस किया कि आयोग की सुनवाई ज्यादा से ज्यादा हो। उस समय सबसे बड़ी चुनौती तो कोविड महामारी का था, लिहाजा सभी को सुरक्षित रखकर कैसे काम किया जाए, इसके लिए हमने जन सुनवाई पर फोकस किया। इसकी शुरूआत रायपुर से की और सबसे अधिक सुनवाई यही हुई। उसके बाद धीरे-धीरे सभी जिलों में विस्तार किया गया। इसके फायदे यह था कि एक तो हम महिलाओं की समस्याओं को सुनकर उसका हल निकाला जाता था साथ ही कोविड प्रोटोकाल का पालन भी हो जाता था। इसका नतीजा यह रहा कि 31 जनवरी 2021 में हमने एक रिकॉर्ड जनसुनवाइयां कर चुके है। जिसकी चर्चा भी हुई।

**3. प्रश्न: आप महापौर भी रह चुकी हैं, आज आप छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष हैं... किस पद पर ज्यादा चुनौतियां हैं?**

**उत्तर:** हर पद की जिम्मेदारी और चुनौतियां अलग-अलग है। महापौर का मतलब रायपुर का एक क्षेत्र है और रायपुर शहर की जनता। दिसंबर 2009 में जब मैंने महापौर का कार्यभार संभाला था तो यहां लगभग 8-10 लाख का जनसंख्या थी और कार्यभार छोड़ते तक 12-13 लाख की जनसंख्या हो चुकी थी। परंतु आज पूरा छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग मतलब पूरे छत्तीसगढ़ अगर पौने 3 करोड़ की जनसंख्या है तो उसकी आधी आबादी डेढ़ करोड़ से अधिक जो महिलाएं है उनके लिए मैं जिम्मेदार हूं। दोनों क्षेत्र बिल्कुल अलग है। कार्यस्तर अलग-अलग है और दोनों की चुनौतियां भी अलग-अलग।

**4. प्रश्न: राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष के रूप में आप महिलाओं से संबंधित किन चुनौतियों का सबसे अधिक सामना करती हैं?**

**उत्तर:** कोई एक वर्ग को विभाजित नहीं किया जा सकता है। तीन वर्षों की जनसुनवायी में महिलाओं से संबंधित हर प्रकार के प्रकरण हमारे पास आए हैं। महिलाओं की शादी में प्रॉब्लम, दूसरी शादी, तलाक, मेनटेंनस, बच्चों की कस्टडी, हत्या, मारपीट, बलात्कार के अलावा महिला उत्पीड़न के प्रत्येक मामलों पर आयोग का हस्तक्षेप रहता है। मेजर केसेस के रूप में दूसरे विवाह, पत्नी को छोड़ देना, तलाक देना, भरण-पोषण जैसे मामले अधिक रहते हैं।

**5. प्रश्न: आपने किस विषय में पीएचडी की है...**

**उत्तर:** मैंने एलएलएम किया। मास्टर ऑफ लॉ और उसके बाद लॉ में ही पीएचडी की है। मेरा विषय 'दहेज प्रताडऩा से संबंधित कानूनों का आलोचनात्मक अध्ययन, क्योंकि उस समय 498 (ए) के प्रावधान ऐसे थे कि यदि महिला थाने गई तो तुरंत अरेस्ट हो जाते थे, तो इससे फेमली ब्रेकप बहुत हो रहा था...इसलिए इस विषय को मैंने अपने पीएचडी के लिए चुना। 2011 में मैंने पीएचडी आवार्ड मेयर के रूप में ग्रहण किया।

**6. प्रश्न: तो क्या ये माने कि आपकी शिक्षा के मुताबिक आपको पद मिला है?**

**उत्तर:** हां यह हम मान सकते है, क्योंकि वकालत का एक लंबा अनुभव रहा है। निःसंदेह उस अनुभव का लाभ पीड़ित महिलाओं को मिल सके। यह सीएम भूपेश की दूरदर्शिता है। यहीं कारण है कि मेरे एजुकेशन और वकालत का अनुभव का लाभ आज महिलाओं को दे पा रहे हैं।

**7. प्रश्न: महिला उत्पीड़न के मामले में हम छत्तीसगढ़ को अन्य राज्यों की तुलना में किस स्थिति में पाते हैं?**

**उत्तर:** अन्य राज्यों में महिलाओं के ऊपर अपराध होते है तो मुख्यमंत्री तक इनिशेट नहीं लेते है और अपराध दर्ज भी नहीं होते हैं। पर आप छत्तीसगढ़ में देखें तो कोई घटना सुनने में नहीं आ रही है कि कहीं कोई महिला अपराध के बाद थाने में गई हो और एफआईआर दर्ज नहीं हुई हो। मैं दावे के साथ कहती हूं कि अन्य राज्यों के मुकाबले छत्तीसगढ़ में महिलाओं की स्थिति बेहतर है और अगर कोई अपराध हो भी जाए तो पुलिस तत्काल संज्ञान लेती है। और अगर कहीं कुछ आनाकानी या सुनवाई न हो रही है तो वह जिम्मेदारी महिला आयोग स्वयं ले लेती है और स्वयं मोटो केस रजिस्टर करते हैं।

**8. प्रश्न: पढ़ी-लिखी महिलाएं भी उत्पीड़न की शिकार हो रही है...सुनवाई के दौरान महिलाओं को कानून के बारे में कितना ज्ञान है या उनमें जागरूकता देखी जाती है?**

**उत्तर:** कानून की जानकारी तो ऐसा प्रावधान है कि हमारे भारत में जो भी कानून बनते हैं, या माना जाता है कि जिस दिन कानून बनता है, प्रत्येक व्यक्ति को जानकारी हो जाती है। उससे उनका मतलब हो या न हो लेकिन वे जानते जरूर हैं। कानून की जानकार कितना वे है, इससे अधिक इंपोर्टेंट पीड़ित महिला की परिस्थितियों में उसके प्रताड़ना की स्थिति में... वह उस कानून का यूज करने के लिए केपेबल है या नहीं है... बहुत सारी चीजों पर डिपेंड करता है। जैसे उसकी सामाजिक, आर्थिक, शैक्षेणिक स्थिति, उसके रहन-सहन, संस्कार और उसके आसपास का परिवेश... बहुत सारी चीजे काऊंट होती है। कुछ हमारे सामाजिक परंपराएं है, जिसकी वजह से महिलाएं सारी चीजों को सहती और बर्दाश्त करती हैं। ये चीजे अमूमन देखा ही जाता है। कानून का नॉलेज हो जाने से उसका सही उपयोग करना नहीं आता और जब वे उपयोग करने के लिए निकलती है तो पुलिस थाने, कोर्ट जाती है और अब आयोग के पास आती है।

**9. प्रश्न: आयोग किस तरह के सुनवाई पर फोकस करती है...क्या सिर्फ महिलाओं की सुनवायी होती है या पुरुष भी कर सकते हैं?**

**उत्तर:** महिला आयोग में आवेदन हम महिलाओं का ले सकते है परंतु कभी कोई महिला यदि आवेदन नहीं करती है, तो पुरुष भी उसका आवेदन कर सकते हैं। हालांकि पुरुषों का आवेदन नहीं लेते है, लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि हम सुनवायी नहीं करते। क्योंकि जब कोई महिला आवेदन करती है, तो सामने वाला पक्ष पुरुष होता है। 90 फीसदी केस में विपक्ष पुरुषों ही होता है। बहुत कम ऐसे मुद्दे आए है जिसमें महिला ही महिलाओं के खिलाफ आवेदन की हो। ऐसे में जहां पर पुरुष होते हैं, तो वहां पर भी हम पुरुषों को बराबर अवसर देते है, उनकी बातों को समानता से सुनते है और हल निकालते है। आयोग की कोशिश होती है कि दोनों पक्षों की बातों को सुनकर समझाइश दिया जाए। और यदि समझाइश के बाद मानने को तैयार नहीं होते है तो आगे पुलिस को मामला सौंपते है।

**10. प्रश्न: क्या आपके पास पुरुष प्रताड़ना की कोई शिकायत अब तक आई है?**

**उत्तर** : जब मैं आयोग की अध्यक्ष बनी तो पुरूष के आवेदन मुझे बहुत मिलने लगे थे। पर हमारी महिला आयोग के प्रावधान में नहीं है कि हम पुरुषों का आवेदन लें, इसलिए उन्हें कई बार मुझे बोलना पड़ा। तब पुरुषों ने कहा कि मेडम हमारे लिए एक पुरुष आयोग गठन करवा दीजिए.. तब मुझे उन्हें बोलना पड़ा कि इसके लिए आपको मुख्यमंत्री से बात करनी पड़ेगी। पर अब यह है कि उन लोगों में विश्वास है कि महिला आयोग पुरुषों के साथ कोई अन्याय या अत्याचार न करते है और न होने देते है।

**11. प्रश्न: ...तो क्या पुरुष प्रताड़ित नहीं होते?**

**उत्तर:** मैं यह नहीं कहती कि पुरुष प्रताड़ित नहीं होती है, सिर्फ महिलाएं ही होती है, लेकिन यह मेरा विषय नहीं है। मेरा रिसर्च बिल्कुल विपरित है।

**12. प्रश्न: कई बार महिलाएं अपने अधिकारों का गलत इस्तेमाल करती है, इससे किस तरह सुलझाते है?**

**उत्तर:** यहां पर भी हम अगर देखते है कि कोई महिला अनावश्यक व झूठा केस लगाती है तो हम उस केसेज को खारिज कर देते हैं। इसके अलावा बहुत केसेस है जहां अधिकारों का दुरुपयोग करते है, परंतु हम ये क्यों कहे कि महिलाएं कानून का मिसयूज करती है। कोई भी महिला अपना घर-परिवार तोड़ना नहीं चाहती है। हर महिला चाहती है कि उसका घर आबाद रहे।

**13. प्रश्न: महिलाओं के खिलाफ अपराध पहले के मुकाबले बढ़े हैं, इसके लिए जिम्मेदार कौन है?**

**उत्तर:** यह बहुत बड़ा टेक्निकल प्रश्न है। वजह यह है कि बचपन में मां सिखाती है कि लड़कियां घर का काम करें और लड़के को बाहर आवारागर्दी पर रोक नहीं होती है। आज भी पढ़ी लिखी लड़कियों पर पांबधियां है, शाम 5 बजे तक घर आ जाओ लेकिन 14-15 साल का लड़का रात 11 बजे तक घर नहीं आए तो माता-पिता को लगता है लड़का है, उसे सब छूट है। लड़कों पर रोक-टोक लगाने वाले पेरेंट्स बहुत कम है। जब परवरिश में भेदभाव होता है तो अपराध की शुरुवात होने का ग्राउंड वहां से बननी शुरू हो जाती है। इसके लिए जिम्मेदार एक महिलाएं ही रहती है। देखिए जब कोई विवाहिता अपने ससुराल के खिलाफ शिकायत करती है तो वे सिर्फ अपने पति के खिलाफ नहीं आती बल्कि उसके साथ सास, ननद, भाभी, देवरानी-जेठानी होती है। तो हमको सभी को देखना पड़ता है। सभी को सुनवायी का मौका देते है। ऐसे में कई मामले आते है जो गलत मामले भी लगाती है, जिसे नस्तिबद किए जाते।

**14. प्रश्न: आज भी कई महिलाओं को अपने पति से पीटना अच्छा लगता है...इस पर क्या बोलना चाहेंगी?**

**उत्तर** : आज मैं एक रिपोर्ट में पढ़ी कि 30 फीसदी महिलाओं को पुरुषों से पीटना अच्छा लगता है। मुझे ये देखकर बहुत दुख हुआ। लेकिन साथ ही 70 फीसदी महिलाएं इसे गलत मानती हैं। इस सोच को हमें बदलना होगा। बचपन में पेरेंट्स की घुट्टी में जो संस्कार देते है कि अबला नारी तेरी यही कहानी ... इस लाइन को परवरिश में बदलाव करने की जरूरत है। संस्कार की घुट्टी सिर्फ लड़कियों के लिए नहीं होना चाहिए बल्कि लड़कों के लिए भी वहीं पाठ होना चाहिए, तब महिलाओं पर अपराध कम हो सकते हैं।

**16. प्रश्न: महिलाओं के अपराध को रोकने के लिए समाज की क्या जिम्मेदारी है?**

**उत्तर:** समाज में आमूलचूल परिवर्तन सोच में आना चाहिए। बेटी को पढ़ाओ और बेटी को बचाओ पॉसिबल नहीं है, क्योंकि बेटी को पढ़ा तो रहे हैं, लेकिन संस्कार रूपी घुट्टी में वहीं अबला नारी बना रहे हैं। उसे बाहर लड़ने की शिक्षा हम नहीं दे रहे। अपने आप को बचाने की शिक्षा नहीं दे रहे। और उसके बाद पढ़ लिख गई बेटी तो फिर एक रिश्ता ढूढ़ कर शादी करवा दो और अपनी बला टाल दो। इस सोच से निकलना होगा।

**17. प्रश्न: आपने जैसा कहा कि- संस्कार की घुट्टी... क्या इस तरह की सोच शहरी क्षेत्रों के लोगों में है या सिर्फ ग्रामीणों में देखे गए?**

**उत्तर:** गांव-शहर दोनों जगह इस तरह की सोच दिखते है। बल्कि कई बार तो गांव के लोग ज्यादा प्रगतिवादी होते है, क्योंकि उनका मानना होता है कि हम कम पढ़े लिखे है इसलिए कोई गलतियां न हो।

## अंबेडकर भवन में संविधान दिवस मनाया गया

**दुर्ग।** वार्ड क्रमांक 18 शक्ति नगर दुर्ग, अंबेडकर भवन में संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर आरके मेश्राम ने संविधान दिवस के विषय में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संविधान निर्माण सभा का गठन 1946 में किया गया था। संविधान निर्माण सभा के कुल 299 सदस्य थे। संविधान निर्माण समिति के 7 सदस्य थे जिसके अध्यक्ष डॉ भीमराव अंबेडकर थे जिन्होंने 2 वर्ष 11 माह 18 दिन में संविधान तैयार किया एवं 26 नवंबर 1949 को भारत शासन को समर्पित किया जिसे 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया। इस अवसर पर राकेश ठाकुर, विजेश बर्वे, वैभव कामड़े, दीपक मेश्राम एवं अन्य उपस्थित थे ।

## 5 राजस्व निरीक्षकों का तबादला

**गरियाबंद।** कलेक्टर निलेश क्षीरसागर द्वारा जिले के पांच राजस्व निरीक्षकों का प्रशासनिक दृष्टिकोण से शासकीय कार्यो के सुचारू संपादन हेतु नवीन पदस्थापना की गई है। जारी आदेश अनुसार राजस्व निरीक्षक मंडल बिन्द्रानवागढ़ में पदस्थ राजस्व निरीक्षक गोवर्धन सिंह ठाकुर को गरियाबंद तहसील में पदस्थ किया गया है। इसी तरह गरियाबंद तहसील के आरआई पुनीत राम यदु को बिन्द्रानवागढ़, राजिम के चन्द्रप्रकाश सोनी को छुरा, छुरा के बलदाऊ प्रसाद साहू को राजिम एवं भू-अभिलेख शाखा गरियाबंद में पदस्थ धनराज लांझेकर को राजस्व निरीक्षक मंडल देवभोग पदस्थ किया गया है।

### राजस्व निरीक्षक तुलसिंह नेताम निलंबित

देवभोग तहसील अंतर्गत राजस्व निरीक्षक तुलसिंह नेताम को शासकीय कार्यो एवं कर्तव्यों की उपेक्षा करने के कारण कलेक्टर निलेश क्षीरसागर द्वारा निलंबित कर दिया गया है। जारी आदेश के अनुसार तुलसिंह नेताम को शराब के नशे में पाये जाने की पुष्टी सीएचसी देवभोग द्वारा भी किया गया है। फलस्वरूप छत्तीसगढ़ सिविल सेवा नियम 1966 के नियम 9 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में नेताम का मुख्यालय कलेक्टर भू-अभिलेख शाखा नियत किया गया है तथा इन्हे नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

## नगरीय निकाय निर्वाचन 2021
## स्थानांतरण-भारमुक्ति पर लगा प्रतिबंध

**रायपुर।** नगरीय निकाय निर्वाचन 2021 की अधिसूचना 27 नवम्बर शनिवार के प्रातः 10.30 बजे से लागू कर दी गई है। अधिसूचना के उपरांत किसी भी प्रकार के स्थानांतरण अथवा पूर्व में हुए स्थानांतरण के पश्चात भारमुक्ति को निर्वाचन प्रक्रिया की समाप्ति तक प्रतिबंधित कर दिया गया है। मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने आज शासन के समस्त विभागों को पत्र लिखकर इसका पालन करने के निर्देश दिए हैं। पत्र में कहा गया है कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकायों एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन के घोषणा के साथ ही संबंधित क्षेत्रों में आदर्श आचरण संहिता लागू हो गयी है। यह आदर्श आचरण संहिता निर्वाचन परिणामों की घोषणा तिथि तक लागू रहेगी। अतः शासन के समस्त विभाग एवं संबंधित क्षेत्रों में कार्य कर रहे शासकीय कर्मी आदर्श आचरण संहिता के अनुरूप ही कार्य करेंगे। पत्र में आगे कहा गया है कि यदि आदर्श आचरण संहिता के दौरान किसी भी विषय पर तत्काल निर्णय लेना आवश्यक हो तो राज्य निर्वाचन आयोग से परामर्श पश्चात ही निर्णय लिया जाएगा।

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकायों के निर्वाचन 2021 के लिए जारी कार्यक्रम के अनुसार प्रदेश के 15 नगरीय निकायों नगर पंचायत भैरमगढ़-भोपालपटट्नम-नरहरपुर-मारो-प्रेमनगर-कोंटा, नगर निगम बिरगांव-भिलाई-भिलाई चरौदा-रिसाली, नगर पालिका परिषद जामुल-खैरागढ़- बैकुण्ठपुर-शिवपुरचरचा-सारंगढ़ में आम निर्वाचन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसी तरह नगर पालिका उप निर्वाचन 2021 के लिए 13 नगरीय क्षेत्रों नगर पंचायत देवकर-बसना-कुरूद-मगरलोड-उतई, नगर पालिका परिषद थानखम्हरिया-बेमेतरा-गोबरा नवापारा-कोण्डगांव-बड़े बचेली, नगर निगम राजनांदगांव-बिलासपुर और रायगढ़ में उप निर्वाचन की प्रक्रिया सम्पन्न करायी जाएगी।

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार 27 नवम्बर को संबंधित नगरीय निकायों में निर्वाचन सूचना का प्रकाशन, सीटों के आरक्षण की सूचना का प्रकाशन और मतदान केन्द्रों के सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। नाम-निर्देशन पत्र 27 नवम्बर से तीन दिसम्बर के दोपहर तीन बजे तक जमा किए जा सकेंगे। नाम-निर्देशन पत्रों के जांच का कार्य चार दिसम्बर को किया जाएगा और नाम वापसी की आखिरी तिथि छह दिसम्बर दोपहर तीन बजे तक निर्धारित की गई है।

## शहर में बढ़ती चोरियों ने पुलिस की उड़ाई नींद

**भाटापारा।** शहर के विभिन्न वार्डो में पिछले कुछ माह से लगातार हो रही चोरियों ने पुलिस की नींद उड़ा दी है। पुलिस सभी मामलों में अपराध पंजीबद्ध कर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर चोरों की तलाश में जुट गई है।

शहर के संजय वार्ड में गत माह की 23 अक्टूबर को हुई चोरी के आरोपी अभी पुलिस पकड़ में आये ही नही है और बीते दिनों बजरंग वार्ड के एक मकान से चोरों ने 22 हजार नकद सहित 30 चांदी के सिक्के कुछ सोने के समान चोरी कर लिए जिसकी कुल कीमत 71 हजार के आसपास बताई गई है। इसी प्रकार गुरूनानक वार्ड के एक मकान में भी अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है जहां से कुल लगभग 90 हजार के सामान और नकदी को चोरों ने पार कर दिया है इस मामले में भी प्रार्थी ने शहर थाने में अपराध दर्ज कराया है इसके अतिरिक्त चोरों ने कृषि विभाग के कार्यालय का ताला तोड़कर चोरी कर ली यहां से चोरों ने एचडीएफसी बैंक की एक पासबुक चेक बुक सहित कंप्यूटर सेट को चुरा लिया है इस मामले में भी कृषि विस्तार अधिकारी बीएन वर्मा ने शहर थाने में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है ।